# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 13 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 159, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स 1695 अंक चढ़ा

वैश्विक बाजारों में तेजी व कच्चे तेल की कीमतें गिरने से सेंसेक्स 1,695 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज की गई। } 10

## अमरनाथ यात्रा के दौरान अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें एजेंसियां

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अमरनाथ यात्रा मार्ग और पर्यटन स्थलों पर शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को मिलकर एक बहु-स्तरीय और अभेद्य सुरक्षा घेरा बनाना चाहिए। } 12



### संक्षेप

## एलन मस्क बने दुनिया के पहले 'ट्रिलियनेयर'



नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क अब सिर्फ एक अरबपति नहीं रहे, बल्कि उन्होंने संपत्ति के मामले में एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है जो अब तक किसी भी व्यक्ति ने नहीं किया था। रॉकेट और सैटेलाइट कंपनी स्पेसएक्स के रिकॉर्ड ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मशहूर निशानेबाज व कोच जसपाल राणा का निधन



नयी दिल्ली। भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक और मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले जसपाल राणा का दिल से संबंधित बीमारी के कारण शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। राणा के परिवार में उनकी पत्नी रीना राणा, बेटी देवांशी, बेटा युवराज, पिता नारायण सिंह राणा और उनकी बहन सुषमा सिंह और छोटा भाई सुभाष राणा शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव के अनुसार राणा ने देर रात को दिल्ली के मैक्स सुपर स्पेश्यलिटी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मैक्स के समूह चेयरमैन डॉक्टर बलबीर सिंह ने कहा कि राणा को एक जून को नाजुक हालत में अस्पताल लाया गया था।

(विस्तृत खबर भीतर)

## लखनऊ-दिल्ली उड़ान में बम की धमकी

लखनऊ। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान बम की धमकी मिलने के कारण शुक्रवार को छह घंटे से अधिक की देरी से रवाना हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से इस उड़ान को पूर्वाह्न 10 बजकर 45 मिनट पर करीब 180 यात्रियों को लेकर दिल्ली के लिए रवाना होना था, लेकिन यह अंततः शाम चार बजकर 15 मिनट पर उड़ान भर सकी और लगभग एक घंटे बाद राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। सूत्रों के अनुसार, विमान में बम होने की सूचना मिलने के बाद उड़ान में विलंब हुआ। उड़ान के प्रस्थान से कुछ समय पहले चालक दल को संभावित सुरक्षा खतरे की जानकारी मिली, जिसके बाद विमान को एप्रन पर रोक दिया गया और सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- सड़क निर्माण कार्य में कोताही स्वीकार नहीं (पृष्ठ-02)
- छात्रवृत्ति योजना से लाखों छात्रों को मिला सहारा (पृष्ठ-02)
- रुपया 77 पैसे की बढ़त के साथ 95.08 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- देश का विदेशी मुद्रा 681.61 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति बढ़ी (पृष्ठ-10)


## नीट परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### केन्द्र सरकार ने जारी की चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि 21 जून को दोबारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में गड़बड़ी करने या व्यवधान डालने या इसकी शुचिता से खिलवाड़ करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानून की पूरी सख्ती से कार्वाई की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह के साथ हुई एक बैठक में कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन ने यह बात कही। बैठक में सोमनाथन ने सभी चिकित्सा संस्थानों के स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट-यूजी से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की।




बैठक के दौरान सोमनाथन ने सभी संबंधित हितधारकों के बीच घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि दोबारा हो ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारतीय जहाजों पर ईरान का हमला बर्दाश्त नहीं : ट्रंप

### ईरान ने मीडिया में जो शर्तें लीक की हैं, उनका लिखित समझौते से कोई लेना-देना नहीं

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने ईरान के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने मीडिया में जो शर्तें लीक की हैं, उनका लिखित समझौते से कोई लेना-देना नहीं है। ट्रंप के मुताबिक ईरान का यह बयान सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने ईरान को बेहद गैर-भरोसेमंद देश बताया है। ट्रंप ने साफ कहा कि ईरान के साथ ईमानदारी से बात करना मुमकिन ही नहीं है।

डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के दावों पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मीडिया में जो बातें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह झूठ हैं। लिखित में जो तय हुआ था, ईरान की बातें उसके बिल्कुल उलट हैं। ट्रंप ने ईरान के समझौते वाले बयान को बेहद कमजोर और दयनीय बताया है। उन्होंने कहा कि ईरान के बयानों का सच से कोई वास्ता नहीं है। ट्रंप ने ईरान के साथ किसी भी सौदे को बेहद मुश्किल काम बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को हैरान करने वाला कहा है। ट्रंप ने ईरान की एक और बड़ी हरकत का खुलासा किया है। बीती रात ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से निकल रहे भारतीय जहाजों पर ड्रोन से हमला किया था। हालांकि, इस ड्रोन



हमले को पूरी तरह से नाकाम कर दिया गया। ट्रंप ने ईरान की इस सैन्य कार्रवाई पर सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भारतीय जहाजों पर यह ड्रोन हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। अमेरिका इस तरह की किसी भी हरकत को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए शुरूआती समझौता हो गया है। अमेरिका ने ईरान पर हमले भी रोक दिए हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच जल्दी ही समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी इस पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच अंतरिम डील इस हफ्ते के आखिर में हो सकती है। दोनों पक्षों में कथित तौर पर समझौता ज्ञापन पर सहमत हो गए हैं। इस समझौते में लेबनान में सीजफायर को भी रखा गया है। वहीं होर्मुज को पूरी तरह खोलने और ईरान की ओर से परमाणु बम ना बनाने का वादा भी इसमें है।

वहीं दूसरी ओर ईरान ने वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी हमलों की आलोचना की और कहा कि इस तरह की कार्वाइयां वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इन हमलों में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई थी। इस सप्ताह ओमान के तट के निकट भारतीय चालक दल वाले तीन जहाजों पर हमले हुए। इनमें से एक हमले में बुधवार को तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने शोक संतप्त परिवारों और भारत सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम हमले में मारे गए भारतीय नाविकों के परिवारों और मित्रों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया।

# मोदी के शासन में बदला भारत का स्वरूप

### गरीब, महिला, युवा और किसान के हितों को ध्यान में रखकर हुआ अभूतपूर्व विकास : योगी




विशेष संवाददाता

लखनऊ। सेवा, सुशासन और समर्पण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में मीडिया संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी शक्ति, सामर्थ्य और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने लोकभवन में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 जून को एनडीए की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पूरे देश और दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ग्रीन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक सेवा से जुड़ेगा हर शहर व गांव



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ग्रीन मोबिलिटी व सस्टेनेबल डेवलपमेंट का विजन दिया है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार आने वाले समय में हर शहर-गांव को पेट्रोल-डीजल मुक्त ग्रीन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक सेवा से जोड़ेगी। हर व्यक्ति को बेहतर, आरामदायक व पर्यावरण अनुकूल परिवहन सेवा मिलने पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश में परिवहन विभाग का बेड़ा बड़ा हो रहा है, उनके कार्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उच्चतम न्यायालय ने खारिज की मीनाक्षी नटराजन की याचिका

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन पत्र खारिज किए जाने को चुनौती दी गई थी। हालांकि, न्यायालय ने उन्हें चुनाव याचिका के माध्यम से इस मामले को उठाने की छूट प्रदान कर दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदूरकर की पीठ ने नटराजन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उनका नामांकन खारिज करने में हुईं प्रत्यक्ष और स्पष्ट गलतियों को ठीक करने के लिए अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल किया जा सकता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान अनुच्छेद 32 के तहत इस न्यायालय या अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय के अधिकारक्षेत्र का इस्तेमाल करने की कोशिश की गई है, तो अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 329(बी) में दिए गए संवैधानिक प्रावधान के कारण बार-बार दखल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## डीजल की जमाखोरी पर सरकार सख्त

### प्रति वाहन एक दिन में 200 लीटर ही मिलेगा डीजल

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने वैश्विक आपूर्ति में बाधा के बीच स्थानीय स्तर पर कमी रोकने के लिए एक वाहन को प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर डीजल देने की सीमा तय कर दी है। साथ ही औद्योगिक, वाणिज्यिक व संस्थागत उपभोक्ताओं के पेट्रोल पंप से पेट्रोल-डीजल खरीदने पर रोक लगा दी है। आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

खुदरा बिक्री केंद्र डीजल केवल वाहन के टैंक में या पीईएसओ-स्वीकृत कंटेनर में ही बेच सकते हैं और प्रति ग्राहक या वाहन प्रतिदिन 200 लीटर से अधिक बिक्री नहीं कर सकते। साथ ही, औद्योगिक, वाणिज्यिक और संस्थागत उपभोक्ताओं को अब खुदरा




बिक्री केंद्रों से पेट्रोल या डीजल खरीदने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें अपनी आवश्यकता के लिए ईंधन उनके लिए निर्धारित अपने उपभोक्ता पंप से ही लेना होगा। यह प्रतिबंध अधिकतम 90 दिन तक लागू रहेगा जिसे कुछ क्षेत्रों में विशेष रूप से डीजल की असामान्य मांग में वृद्धि के बाद लगाया गया है। थोक उपभोक्ताओं ने मूल्य अंतर के कारण पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदना शुरू कर दिया था। दिल्ली में जहां पेट्रोल पंप पर डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर है, वहीं थोक बिक्री के लिए यह 134.50 रुपये प्रति लीटर है। यह अंतर इसलिए उत्पन्न हुआ क्योंकि सरकारी तेल कंपनियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आगरा : हिरासत में महिला की पिटाई, चार पुलिसकर्मियों पर केस

आगरा। सिकंदरा थाने में हिरासत के दौरान एक महिला की कथित तौर पर पिटाई करने के मामले में चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता सीमा सिकरवार ने अदालत में दायर याचिका में आरोप लगाया कि चार जून को एक पुराने मामले में गिरफ्तारी के बाद सिकंदरा थाने में हिरासत के दौरान उन्हें पीटा गया।

सीमा के वकील डॉ. अजीत सिंह के अनुसार, उनकी मुवक्किल को पांच जून को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में पेश किया गया था, जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों पर पिटाई करने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद अदालत के निर्देश पर कराई गई ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सैन्य गौरव समारोह की साक्षी बनेंगी राष्ट्रपति

### आईएमए परेड को लेकर देहरादून में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी की ऐतिहासिक पासिंग आउट परेड में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को देहरादून पहुंचीं। उत्तराखंड की राजधानी में उनके आगमन को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सक्रिय नजर आईं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने राष्ट्रपति की अगवानी की। इस दौरान राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

एयरपोर्ट से राष्ट्रपति का काफिला कड़े सुरक्षा घेरे में राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन पहुंचा। यात्रा मार्ग पर



सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा, जबकि सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

प्रत्येक हाइड्रोजन बस में होंगी 42 सीटें, एक बार में 750 किमी. की यात्रा, प्रतिदिन 2080 किलोग्राम ऑक्सीजन का होगा उत्पादन

# उत्तर प्रदेश की सड़कों पर दौड़ेंगी हाइड्रोजन बसें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बसों के साथ 3 हाइड्रोजन बसों को भी हरी झंडी दिखाई। यह पहल प्रदेश को हरित परिवहन की दिशा में आगे ले जाएगी। इससे प्रतिदिन 2080 किलोग्राम ऑक्सीजन का उत्पादन होगा।

एनटीपीसी दादरी की ओर से विकसित ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी परियोजना के तहत इन बसों का निर्माण किया गया है। ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। डीजल व पेट्रोल आधारित वाहनों की तुलना में हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसें पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल हैं। इन बसों से उत्सर्जन के रूप में केवल पानी निकलता है, जिससे वायु प्रदूषण की समस्या नहीं होती। यही




कारण है कि दुनिया के विकसित देश भी हाइड्रोजन आधारित परिवहन को बढ़ावा दे रहे हैं और अब उत्तर प्रदेश भी इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाता दिखाई देगा। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के जल का उपयोग किया जा रहा है। इससे प्राकृतिक जल संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा। साथ ही प्रतिदिन 2080 किलोग्राम ऑक्सीजन का उत्पादन होगा, जो लगभग 1750 पेड़ लगाने के बराबर है। इसके अलावा इस परियोजना से प्रति वर्ष करीब 1000 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है। 42 यात्रियों की क्षमता वाली प्रत्येक बस में एक बार में 56 किलोग्राम हाइड्रोजन भरी जा सकेगी, जिससे लगभग 750 किलोमीटर तक की यात्रा संभव होगी। ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी परियोजना स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह परियोजना न केवल प्रदूषण कम करेगी, बल्कि भविष्य के हरित परिवहन मॉडल का भी मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फ्लैग आफ कार्यक्रम के बाद कहा कि आज से यमुना अथॉरिटी में तीन अन्य हाइड्रोजन बसें भी संचालित करने जा रहे हैं। यीडा को ये बसें एनटीपीसी ने उपलब्ध कराई हैं। इनमें ग्राउंड या सरफेस वाटर नहीं, बल्कि सीवर वाटर का इस्तेमाल कर हाइड्रोजन का निर्माण होगा। ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी अभिनव अवधारणा बन चुकी है। इन बसों का ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उन्नाव : गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण दुर्घटना, चार की मौत

जिला संवाददाता

उन्नाव (उप्र)। उन्नाव जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

खड़े ट्रक में बेकाबू होकर घुसी कार

पुलिस के अनुसार, यह हादसा आसीवन थाना क्षेत्र में हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे के किनारे खड़ा किया गया था। पुलिस के मुताबिक, पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। जिला अस्पताल के आपात चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक विश्वकर्मा ने बताया कि दो गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल लाया गया था, लेकिन जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास मिले पहचान पत्रों के आधार पर मृतकों की शिनाख्त अनुपम गुप्ता (32) और उदय सिंह (26) के रूप में हुई है।

# सड़कों के निर्माण कार्य में कोताही स्वीकार नहीं

## सड़क निर्माण में समय और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें अभियंता

विशेष संवाददाता (vol)



**वाराणसी/ लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों एवं विभागीय अभियंताओं के साथ वाराणसी मंडल में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने युद्धस्तर पर अभियान चलाकर इन कार्यों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समय से कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।

सीएम ने विशेष रूप से बरसात से पहले पूर्ण होने वाली परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। मुख्यमंत्री को बताया गया कि वाराणसी परिक्षेत्र में 7175 करोड़ की 2630 परियोजनाएं चालू हैं, जिसमें से 687 कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं, 542 कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं। इसी प्रकार वाराणसी जिले में 3223 करोड़ रुपए के 421 कार्य गतिमान हैं, जिसमें 85 कार्य शत प्रतिशत पूर्ण तथा 158 कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी के गत वर्ष के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना तत्काल उपलब्ध कराएं।

कार्य योजना तैयार करते समय धनराशि स्वीकृत हो एवं टेंडर प्रक्रिया भी साथ में हो, कोई वेटिंग नहीं होनी चाहिए। कार्यों में गति लाये जाने हेतु कमिश्नर एवं जिलाधिकारी अपने-अपने स्तर पर बैठक कर समीक्षा करें, ताकि निर्माण कार्यों में हर हालत में प्रगति सुनिश्चित हो सके। सीएम ने कहा कि जिन सड़कों की मरम्मत कराई जानी हो, उनका पहले सर्वे अवश्य करा लिया जाए। नगर निगम नगरीय क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को अवश्य शामिल किया जाए। सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करके ही कार्य शुरू कराएं, ताकि हर हालत में कार्य समय से पूर्ण हों और आमजन को सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान चंदौली में बनने वाले इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं ने बताया कि 18 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुए हर हालत में समय से कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वाराणसी में लोक निर्माण विभाग की ओर से बनने वाले यूनिटी मॉल के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल चौकाघाट में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यहां कृषि, उद्यान, समाज कल्याण, पर्यटन, पंचायती राज, मत्स्य, एपीडा, खादी व ग्रामोद्योग समेत अनेक विभागों ने उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई। इस आयोजन में 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) योजना के तहत बनारसी लस्सी, तिरंगा बर्फी, लौंगलता व पान आदि को भी प्रदर्शित किया गया।

विशेष चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। सीएम योगी ने यहां जनकल्याण शिविर, स्ट्रीट वेंडर तथा कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने ओडीओसी के अंतर्गत फूड कार्ट का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट व आमजन में मिष्ठान वितरित किया। सीएम योगी ने यहां स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे लोगों से भी संवाद किया।

## देश के सबसे बड़े विज्ञान आंदोलन का राष्ट्रीय अधिवेशन आज और कल

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और वैदिक विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विज्ञान भारती के 7वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में 13 जून की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह सत्र विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं राष्ट्रीय विकास से संबंधित विचार-विमर्श की दिशा निर्धारित करेगा। भारत के सबसे बड़े विज्ञान आंदोलन विज्ञान भारती का 7 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 13 एवं 14 जून को काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश-विदेश से लगभग 1200 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इनमें विज्ञान भारती के सदस्य, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शिक्षाविद, नीति-निमार्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विज्ञान भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. शेखर सी. मांडे भी उद्घाटन सत्र में सहभागिता करेंगे। अधिवेशन में देश के प्रमुख संस्थानों एवं सरकारी संगठनों से जुड़े प्रतिष्ठित वक्ता एवं विचारक अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। वन हेल्थ विषयक सत्र का नेतृत्व राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष डॉ. बी. एन. गंगाधर करेंगे, जिसमें शिक्षण, स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थानों से जुड़े विशिष्ट विशेषज्ञ भाग लेंगे। विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा ने जानकारी दी कि इस अधिवेशन का उद्देश्य समसामयिक वैज्ञानिक एवं सामाजिक चुनौतियों पर सार्थक विमर्श करते हुए वैज्ञानिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए एक कार्ययोजना तैयार करना है।

## छात्रवृत्ति योजना से लाखों छात्रों को मिला सहारा, प्रयागराज रहा अव्वल

- ओबीसी छात्रों के लिए वरदान बनी पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना
- आजमगढ़, गाजीपुर, जौनपुर और कुशीनगर भी टॉप-5 जिलों में शामिल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की छात्रवृत्ति योजनाएं लाखों परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी हैं। पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या के मामले में प्रयागराज जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। यहां 39,892 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिला है। यह संख्या प्रदेश में सर्वाधिक है और दशार्ती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर पात्र विद्यार्थियों तक पहुंच रहा है।

प्रदेश में प्रयागराज के बाद आजमगढ़ दूसरे स्थान पर रहा, जहां 35,785 छात्र-छात्राओं के खातों में छात्रवृत्ति की राशि पहुंची है। इसी तरह गाजीपुर में 32,872 छात्र-छात्राओं को लाभ मिला, जबकि जौनपुर में 31,475 और कुशीनगर में 26,137 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस तरह वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 8.88 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। इसमें 4 लाख 58 हजार से ज्यादा छात्राएं, 4 लाख 30 हजार से अधिक छात्र और 3 ट्रांसजेंडर शामिल है। छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक होना इस बात का संकेत है कि प्रदेश में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को 150 रुपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम 10 माह तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त 750 रुपये वार्षिक अनुदान भी दिया जाता है। इस प्रकार एक छात्र को कुल 2,250 रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। योगी सरकार ने छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया है। छात्र छात्रवृत्ति प्रबंधन प्रणाली की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करते हैं। पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना मुख्य रूप से कक्षा 9 और 10 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे परिवारों के बच्चों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये या उससे कम है। आर्थिक तंगी के कारण कई बार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो जाती है। प्रदेश सरकार की यह योजना ऐसे छात्रों के लिए संबल का काम कर रही है और उन्हें शिक्षा से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनाएं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का मजबूत आधार तैयार कर रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि आर्थिक अभाव किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा में बाधा न बने और हर पात्र छात्र को समय पर सहायता उपलब्ध हो।

# यूपी में युवाओं को मिलेगी नि:शुल्क फाइनेंशियल स्किल्स की ट्रेनिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ। योगी सरकार की इस पहल पर पहली बार कौशल प्रशिक्षण को वित्तीय शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। इस साझेदारी के तहत यूपीएसडीएम तथा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू जीकेवाई) के अंतर्गत प्रदेश भर में 1000 से अधिक ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 1.5 लाख से अधिक युवाओं को अगले हफ्ते से फाइनेंशियल स्किलिंग की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह एमओयू प्रदेश के युवाओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आएगा। कौशल प्रशिक्षण के बाद रोजगार पाने वाले युवा अब केवल आय अर्जित नहीं करेंगे, बल्कि यह भी समझेंगे कि पहली सैलरी का सही उपयोग कैसे करें, बजट और बचत कैसे शुरू करें, इन्वेस्टमेंट कब और कहां करना चाहिए, लोन से कैसे बचना है, भविष्य की आर्थिक सुरक्षा कैसे तैयार करनी है। यह ट्रेनिंग युवाओं को घर खरीदने, व्यवसाय शुरू करने, परिवार की आर्थिक सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवानिवृत्ति जैसे जीवन के बड़े निर्णय लेने में भी सक्षम बनाएगी। साथ ही वित्तीय जागरूकता उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाओं और आर्थिक जोखिमों से सुरक्षित रहने में भी मदद करेगी। युवाओं को स्किल + फाइनेंशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से रोजगार से आगे बढ़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

एमओयू से पहले मिशन मुख्यालय स्थित सभागार में फाइनेंशियल लिटरेसी एंड अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को वित्तीय जागरूकता एवं आर्थिक निर्णय क्षमता का महत्व बताया गया। मिशन निदेशक पुलकित खरे भी वर्कशॉप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी निवेश योजनाओं और वित्तीय अनिश्चितताओं के दौर में युवाओं को वित्तीय शिक्षा देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

## कौशल विकास सुधारों को युवाओं के बेहतर अवसरों से जोड़ना होगा

विशेष संवाददाता (vol)

**नई दिल्ली / लखनऊ।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के समग्र परिवर्तन के उद्देश्य से गठित सारथी की प्रथम बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और कौशल विकास क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया।

बैठक में आईटीआई संस्थानों को अधिक आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण, उद्योगोन्मुखी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया गया। संस्थागत प्रदर्शन एवं गुणवत्ता आश्वासन में सुधार, उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने, मूल्यांकन प्रणाली को मजबूत करने तथा प्रशिक्षण व्यवस्था में तकनीक के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त व्यावसायिक शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, नवीन प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने, शिक्षा, कौशल और रोजगार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, व्यावहारिक प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विचार किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि सारथी देश में व्यावसायिक शिक्षा की नई कल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में कौशल विकास के क्षेत्र में अनेक नवाचार और सुधारात्मक प्रयास हो रहे हैं, जिन्हें एक मंच पर लाकर साझा सीख एवं सफल मॉडलों का विस्तार किया जा सकता है।

बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आईटीआई संस्थानों को आधुनिक तकनीक, उद्योग आधारित प्रशिक्षण और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को कौशलयुक्त बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सारथी टास्कफोर्स राज्यों के अनुभवों के आदान-प्रदान, नवाचारों के प्रसार और कौशल विकास की राष्ट्रीय रणनीति को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कौशल विकास सबसे महत्वपूर्ण आधारों में से एक है। उत्तर प्रदेश इस दिशा में केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आईटीआई संस्थानों की गुणवत्ता, उद्योग सहभागिता और रोजगार परिणामों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बैठक में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी, प्रशिक्षण महानिदेशक दिलीप कुमार, आर्थिक सलाहकार अर्चना मयराम, संयुक्त सचिव एम. सुब्रमणियन, एनसीवीईटी के कार्यकारी सदस्य प्रो. अशोक कुमार गाबा सहित केंद्र एवं राज्य सरकारों, डीजीटी, एनसीवीईटी, एनएसडीसी, यूजीसी तथा विभिन्न कौशल विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक ने काशी स्टेशन का किया निरीक्षण




**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने काशी स्टेशन एवं काशी-व्यासनगर रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने काशी स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अंडरपासों की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रियों एवं स्थानीय लोगों की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। काशी स्टेशन पर एयर कॉनकोर्स के फाउंडेशन निर्माण कार्य के लिए काशी स्टेशन की लाइन संख्या 3 एवं 4 को 6 जून से 13 सितम्बर 2026 तक कुल 100 दिनों के लिए यातायात ब्लॉक प्रदान किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माण कार्यों को सुरक्षित तरीके से और निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी, बृजेश कुमार यादव, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव सहित गति शक्ति के वरिष्ठ अधिकारी एवं मण्डल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैलानी जं. स्टेशन पर अपर महाप्रबन्धक का यात्री सुविधाओं को लेकर निरीक्षण



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं एवं संरक्षित रेल परिवहन व यात्रियों की सुरक्षा तथा संरक्षा के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य के लिए शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल के साथ अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह ने नानपारा-मैलानी रेलखण्ड का निरीक्षण किया गया। नानपारा स्टेशन पर यात्री सुविधा के अन्तर्गत सरकुलेटिंग एरिया, स्टेशन प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज व पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, सिगनल इत्यादि को देखा। इसके उपरान्त उन्होंने मुर्तिहा एवं मझरापूरब स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। पलियाकला स्टेशन पहुचने पर अपर महाप्रबन्धक ने सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन प्लेटफार्म, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद दुदवा स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं के अन्तर्गत स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, सरकुलेटिंग एरिया, स्टेशन प्लेटफार्म व स्टेशन साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था को देखा। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/द्वितीय अश्विनी कुमार तिवारी, मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर आमिर खान, सहायक वाणिज्य प्रबंधक मुकेश कुमार, सहायक मण्डल इंजीनियर/बहराइच अनिल कुमार यादव, सहायक मण्डल विद्युत इंजीनियर गोपाल दास गुप्ता, सहायक मण्डल इंजीनियर/मैलानी श्री योगेन्द्र प्रसाद एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री को अजय राय ने लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

- ध्वस्त विद्युत व्यवस्था तथा सरकार व शासन स्तर पर जवाबदेही तय किये जाने के लिए लिखा पत्र

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने विद्युत विभाग में प्रशासनिक मतभेद, संस्थागत टकराव, नियामक संस्थाओं को निष्प्रभावी किए जाने और कमरतोड़ महंगाई झेल रही उत्तर प्रदेश की जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालकर पहले से ही भयंकर बेरोजगारी और महंगाई का दंश झेल रही जनता पर दोहरा कुठाराघात किये जाने के सम्बन्ध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश की जनता के हितों के संरक्षण के लिए तत्काल हस्तक्षेप किये जाने की मांग है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में उल्लिखित किया है कि लगातार समाचार पत्रों की बन रही सुर्खियों से स्पष्ट है कि समस्या केवल बिजली आपूर्ति अथवा तकनीकी व्यवधानों तक सीमित नहीं है, बल्कि शासनतंत्र के विभिन्न अंगों के मध्य समन्वय के अभाव, उत्तरदायित्व की अस्पष्टता तथा जनहित से जुड़े निर्णयों के क्रियान्वयन में गंभीर कमियां विद्यमान हैं। स्वयं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन पर लगाए गए गंभीर आरोप शासन-प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उत्तर प्रदेश में जहां विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। वहीं, ऊर्जा मंत्री बनाम पावर कॉर्पोरेशन के रूप में सरकार के भीतर एक असाधारण टकराव का खामियाजा प्रदेश की जनता झेलने के लिए विवश है। सरकार का नियंत्रण शासन-प्रशासन से पूरी तरह खत्म हो चुका है।

ऊर्जा मंत्री ने भर्ती, छंटनी, प्रशासनिक निर्णयों तथा फ्यूल सरचार्ज जैसे विषयों पर सार्वजनिक रूप से आपत्ति व्यक्त की है यदि विभाग का मुखिया स्वयं यह कहने की स्थिति में पहुंच गया है कि उसकी जानकारी के बिना निर्णय लिए जा रहे हैं, तो यह सामान्य प्रशासनिक मतभेद नहीं बल्कि शासन व्यवस्था की गंभीर विफलता है। अंत में पत्र में लिखा है कि उतर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था, 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज की वसूली, ऊर्जा मंत्री द्वागा लगाए गए आरोपों, पावर कार्पोरेशन की कार्यप्रणाली, उप्र विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों की अवहेलना एवं आरक्षण व भर्ती-छंटनी सम्बन्धी नियमों के कथित उल्लंघनों की स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## लखनऊ-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्री सुविधाएं बढ़ी

**लखनऊ।** आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने की दिशा में उत्तर रेलवे ने वाराणसी - लखनऊ इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस तथा वाराणसी - बहराइच इंटरसिटी एक्सप्रेस में पारंपरिक आईसीएफ रेक के स्थान पर आधुनिक एलएचबी रेक का स्थायी रूप से संचालन करने का निर्णय लिया गया है। एलएचबी रेक का संचालन 25 जून से लखनऊ तथा 26 जून से बनारस से प्रारंभ होगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14213/14214 वाराणसी - बहराइच इंटरसिटी एक्सप्रेस में एलएचबी रेक का संचालन 25 जून से वाराणसी तथा 26 जून से बहराइच से प्रारंभ किया जाएगा। एलएचबी कोचों की विशेषताओं में एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित हैं, जिससे यात्रा पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और आरामदायक होती है। इन कोचों में झटके और कंपन कम महसूस होते हैं, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक सुगम बनती है। एलएचबी कोचों की अधिकतम गति क्षमता पारंपरिक कोचों की तुलना में अधिक होती है, जिससे बेहतर परिचालन में सहायता मिलती है।

## रालोद अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति का गठन, संगठन को मिलेगा नया विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पार्टी के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने नई क्षेत्रीय कार्यसमिति का गठन किया है। नवगठित कार्यसमिति में चार उपाध्यक्ष, एक संगठन महासचिव, 9 महासचिव और 9 सचिव नियुक्त किए गए हैं। उपाध्यक्ष के रूप में देवेंद्र सिंह (हरदोई), बृजेश सोनी (बाराबंकी), हरिश्चंद्र यादव (अयोध्या) एवं राकेश द्विवेदी (रायबरेली) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन महासचिव पद पर राकेश सिंह चौहान (उन्नाव) को नियुक्त किया गया है।

महासचिव के रूप में रमेश चंद्र द्विवेदी (बाराबंकी), रामहर्ष गौतम (रायबरेली), राजेश सिंह (उन्नाव), बसंत लाल बरनवाल (सुल्तानपुर), राजेश तिवारी (अयोध्या), रजनीश वर्मा (सीतापुर), श्रीमती पूनम तोमर (हरदोई), ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं शाह आलम (सुल्तानपुर) को दायित्व सौंपा गया है। सचिव पद पर कमलेश कुमार कोरी (अमेठी), संतोष रावत, दिनेश यादव, मनोज पाल, मोहम्मद अलीम, माया देवी (लखनऊ), शांति देवी (अयोध्या), राम मोहन सिंह (लखनऊ) तथा शरीफ खान (सुल्तानपुर) को मनोनीत किया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के किसानोन्मुखी विचारों तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं रालोद के संस्थापक चौधरी अजित सिंह के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी जनपद एवं क्षेत्रीय संगठन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के हितों के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित क्षेत्रीय कार्यसमिति संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी और अवध क्षेत्र में राष्ट्रीय लोकदल के जनाधार को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# बृजेश पाठक और आनंद द्विवेदी ने किया प्रबुद्ध जनों से संवाद

## गीतापल्ली कॉलोनी में भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कैंट विधानसभा स्थित कैंट मंडल एक की गीतापल्ली कॉलोनी में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रबुद्ध जनों से भेंट कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं की जानकारी साझा की तथा 12 वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित किए।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, किसानों के हितों की रक्षा तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता है। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं तथा नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव भी प्राप्त कर रहे हैं।


जनसंपर्क अभियान के दौरान विद्यालय प्रबंधक केके शुक्ला, अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह, सेवा निवृत्त इंटेलिजेंस अधिकारी अशोक कुमार तिवारी, व्यवसायी विजय, सेवा निवृत्त उपलेखाधिकारी आरएस राय एवं सेवा निवृत्त डिप्टी सेक्रेटरी सूर्य प्रसाद यादव के आवास पर पहुंचकर उन्हें केंद्र सरकार के 12 वर्षों के विकास कार्यों से संबंधित पत्रक प्रदान किए गए और विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भाजपा लखनऊ महानगर के मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि अभियान में महानगर उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, कैंट मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि आदर्श मिश्रा, पार्षद सुधीर मिश्रा, पीयूष दिवान, प्रदीप तिवारी, महामंत्री प्रशांत मिश्रा, उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, मोहित कपूर, अनूप तिवारी, सुनील बाजपेई, प्रद्योत शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए प्रबुद्ध जनों से जनसंपर्क किया।

## संगठन ही शक्ति है और निरंतर संवाद ही उसकी सफलता का आधार

लखनऊ। भाजपा महानगर कार्यालय में आयोजित मासिक संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों एवं विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बैठक में कहा कि संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन हुआ और आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और सतत जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। बैठक में भाजपा लखनऊ महानगर के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

## भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोरों गेट, कासगंज में उर्मिला गार्डेन का उद्घाटन किया तथा आयोजित सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सपा ने कासगंज के विकास के लिए हमेशा काम किया है। समाजवादी सरकार में सबसे बड़ा बिजली कारखाना एटा में लगा। सड़के बनी। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ा है। किसान दुःखी है। इस अवसर पर पूर्व संसद कुंवर देवेंद्र सिंह उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज में मिलावटी पेट्रोल मिल रहा है। विशेषज्ञों की राय एंथेनाल मिले पेट्रोल के पक्ष में नही है। भाजपाई महंगाई की वजह के पीछे वैश्विक कारण बताते हैं। भाजपा सरकार 12 साल से सरकार में है। उनकी विदेश नीति भी फेल हो चुकी है। बड़े देशों का दबाव है। अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। भाजपा सरकार में प्राइमरी स्कूल बंद हो रहे हैं। शराब की दुकानें खुल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई गाय के नाम पर वोट लेना चाहते है। हम गाय की सेवा को प्राथमिकता देते है। डिवाइडर पर सांड बैठे मिलते हैं। अन्ना पशुओं से फसल चौपट हो रही है। उन्होंने कहा बंगाल के चुनाव में खुली बेईमानी हुई है। भाजपा बाबा साहब के संविधान को नहीं मानती है। उसकी चली तो देश में चुनाव ही नहीं होंगे। भाजपा ने महिलाओं के आरक्षण में भी खेल किया है। वह लोकसभा अपने हिसाब से बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पंचायत और विधानसभा की मतदाता सूची देखने से भाजपा की पोल पट्टी खुल जाएगी। भाजपाई वोट कटवाने चले थे, उन्हीं के वोट कट गए। उन्होंने कहा कि कासगंज में उर्मिला गार्डेन के उद्घाटन से दो फायदे हुए है। एक तो अगले सम्मेलन के लिए गेस्ट हाउस फ्री मिल जाएगा। इतने बड़े स्थान के लिए पैसा नहीं देना होगा। दूसरा यहां युवा सम्मेलन करूंगा। जिससे अच्छे और नये कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात होगी। कार्यक्रम में सलीम शेरवानी पूर्व केन्द्रीय मंत्री, विजेन्द्र सिंह पूर्व सांसद, मानपाल सिंह पूर्व मंत्री, नादिरा सुल्तान विधायक, जीनत खान पूर्व पूर्व विधायक, वीरेंदर सिंह सोलंकी पूर्व विधायक, विक्रय यादव जिलाध्यक्ष, अविनाश, चाहत मियां, सोनू भंडारी, सोबरन सिंह बघेल, ब्लाक प्रमुख कासगंज, हफीज गांधी, फारूख राज, जाहिदा सुल्तान, परवेन्द्र आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

संक्षेप

## स्कूल परिसर में 10वीं कक्षा के छात्र की चाकू मारकर हत्या

**चंदौली।** जिले के एक स्कूल परिसर में शुक्रवार सुबह अतिरिक्त कक्षा के दौरान 10वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। आरोपी भी नाबालिग छात्र है, जिसे शिक्षकों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) देवेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान प्रतापपुर गांव के निवासी 16 वर्षीय लवकुश के रूप में हुई है, जो उसी क्षेत्र के एक उच्च माध्यमिक विद्यालय का छात्र था। पुलिस के मुताबिक, घटना के वक्त लवकुश सुबह करीब सात बजे अतिरिक्त कक्षा में पढ़ने गया था। आरोपी छात्र भी करीब 16 साल का है और फतेहपुर गांव का रहने वाला है, जो क्लास में मौजूद था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसने एक विवाद के बाद लवकुश पर हमला किया। उसका कहना है कि लवकुश पिछले दो-तीन दिनों से उसके साथ दुर्व्यवहार कर रहा था।पुलिस ने बताया कि चाकू लगने से लवकुश के सीने और पेट के ऊपरी हिस्से में गंभीर चोटें आईं। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## पीजी की सीढ़ियों पर खून से लथपथ छात्रा का शव मिला, प्रेमी गिरफ्तार

**वाराणसी।** लड़कों के पेइंग गेस्ट (पीजी) की सीढ़ियों पर खून से लथपथ 19 वर्षीय एक छात्रा का शव मिलने के बाद उसके प्रेमी को जौनपुर से गिरफ्तार किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्रा की मौत की वजह ज्यादा खून बहने से हुई बताई गयी है।पुलिस के अनुसार, अकथा के एक पीजी में रहने वाले आरोपी ने कबूल किया कि छात्रा बुधवार सुबह उससे मिलने आई थी और शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे अचानक बहुत ज्यादा रक्तस्राव शुरू हो गया, जिससे वह बेहोश हो गई। आरोपी घबराकर उसे सीढ़ियों पर छोड़कर जौनपुर अपने घर भाग गया था। सारनाथ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को जौनपुर में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। छात्रा के परिजनों से शिकायत मिलने और मामला दर्ज होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विचाराधीन कैदी ने फंदे से लटककर जान दी

**बांदा।** बांदा मंडल कारागार में दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के एक विचाराधीन कैदी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बांदा मंडल कारागार के अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को कारागार परिसर के गैस गोदाम में एक विचाराधीन कैदी अभिषेक सिंह (25) ने गमछे से फंदा बनाया और उससे लटककर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि विचाराधीन कैदी अभिषेक सिंह अर्ता थाने के अरखन पुरवा का रहने वाला था और एक नाबालिग लड़की के अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम के आरोप में 11 मार्च 2026 से जेल में बंद था। अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को खाना बनाने के समय अभिषेक पानी डालने के बहाने गैस गोदाम गया और काफी देर तक न लौटने पर उसकी खोजबीन की गई तो उसका शव गमछे के फंदे पर लटका हुआ मिला।

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान पर जोर




**सिद्धार्थनगर।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में विकास खंड भनवापुर की ग्राम पंचायत नावडीह में ह्लग्राम चौपाल-गांव की समस्या, गांव में समाधानह्व कार्यक्रम आयोजित किया गया।

चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पेंशन, राशन कार्ड, वरासत, भूमि विवाद, प्रमाण-पत्रों के निस्तारण तथा आपदा राहत व कृषक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने महिलाओं से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी सहायता एवं प्रशिक्षण की जानकारी दी। उन्होंने सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने तथा जनगणना कार्य में सहयोग करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम इटवा कुणाल, जिला विकास अधिकारी

● नावडीह में ग्राम चौपाल आयोजित

राजमणि वर्मा, डीसी एनआरएलएम देवनंदन दूबे, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गणेश प्रसाद, बीडीओ भनवापुर विनोदमणि त्रिपाठी, ग्राम प्रधान तथा अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में भाई-बहन चुटहिल, इलाज जारी

**प्रतापगढ़।** कार की टक्कर से बाइक सवार बहन भाई गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। पडोसी जिले रायबरेली के डीह थाना के अटावा निवासी सौरभ कुमार 20 शुक्रवार को दोपहर बाइक से बहन सुमन 17 के साथ मामा के घर उदयपुर थाना के कुम्भीडीहा जा रहा था। थाना क्षेत्र के कोइलासा गांव मोड़ के पास पीछे से अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में भाई बहन गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सांगीपुर सीएचसी भेजवाया गया।

## इटवा में पौधरोपण अभियान पर सवाल पौधे धरातल पर नहीं दिखने का आरोप

**इटवा, सिद्धार्थनगर।** विकास खंड इटवा में हर वर्ष ग्राम पंचायतों के माध्यम से करोड़ों रुपये के पौधारोपण अभियान पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संस्था नव युवक ग्राम विकास समिति के संरक्षक राम वृक्ष गुप्ता ने आरोप लगाया है कि पिछले वर्षों में लगाए गए पौधे धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल जैसे अभियानों के तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाता है, लेकिन उसके बाद उनकी देखरेख और संरक्षण पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। भीषण गर्मी में पौधे लगाए तो जाते हैं, लेकिन बाद में पानी देने और संरक्षण की व्यवस्था कमजोर रहने से अधिकांश पौधे नष्ट हो जाते हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत से लेकर विकास खंड स्तर तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है, जिसके कारण हर साल खर्च होने वाली भारी धनराशि का अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहा है। उदाहरण के तौर पर रसूलपुर सहित कई ग्राम पंचायतों में लगाए गए पौधे अब दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर से अपील की गई है कि जो किसान अपने खेतों में सफलतापूर्वक पौधारोपण और संरक्षण कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर प्रोत्साहित किया जाए।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**बदायूं।** गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को आम लेकर जा रहे एक पिकअप वाहन की अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना गंगा एक्सप्रेसवे पर मूसाझाग पुलिस थाना क्षेत्र में सुबह करीब 10 बजे हुई जब लखनऊ के मलिहाबाद से आम की खेप लेकर पंजाब के बठिंडा जा रहा पिकअप वाहन एक अज्ञात वाहन से टकरा गया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिषेक कुमार सिंह के अनुसार, पिकअप वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनकी पहचान संभल निवासी बंटी (25) और मुरादाबाद निवासी राहुल (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दो अन्य व्यक्तियों की पहचान अजय और पिकअप वाहन चालक अमर सिंह के रूप में हुई है। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय निवासी और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को क्षतिग्रस्त वाहन से निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

## युवा शक्ति को मिला सम्मान, खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गूंजीं तालियां



**श्रावस्ती।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में जिला प्रशासन द्वारा समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं और खिलाड़ियों की प्रतिभा को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय तथा ब्लॉक प्रमुख गिलौला रहे। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित युवाओं से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया। विधायक ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी पूंजी हैं और खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और जिले का नाम प्रदेश एवं देश स्तर पर रोशन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले युवाओं के चेहरों पर खुशी और गर्व साफ दिखाई दिया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास, खेल सुविधाओं के विस्तार तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी बृजेश कुमार सोनी, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी माता प्रसाद जायसवाल, रवि कुमार, अतुल कुमार, विकास कुमार गिरी, खेल विभाग के प्रशिक्षकगण, आशीष कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों और युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## किशोरी का अपहरण, आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के बीजूमऊ निवासी छोटे लाल गौतम पुत्र बृजलाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ जून को रात लगभग आठ बजे उसकी चौदह वर्षीया पुत्री शौच के लिए घर से बाहर गयी थी। देर रात तक किशोरी वापस नही लौटी तो परिजन परेशान हो उठे। परिजन किशोरी की तलाश कर ही रहे थे कि वह रात करीब दस बजे घर पहुंची। घर पर अपहृता ने बताया कि रायबरेली जिले के सलोन थाना के रतासो निवासी किशन पटेल उर्फ कृष्णा पुत्र प्रेमलाल उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया था। आरोपी कृष्णा का गांव में ननिहाल है। किशोरी ने परिजनों को आपबीती सुनाई तब आहत पिता ने लालगंज पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## अखिलेश यादव की बेटी के प्रति अपमानजनक फर्जी पोस्ट करने का आरोप

**कानपुर।** कानपुर में साइबर अपराध पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव को निशाना बनाकर किये गये आपत्तिजनक व भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट प्रसारित करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सपा की अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव परवीन यादव ने एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद यह मामला बृहस्पतिवार को सामने आया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अदिति यादव की छवि को धूमिल करने और सपा प्रमुख के परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से अपमानजनक व मनगढ़ंत सामग्री ऑनलाइन साझा की गई थी।प्राथमिकी में भरत कुमार पटेल, नागेश्वर सिंह बघेल और विनोद कुमार यादव को नामजद किया गया है। शिकायत के अनुसार, नौ जून को भरत कुमार पटेल नाम के सोशल मीडिया पर एक खाते से कथित तौर पर अपलोड किये गये एक पोस्ट में अदिति यादव के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ-साथ झूठे और भ्रामक दावे शामिल थे। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पोस्ट में उन्हें कथित तौर पर चोरी और आपराधिक गतिविधियों से जोड़ा गया तथा उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने के इरादे से एक संपादित तस्वीर भी पोस्ट की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सामग्री जानबूझकर गढ़ी गई थी और एक सम्मानित परिवार को बदनाम करने व सार्वजनिक आक्रोश भड़काने के लिए प्रसारित की गई थी।उन्होंने दावा किया कि दो अन्य आरोपियों ने मूल पोस्ट के जवाब में अपमानजनक टिप्पणियां पोस्ट कीं। अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) विपिन ताडा ने बताया कि भरत कुमार पटेल, नागेश्वर सिंह बघेल और विनोद कुमार यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। लगाई गई धाराएं महिला की गरिमा का अपमान करने, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जालसाजी व आपत्तिजनक सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण के माध्यम से गोपनीयता का उल्लंघन करने से संबंधित हैं। मामले की जांच साइबर अपराध थाने द्वारा की जा रही है।

● तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में डीएम सख्त

जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों और निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा सीएमआईएस पोर्टल पर चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उन विभागों के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया जिनकी रैंकिंग खराब रही है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुसार कार्य करें और योजनाओं की प्रगति में तेजी लाकर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि मई 2026 में विकास एवं राजस्व कार्यों के आधार पर श्रावस्ती की संयुक्त रैंक प्रदेश में सातवीं रही। जिले को कुल 85 कार्यक्रमों में से 55 में ह्यएह्ल ग्रेड, 4 में ह्यबीह्ल ग्रेड, 3 में ह्यसीह्ल ग्रेड, 1 में ह्यडीह्ल ग्रेड तथा 22 कार्यक्रमों में एनए श्रेणी प्राप्त हुई है।

कृषि, उद्यान, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, दुग्ध विकास, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पशुपालन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन, समाज कल्याण तथा सहकारिता सहित कई विभागों को ह्यएह्ल ग्रेड प्राप्त हुआ है।

● खराब रैंकिंग वाले विभागों को सुधार के निर्देश

वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नियोजन, पंचायती राज, आईसीडीएस, लोक निर्माण विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा लोक शिकायत (निर्माण कार्य) से जुड़े विभागों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा, जिनमें बी, सी और डी श्रेणी प्राप्त हुई।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन तथा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के प्रदर्शन में श्रावस्ती प्रदेश के शीर्ष पांच जनपदों में शामिल है। जबकि सीटी स्कैन सेवाएं योजना में जनपद अंतिम पांच जिलों में है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को डाटा फीडिंग और कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, उन्हें शीघ्र संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए। साथ ही एक वर्ष से अधिक समय से लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, उपजिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, सभी खंड विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता उपस्थित रहे।

## महादेव के नाम उच्चारण मात्र में मिलता है जीवन का सुख : शिवाकांत

**प्रतापगढ़।** डगरारा गौखाड़ी में हो रही श्रीशिवमहापुराण कथा में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। गांव के बूढ़ेश्वर महादेव धाम में कथा श्रवण के दौरान भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का जयघोष किया। कथाव्यास पं0 शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि पुरूषो×ाम माह में भगवान शिव के लिंग पर जलाभिषेक सहश्र पुण्यदायी हुआ करता है। उन्होने कहा कि भगवान महादेव के नाम के उच्चारण मात्र से जीव को नर्क योनि से मुक्ति मिल जाया करती है। कथाव्यास ने कहा कि भगवान शिव ने धर्म की रक्षा के लिए विषपान कर अधर्म का समूल विनाश किया। संचालन पं0 मृत्युंजय द्विवेदी ने किया। संयोजक समाजसेवी धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, कमलाकांत पाण्डेय, जीतलाल गुप्ता, आलोक सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पप्पू तिवारी, कप्तान सिंह आदि रहे।

# कंपनी के करोड़ों के हो रहे नुकसान को लेकर कोल्ड स्टोर मालिक के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** मसाला कंपनी के करोड़ों के माल की सुरक्षा में खामी को लेकर कंपनी के निदेशक की तहरीर पर कोल्ड स्टोर मालिक के खिलाफ अमानत में खयानत का गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। कोल्ड स्टोरेज मालिक के खिलाफ केस दर्ज होने को लेकर शुक्रवार को यहां चर्चा का माहौल भी गर्म दिखा। पड़ोसी जिले अमेठी में संचालित राजेश मसाला उद्योग प्रा0लि0 के निदेशक सीतापुर जिले के सैरापुर धोधी तालगांव निवासी श्रीराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी कंपनी के द्वारा लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर गांव में स्थित जगदीश बहादुर सिंह कोल्ड स्टोर में सैंतीस सौ बैग जीरा जिसका वजन लगभग 209.26 टन और 4716 बैग मिर्चा जिसका वजन 163.99 टन बीती पांच मई को सुरक्षार्थ रखवाया गया। कंपनी के रखे माल की कीमत लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए है।

तहरीर में कहा गया है कि कोल्ड स्टोर के द्वारा सामानों के रखरखाव एवं सुरक्षा का उसे भरोसा दिलाया गया था। इधर कंपनी के कर्मचारियों के निरीक्षण में पाया गया कि कोल्ड स्टोर के चेंबर में रखे उसके माल के लिए कूलिंग मशीन ही नहीं लगी। बीती तेईस मई को कंपनी द्वारा कोल्ड स्टोर के मालिक को फोन के द्वारा सूचना दी गयी तब बताया गया कि कूलिंग मशीन आ गयी है और दो तीन दिनों में लग जाएगी। इसके बाद जब कर्मचारियों ने दोबारा निरीक्षण किया तो पाया कि कूलिंग मशीन नही लगी है और सामानों की गुणवत्ता खराब हो रही थी। इस पर कंपनी ने वहां से माल हटवाना चाहा तो कोल्ड स्टोर के संचालक द्वारा विरोध करते हुए जबरिया अग्रिम आठ माह का किराया जमा कराने की बात कही गयी। आरोप है कि कोल्ड स्टोर में रखे हुए माल को इस किराये के भुगतान के बाद ही कोल्ड स्टोर द्वारा कंपनी को दिये जाने की शर्त थोपी गयी। बीती नौ जून को कोल्ड स्टोर के स्वामी ने वार्ता के बाद भी रखे माल को उठाने से मना कर दिया। तहरीर में निदेशक द्वारा कोल्ड स्टोर पर जबरिया उसके माल को रखे जाने की बात कही गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कोल्ड स्टोर के मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोल्ड स्टोर के मालिक पर एफआईआर की जानकारी को लेकर शुक्रवार को इलाके में चर्चा का माहौल गर्म दिखा। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 में चयन कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के दो सदस्यों को जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

एसटीएफ के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के सीवान जिले के राज कुमार मांझी और उसके सहयोगी छोटे लाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस उपाधीक्षक (एसटीएफ प्रयागराज इकाई) शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक गिरोह अभ्यर्थियों से संपर्क कर परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर मोटी रकम की मांग कर रहा है।

सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने कार्वाई करते हुए दोनों आरोपियों को बड़ागांव क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 21 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की फोटोकॉपी, दो मोबाइल फोन, तीन चेक, तीन आधार कार्ड, चार मार्कशीट की प्रतियां और व्हाट्सऐप चैट के 13 प्रिंटआउट बरामद किए। पूछताछ में आरोपी राज कुमार मांझी ने स्वीकार किया कि वह विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को पास कराने का झांसा देकर उनसे पैसे वसूलता था। गिरोह के अन्य सदस्य अभ्यर्थियों से संपर्क कर उनके दस्तावेज एकत्र करते थे और सौदे की व्यवस्था करते थे। आरोपी को वर्ष 2022 में इसी प्रकार के धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। एसटीएफ ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8, 9 और 10 जून को राज्य के 75 जिलों के l,183 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल उपस्थिति 75.94 प्रतिशत रही।

## जनता दर्शन में एसएसपी ने सुनीं 19 फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश




**सिद्धार्थनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन की शिकायतें सुनीं और उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 3 भूमि विवाद, 6 मारपीट तथा 10 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। एसएसपी ने सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो रहा है।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर चला नाइट ब्लड सर्वे

**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य फाइलेरिया (हाथीपांव) रोग की पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना तथा लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक बनाना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के निर्देश तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी) डॉ. उदयनाथ के मार्गदर्शन में ब्लॉक इकौना के मदारा और कैलाशपुर गांवों में चल रहे नाइट ब्लड सर्वे का निरीक्षण किया गया। जनपद के चार विकास खंडों के 12 चयनित गांवों में यह सर्वेक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी आलोक कुमार एवं एसएलटी दिलीप कुमार मिश्रा ने सर्वे टीमों के कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने सर्वेक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी दी और बताया कि नाइट ब्लड सर्वे बीमारी की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ग्रामीणों को मच्छरजनित रोगों से बचाव, समय पर जांच और उपचार के प्रति भी जागरूक किया गया। सर्वे के दौरान चिन्हित फाइलेरिया रोगियों को बीमारी के कारण, लक्षण, उपचार और नियमित देखभाल के बारे में परामर्श दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को घर और आसपास साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देने तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जनसहभागिता और जागरूकता के माध्यम से फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए जिले में लगातार सर्वेक्षण और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

# पॉलीहाउस खेती से खुलेगी समृद्धि की राह

● किसानों को दी गयी संरक्षित खेती की जानकारी

**श्रावस्ती।** किसानों की आय में अभिवृद्धि तथा कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग श्रावस्ती द्वारा पॉलीहाउस (संरक्षित खेती) योजना पर एक जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से परिचित कराते हुए पॉलीहाउस के माध्यम से पुष्प, सब्जी एवं अन्य उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दूबे ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषकों की आर्थिक सुदृढ़ता के लिए नवाचार आधारित कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित कर रही है। पॉलीहाउस खेती इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो किसानों को सीमित भूमि पर अधिक उत्पादन और बेहतर आमदनी का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक नौ कृषकों ने इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराया है, जिनमें से पांच पंजीकृत कृषक तथा दो अन्य इच्छुक किसानों ने बैठक में सहभागिता की।



कार्यक्रम में उपस्थित पॉलीहाउस विशेषज्ञ वरुण मिश्र ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए योजना की स्थापना प्रक्रिया, लागत, शासकीय अनुदान, तकनीकी प्रबंधन तथा विपणन संबंधी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संरक्षित वातावरण में की जाने वाली खेती से फसलें प्राकृतिक विपदाओं, अत्यधिक तापमान तथा अनियमित वर्षा के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रहती हैं।

उन्होंने कहा कि पॉलीहाउस में उगाए गए फूलों एवं सब्जियों की गुणवत्ता सामान्य खेती की तुलना में अधिक बेहतर होती है, जिससे बाजार में उन्हें अच्छा मूल्य प्राप्त होता है। इस तकनीक के माध्यम से किसान वर्षभर उत्पादन कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।

जिला उद्यान अधिकारी ने कहा कि विभाग का उद्देश्य किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। इसके लिए विभाग समय-समय पर प्रशिक्षण, तकनीकी परामर्श तथा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहा है। बैठक के दौरान किसानों ने पॉलीहाउस खेती के प्रति विशेष उत्साह दिखाया। विशेषज्ञों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि उचित मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग से यह तकनीक ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकती है। किसानों ने भी इस अभिनव कृषि पद्धति को अपनाने में रुचि व्यक्त की।

## चक्रवाती तूफान के चलते कई गांवों में आपूर्ति न होने से लोग हलाकान

**प्रतापगढ़।** बीते मंगलवार को लालगंज क्षेत्र में आये चक्रवाती तूफान को लेकर अभी भी कई गांवो मे विद्युत आपूर्ति सुचारू नही हो सकी है। हालांकि विभागीय कर्मचारियों के साथ भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण भी विद्युत आपूर्ति दुरूस्त करने के लिए दिन रात लगे हुए दिख रहे है। अभी भी कई मार्गो पर तूफान के चलते औंधे मुंह गिरे खम्भे व्यवस्था की बदहाली बयां कर रहे हैं। गर्मी के चलते गांवों में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को हलाकान देखा जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में आपूर्ति चालू तो हो गयी है किन्तु तूफान के कारण जगह जगह लोकल फॉल्ट अभी भी बिजली की आवाजाही लोगों की नींद मे खलल डाले हुए है। एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार का कहना है कि अधिकांश क्षेत्रों मे आपूर्ति बहाल हो चुकी है, शीघ्र ही आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त हो जाएगी।

## डीएम ने किया बिस्कोहर के 365 मंदिरों-कुओं का निरीक्षण, जीर्णोद्धार की प्रक्रिया तेज

**सिद्धार्थनगर।** डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. ने नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के 365 मंदिरों और कुओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन धरोहरों के संरक्षण एवं विकास की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि पुरातत्व विभाग द्वारा 365 मंदिरों एवं कुओं के सर्वेक्षण की रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। पर्यटन विभाग के माध्यम से इनके जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को नई पहचान मिलेगी तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल, नगर पंचायत बिस्कोहर के अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 10 हजार का इनामी मदन मोहन गिरफ्तार

**गगहा,गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के इटवा निवासी 10 हजार के इनामिया मदन मोहन मोदनवाल पुत्र स्व घनश्याम को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मदन मोहन भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करता था जहां कस्टमरों को बहला फुसलाकर कर प्रलोभन देकर 5 जून 2017 को नगमा बानो व रुखसार बानो दोनों बहनों से एक एक लाख सावधि जमा व 10 जून 2017 को दो लाख की एफ डी करा दिया और वादी को फर्जी दस्तावेज दे दिया जब एफ डी पूरी हो तो अपने पैसे की मांग पीड़िता ने की तो वह टालमटोल करता रहा जब वादिनी बैंक पर पता किया तो रसीद फर्जी पाया गया और कूटरचित तरीके से तैयार किया गया था। वर्ष 24 में 419, 420, 467, 468 व 471 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर गगहा पुलिस उसे पकड़ने का प्रयास की लेकिन वह पुलिस से दूर हो गया उसकी गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था मुखबीर की सुचना पर एस आई आनंद कुमार ,एस आई अंकुर कुमार यादव हेड कांस्टेबल राम प्रवेश यादव व धर्मेंद्र यादव ने शुक्रवार को दोपहर 11.35 बजे परिहस्थी से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

## विवाहिता ने पति, सास पर दहेज उत्पीड़न, केस दर्ज

**सरहरी,गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज के लिये अपने पति एवं सास पर मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। पिड़िता विवाहिता ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि मेरी शादी 5 दिसंबर 25 को मोहरीपुर निवासी सार्थक जायसवाल के साथ मन्नत रिजार्ट मोहरीपुर से सम्पन्न हुई थी। मेरे पिता द्वारा अपने सामर्थ के अनुसार दान दहेज देकर बिदा किया गया था। प्राथीनी 6 दिसंबर को बिदा होकर अपने ससुराल गयी थी उसी दिन से मेरा पति सार्थक जायसवाल व उसकी माँ बसिका जायसवाल कम दहेज लेकर आने की बात कह कर ताना मारने के साथ ही भद्दी भद्दी गालियां देने लगी। जिसका प्रतिरोध करने पर मुझे मारने पीटने लगे 10 / 6न 26 की रात मेरे पति सार्थक व सास बसिका मुझे मारपीट कर मेरा सभी सामान छीन लिये मारपीट में पूरी शरीर पर चोटे आई है उक्त लोगो की प्रताड़ना से मेरी हालत खराब हो गयी है साथ ही मेरी मोबाइल भी छीन लिये हैं मेरे द्वारा पिता को जानकारी देने पर पिता ने स्थानिय पुलिस को घटना से अवगत कराया गया पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है

## 18 माह बाद भी नहीं हुई बेदखली की कार्रवाई

**गोरखपुर/चौरीचौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरा में निवास करने वाले खखाइजखोर निवासी उमाशंकर शुक्ला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर तहसील प्रशासन गोला पर मिली भगत होने का आरोप लगाते हुए आदेश का अनुपालन न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा खखाइजखोर तप्पा मजुरी परगना धुरियापार तहसील गोला में गाटा संख्या 958 रकबा 0-085 हेक्टेयर भूमि पोखरी के नाम दर्ज है। हल्का लेखपाल के रिपोर्ट पर न्यायालय तहसीलदार गोला के न्यायालय में कंप्यूटरीकृत वाद संख्या टी20170531350715O5 (वाद संख्या 1505/2017) गांव सभा खखाइजखोर बनाम संतोष कुमार व कृष्ण कुमार दाखिल हुआ। तथा सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद 4/10/2024 को न्यायालय तहसीलदार गोला ने बेदखली व 25075 रुपए क्षतिपूर्ति वसूली का आदेश पारित कर दिया। लेकिन विडंबना है कि आदेश के18 माह बाद भी तहसील प्रशासन द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन नहीं कराया जा सका।

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र रजनीश कुमार वर्मा पुत्र मदन लाल वर्मा नि. कैमा, पोस्ट-रोशननगर, तहसील-गोला, जिला खीरी को उसके गलत चाल-चलन से परेशान होकर उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और समस्त प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का उससे कोई सरोकार नहीं होगा। वह किसी भी कृत्य व लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मदन लाल पुत्र लक्ष्मन प्रसाद नि. वार्ड नं. 14, पश्चिमी दीक्षिताना खुटार रोड गोला, जिला-खीरी

# चिल्लूपार में मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम आज

## डीएम और एसएसपी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा



- सीएम के आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में, विधायक-संगठन संभाल रहे कमान

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के महुआपार में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम निर्धारित है। इस कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसे सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन और प्रशासन पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने अपने प्रशासनिक अमले के साथ कार्यक्रम स्थल गांधी इंटर कॉलेज मैदान का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंच, पंडाल, सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी आवाजाही, पार्किंग, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

कार्यक्रम स्थल पर विशाल जर्मन हैंगर पंडाल, मंच और अन्य आवश्यक संरचनाओं का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता भी लगातार सक्रिय हैं। क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा और बृजेश वर्मा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता गुरुवार से ही दिन-रात तैयारियों में लगे हैं। वे आगंतुकों की सुविधा और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता संजय मिश्र, रतन प्रकाश दूबे, कमलेश पटेल एडवोकेट, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, स्वतंत्र सिंह, अष्टभुजा सिंह, प्रशांत शाही सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साहब! दबंग कर रहा पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा

**गीडा,गोरखपुर।** उप्र सरकार के भू-माफियाओं और दबंगों पर कड़े रुख के दावों के बीच गीडा थाना क्षेत्र के नगवा गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ दबंगों द्वारा एक पीड़ित की पुश्तैनी जमीन पर जबरन अवैध कब्जा करने और विरोध करने पर पूरे परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। स्थानीय पुलिस की ढीली कार्रवाई से बेखौफ दबंगों ने दर्जनों अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिससे पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है।

नगवा निवासी पीड़ित सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में ही उनकी पुश्तैनी जमीन जिसका सिकमी नंबर 214, रकबा 18-1/2 स्थित है, जहाँ पहले उनका पुराना मकान था और वर्तमान में वह समतल भूमि है। आरोप है कि बीते 6 जून को जब पीड़ित किसी काम से गांव से बाहर गए थे, तभी गांव के ही दबंगों द्वारा उनके जमीन के जाली व कूट-रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी की नीयत से वहाँ ईंटें गिरा दीं और अवैध निर्माण शुरू करा दिया। घटना की भनक लगते ही पीड़ित के पट्टीदारों ने यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने काम रुकवाते हुए दोनों पक्षों को साक्ष्यों के साथ थाने तलब किया। इसके बाद 8 जून को पीड़ित सुधीर ने गीडा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। थाने में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से उत्साहित आरोपी अपने साथ 15-20 अज्ञात लोगों को लेकर लाठी-डंडों के साथ पुस्तैनी जमीन पर धमक आए। वे लोग जबरन पिलर गाड़कर दीवार उठाने लगे। जबरन निर्माण की सूचना पर पीड़ित ने दोबारा 112 नंबर पर कॉल किया जिसके बाद हल्का इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने विपक्षियों को सख्त फटकार लगाते हुए तुरंत ईंट और पिलर हटाने के निर्देश दिए। पीड़ित सुधीर का कहना है कि आरोपी अब उन्हें और उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं और दबाव बनाने के लिए झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने गीडा पुलिस और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि जालसाज व आरोपियों के खिलाफ त्सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि उनकी पुश्तैनी जमीन और जान-माल की रक्षा हो सके।

इस संबंध में गीडा थाने के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि मामला पूरी तरह से संज्ञान में है और इसकी गहनता से जांच कराई जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सपा कार्यालय पर सांसद आदित्य यादव का मना जन्मदिन



**इटावा।** पार्टी कार्यालय पर आदित्य यादव अंकुर सांसद बदायूं, अध्यक्ष डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक का जन्मदिन सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ केक काटकर धूमधाम से मनाया, एवं उनके शतायु होने की कामना की गई। इस अवसर पर सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया, केपी शाक्य, उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, अनिल प्रताप यादव गुड्डू, उत्तम सिंह प्रजापति, रवींद्र शुक्ला, अनवार हुसैन, आशीष राजपूत, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, संतोष राजपूत, प्रवीण कुशवाहा, संगीता राजपूत, संतोष राठौर, दीपी सिंह, उपदेश मिश्रा, रोहित श्रीवास्तव, दीपक पाल, प्रदीप सोनी, किशन यादव, नरेंद्र पाल, आदित्य गोविंद यादव, रवि यादव विधायक जिलाध्यक्ष छात्रसभा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ फरहान शकील, रामवीर सिंह यादव, उमेश राजपूत डुल्ले, राकेश यादव, नम्रता सिंह दोहरे, सुघर सिंह दोहरे, आर.बी सिंह यादव, बृजमोहन राजपूत, शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी, सुनील यादव बृजेंद्र यादव, मास्टर दिनेश यादव, साधना गुप्ता, सुरेश यादव, रविंद्र सिंह यादव, सुरेश चंद यादव, राजू यादव, हाशिम मिर्जा, राणा प्रताप सिंह, शीलू यादव, साधना गुप्ता, मधु यादव, सुभाष यादव, विवेक कुशवाहा मौजूद रहे।

## सांसद के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**जसवंतनगर, इटावा।** बदायूं से सांसद आदित्य यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समाजवादी युवाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने कहा कि जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। फल वितरण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमारदारों ने भी इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट भूपेन्द्र सिंह, स्टाफ नर्स शालिनी, सुशीला, सपाकार्यकर्ता में गोपाल गुप्ता, ऋषभ यादव, शानुद्दीन फारुखी, पारस राजोरिया, अंश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर स्थित गेट के पास अप लाइन पर एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक चलती ट्रेन से गिरकर हादसे का शिकार हुआ। शुक्रवार तड़के करीब 3.45 बजे रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ की पेट्रोलिंग टीम को खंभा के मध्य एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला। घायल की पहचान उन्नाव जिले के निवासी 45 वर्षीय अजय पुत्र किशन लाल के रूप में हुई। आरपीएफ टीम ने तत्काल 108 एंबुलेंस के पायलट वीरेश कुमार और ईएमटी सर्वेश कुमार के सहयोग से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बिजली बिल में ईंधन अधिभार लगाने से व्यापारियों में रोष, सात सूत्रीय ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा

**इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा बिजली बिलों पर 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार जून माह से लगाई जाने की घोषणा पर व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है, इस संबंध में उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी नेताओं ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षण अभियंता ऋषभ देव को सौंपा। व्यापारियों का आरोप है कि ईंधन अधिभार लगाने से पूर्व नियामक आयोग से अनुमति नहीं ली गई है जबकि बिजली के औद्योगिक व घरेलू बिलों में पूर्व में ही फिक्स चार्ज लगाए जा रहे है ऐसे में इस चार्ज का क्या मतलब है। वाणिज्य एलएमवी-2 बिलों में फिक्स चार्ज व मिनिमम चार्ज दोनों लगाए जाते हैं, घरेलू, वाणिज्य व औद्योगिक बिलों में 7.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी जोड़ी जा रही है नियामक आयोग के द्वारा प्रत्येक वर्ष बिजली के उत्पादन व खर्चों की समीक्षा कर आम पब्लिक से सुनवाई करने के बाद बिजली की दरों का पुनः निर्धारण किया जाता है इसलिए बीच सेशन में अनावश्यक रूप से बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने का कोई औचित्य नहीं है। इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष अशोक कुमार जाटव, सरदार मनदीप सिंह, हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी, उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, संरक्षक हाजी शंहशाह वारसी, उघोग मंच के महामंत्री राहुल दीक्षित, लाइनपार शहर अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, महिला प्रदेशमंत्री मंजूलता द्विवेदी, महिला व्यापार मंडल की जिलाध्यक्ष शकीला बेगम, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी आदि मौजूद रहे।

# 27 साल की एमबीबीएस डॉक्टर फंदे पर लटकी,नीट-पीजी की तैयारी कर रही थी

जिला संवाददाता (vol)

**इटावा।** एमबीबीएस छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी। आत्महत्या से पहले उसने सुसाइड नोट लिखा, जिसमें कहा- मैं अब डिप्रेशन और एंजाइटी नहीं झेल सकती। मैं सभी से माफी मांगती हूं। आप सभी का हर चीज के लिए शुक्रिया। छात्रा सौम्या 27 ने नोट में अपने टैबलेट में दो वीडियो होने की बात भी लिखी। टैबलेट का पासवर्ड पिता के मोबाइल का पासवर्ड बताया। बताया जा रहा है कि उसने 16 दिन पहले भी आत्महत्या की कोशिश की थी, लेकिन बाद में अपना मन बदल लिया था। एमबीबीएस के बाद वह नीट-पीजी की तैयारी कर रही थी।

मामला फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र का है। शहर के अर्जुननगर पक्काबाग इलाके में रविकांत दीक्षित अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी पप्पी दीक्षित हाउसवाइफ हैं। उनके दो बच्चे हैं। बेटा शिव दीक्षित (32) बेंगलुरु की एक कंपनी में इंजीनियर है। बेटी सौम्या दीक्षित ने कानपुर की रामा यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस पूरा कर लिया था। वह नीट-पीजी की तैयारी कर रही थी।

### सुसाइड नोट में लिखा

मैं अब और नहीं झेल सकती : मौके पर फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची। टीम ने घटनास्थल की जांच की। कमरे से मिले सामान को कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। इसमें छात्रा ने लिखा कि वह अब डिप्रेशन और एंजाइटी नहीं झेल सकती। उसने सभी से माफी मांगी और धन्यवाद लिखा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि सुसाइड नोट मिलने के बाद टैबलेट और लैपटॉप की जांच की गई, जिसमें कुछ वीडियो मिले हैं। मामले में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य सबूतों की जांच की जा रही है।

# ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी नवागत जिला पंचायत राज अधिकारी से मिले



**चरगांवा, गोरखपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन गोरखपुर के ज़िलाध्यक्ष सत्य पाल सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को समस्त ब्लॉक अध्यक्षों एवं प्रधानों के साथ नवागत डीपीआरओ सौम्य शील सिंह से शिष्टाचार मुलाकात हुई । इस अवसर पर ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के बाद आ रही बाधाओं को दूर करने पर चर्चा हुई ।वार्ता से यह साफ हो गया कि डीपीआरओ साहब का जैसा नाम है वैसा काम भी है ।उन्होंने यह भी बताया कि हम सदैव आपके सहयोग के लिए तैयार रहेंगे आप लोग अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें कोई भी समस्या हो तो तुरंत समाधान किया जाएगा ।नयी कार्ययोजना बर्ष 2026-27 की रुपरेखा आज कल में जारी कर दी जाएगी तब समस्त प्रधान लोग कार्य योजना बनाकर विकास कार्यों को प्रारंभ कर सकते है । इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गण खोराबार महेन्द्र पासवान, कौडीराम राम प्रसाद यादव,बेलघाट अरुण शुक्ला, भटहट बलवंत यादव, खजनी सत्येंद्र कुमार सिंह, बाँसगाव विष्णु शंकर मिश्र,भटहट उपाध्यक्ष बक्शीश अली ,ग्राम प्रधान चंद्र कुमार सिंह सोनू, उदय चंद्,दीपक,राम चंद्र निषाद सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित रहे । उक्त जानकारी सत्य पाल सिंह ज़िलाध्यक्ष ने दी ।

**पूर्व चेयरमैन ने डीएमसे मुलाकात कर ओवरब्रिज के दोनों ओर सड़क चौड़ीकरण की मांग की**

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा रेलवे स्टेशन के रेलवे समपार फाटक संख्या 147-बी पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का कार्य अंतिम चरण में पहुंचने के बीच पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने शुक्रवार को डीएम से मुलाकात कर ओवरब्रिज से जुड़े संपर्क मार्गों के चौड़ीकरण की मांग किया है ।उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज शुरू होने के बाद क्षेत्र में वर्षों पुरानी जाम की समस्या से राहत मिलेगी ।लेकिन इसके दोनों ओर पहुंच मार्ग पर्याप्त चौड़े न होने पर ओवरब्रिज के अंतिम छोर पर यातायात का दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में शहीद स्मारक की ओर जाने वाले मार्ग को मानक के अनुरूप चौड़ा कराया जाना जरूरी है।

# आपसी सौहार्द व एकता के साथ मना सालाना उर्स



- हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश देते हुए लंगर का भी आयोजन किया गया

जिला संवाददाता (vol)

**पाटन, उन्नाव।** भगवन्तनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ससान में हिन्दू-मुस्लिम समायोजित एकता कमेटी के तत्वावधान में हजरत औलिया शाह रहमतुल्लाह अलैह का 103वां सालाना उर्स मुबारक श्रद्धा एवं कौमी एकता के साथ मनाया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह शामिल हुए। उन्होंने बाबा की मजार पर चादरपोशी कर मुल्क में अमन-चैन और समस्त देशवासियों की खुशहाली-तरक्की की मन्नत मांगी। उर्स के दौरान आयोजित कव्वाली मुकाबले में शामिल उस्मान ताज कानपुर व करिश्मा ताज, सिंगर नागपुर की कव्वाल पार्टियों का मानवेन्द्र सिंह ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने कव्वालों को प्रोत्साहन धनराशि तथा आयोजन समिति को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया इस मौके पर मानवेन्द्र सिंह ने कहा, -दरगाहें गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल हैं। यहां सभी धर्मों के लोग एक साथ सिर झुकाते हैं। हिन्दू-मुस्लिम एकता से ही देश मजबूत होगा, कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलेश पटेल, बब्बन, शानू, सलमान, चुन्नू,प्रखर सिंह, अमन सिंह, अशोक पासवान, पिंकू यादव, राघवेंद्र, सूरज सिंह, सेनू यादव,आशू सिंह, सौरभ सिंह, सर्वेश कुमार रिंकू, कमलेश, अनूप, नुर मोहम्मद, इस्ताया खान कमेटी अध्यक्ष व आयोजन समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। उर्स में हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश देते हुए लंगर का भी आयोजन किया गया।

# टीबी मुक्त भारत को लेकर ग्राम विकास अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण

**पुरवा (वीओएल)।** इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स और एनटीईपी के संयुक्त तत्वावधान में 12 जून 2026 को विकासखंड पुरवा के मीटिंग हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण का विषय ह्यटीबी मुक्त ग्राम पंचायतह्न रहा। प्रशिक्षण में ग्राम विकास अधिकारियों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के 6 इंडिकेटर समय से पूरे करने के निर्देश दिए गए। इसमें सभी ग्राम पंचायतों में टीबी रजिस्टर रखने, ग्राम पंचायत स्तर पर संभावित मरीजों की जांच कराने, टीबी जागरूकता बैठक आयोजित करने और सभी गांवों में वॉल पेंटिंग कराने पर जोर दिया गया। इसके अलावा टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली देने, वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में टीबी से संबंधित खर्च शामिल करने तथा टीबी के लक्षण, निशुल्क जांच व इलाज की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। बैठक में एडीओ पंचायत राकेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अमित कुमार, शैलेंद्र पटेल, दीपक कुमार, अशोक भारती, आकाश वर्मा, अनिल पटेल, अनिल कुमार, गुड्डू श्रीवास्तव, एसटीएस अनुराग वर्मा, एसटीएलएस राजीव कुमार और वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स से जिला समन्वयक अश्वनी मिश्रा, एमआईएस रवि शंकर व सामुदायिक समन्वयक संतोष कुमार सक्सेना मौजूद रहे।



# मानदेय वृद्धि को लेकर पंचायत सहायकों ने ज्ञापन सौंपा

जिला संवाददाता (vol)



**सफीपुर, उन्नाव।** मानदेय में वृद्धि स्थायी सेवा का लाभ मोबाइल इंटरनेट भत्ता स्मार्टफोन समेत विभिन्न मांगों का पत्र पंचायत सहायकों ने बी डी ओ श्वेता त्रिपाठी को सौंपा। पंचायत सहायक संघ इसके अतिरिक्त पंचायत सहायकों को अपने निजी मोबाइल फोन इंटरनेट बिजली एवं अन्य संसाधनों का उपयोग कर सरकारी कार्यों का निष्पादन करना पड़ता है। अनेक बार स्वयं के खर्च पर रिचार्ज, डाटा पैक. दस्तावेजों का प्रिंट एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं।इतनी कम आय में इन सभी खचों का वहन करना अत्यंत कठिन हो गया है। वर्तमान 6000 प्रतिमाह मानदेय को बढ़ाकर कम से कम 18 से 20 हजार प्रतिमाह किया जाए ताकि पंचायत सहायकों को उनके कार्य एवं जिम्मेदारियों के अनुरूप सम्मानजनक पारिश्रमिक प्राप्त हो सके, पंचायत सहायकों को स्थायी सेवा का लाभ प्रदान किया जाए। पंचायत सहायकों के लिए नियमितीकरण/स्थायीकरण की नीति बनाई जाए तथा उन्हें सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए, जिससे उनका भविष्य सरक्षित हो सके।, मोबाइल रिचार्ज एवं इंटरनेट भत्ता प्रदान किया जाए।,सरकारी कार्यों के लिए मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग अनिवार्य है। अतः पंचायत सहायकों को प्रतिमाह मोबाइल रिचार्ज एवं इंटरनेट भत्ता उपलब्ध कराया जाए।,पंचायत सहायकों को सरकारी कार्य हेतु स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए। प्रत्येक पंचायत सहायक को सरकारी कार्यों के लिए एक उपयुक्त स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए अथवा इसके लिए विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।,स्पष्ट सेवा नियमावली लागू की जाए।,पंचायत सहायकों के अधिकार, कर्तव्य, सेवा शर्तें. अवकाश, स्थानांतरण एवं सेवा सुरक्षा से संबंधित स्पष्ट,नियमावली बनाई जाए। आवश्यक तकनीकी संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इंटरनेट कनेक्शन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाए। पंचायत सहायकों को ईपीएफ, बीमा, चिकित्सा सहायता एवं अन्य कर्मचारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। इस अवसर पर समस्त पंचायत सहायक मौजूद थे

## नवागत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने ड्यूटी के प्रति सख्त रहने की चेतावनी दी

**उन्नाव।** जिला पुरुष अस्पताल में नवागत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुनील कुमार शुक्ला ने अस्पताल का कार्यभार संभालते ही डॉक्टरों व कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति सख्त रहने की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ओपीडी में समय से उपस्थित रहें मरीजों के प्रति स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को सुबह अपने निर्धारित समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के लिए कहा। मरीजों के साथ शालीन व्यवहार करने और उन्हें बेहतर इलाज और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इमरजेंसी,वार्ड, और ओपीडी गैलरी के खराब पड़े पंखे तुरंत सही करवाए ट्रामा सेंटर की कई सालों से खराब पड़ी एक्स-रे मशीन को सही कराने के आदेश दिए।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 106-सिग/टेंडर/20/2026–27 | | |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिविजन में लगाए गए HBL मेक के IPS (27 यूनिट) के लिए 36 (छत्तीस) महीनों का कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,45,34,635.38 | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹2,90,700/- | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.07.2026, 15:30 Hrs. | | |
| वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in. वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना की धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सूचना सं.: 106-सिग/टेंडर/20/2026–27
दिनांक: 12.06.2026 2013/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें **सिंगिल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| निविदा सं. : 106-सिग/टेंडर/21/2026-27 |
| कार्य का नाम: उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीज़न में अमर राजा (AMAR RAJA) के IPS (13 यूनिट) के लिए 36 महीनों का कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। |
| अनुमानित लागत : रु. 57,13,376.76/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत : शून्य |
| धरोहर राशि : रु. 1,14,300.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि : 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 03.07.2026, 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं.: 106-सिग/टेंडर/21/2026-27 दिनांक: 12.06.2026 2015/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## विधायक ने पसगवां मंडल के 6 गांवों का किया दौरा

पसगवां खीरी। पसगवां क्षेत्र के विकास और जनता से सीधे जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पसगवां भाजपा मंडल के विभिन्न गांवों का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के कड़े निर्देश दिए। विधायक का यह भ्रमण कार्यक्रम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 10:00 बजे से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से निम्नलिखित गांवों का दौरा किया पांडेवारी छपौरा, भूड़ा, सुखवसा, ढखिया बड़गूजर मड़वा जनता के बीच पहुंचे विधायक, जाना हाल-चाल भ्रमण के दौरान विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने प्रत्येक गांव में चौपाल लगाकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। ग्रामीणों ने पानी, बिजली, सड़क और सरकारी योजनाओं के लाभ से जुड़ी अपनी-अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। विधायक ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना शामिल है और किसी भी नागरिक को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। इस व्यापक जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक के साथ भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## डोर - टु - डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वाहनों को दिखायी हरी झंडी

सिंगाही - खीरी। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कस्बे में डोर - टु - डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वाहनों को चेयरमैन मो.कयूम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरकार की ओर शहरों और कस्बों को साफ - सुथरा रखने के लिए घरों से डोर - टु - डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए निजी कंपनी आरआईओ को ठेका दिया गया। कंपनी की ओर से सोमवार को नगर पंचायत मैरिज हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान कंपनी के मैनेजर अमर राठौर ने बताया कि सोमवार से शुरू हो अभियान में शुरूआत के एक महीने फ्री कूड़ा उठाया जाएगा। इसके बाद कस्बे के लोगों की सहमति से शुल्क निर्धारित किया जाएगा। इस दौरान सभासद रामनरेश गुप्ता, दीपक सक्सेना, सलाउद्दीन, राहुल गुप्ता, ध्रुव दिवाकर, सभासद प्रतिनिध नरेंद्र गुप्ता, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कहासुनी के बाद युवक ने पी यूरिया

सीतापुर। थाना सदंना क्षेत्र के भीखपुर गांव में परिजनों से मामूली कहासुनी के बाद एक युवक द्वारा यूरिया खाद पी लेने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, भीखपुर निवासी 30 वर्षीय राजू पुत्र महावीर का किसी बात को लेकर परिवार के लोगों से विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने घर में खेतों के लिए रखी यूरिया खाद को पानी में घोलकर पी लिया। यूरिया पीने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। यह देखकर परिजन घबरा गए और तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली ले गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक का उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से राजू की हालत अब य है और वह खतरे से बाहर है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास सरकार का लक्ष्य



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बट्सगंज स्थित बालदा कॉलोनी में समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना था।

अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घर-घर संपर्क कर लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही लगाए गए स्टालों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने जनभागीदारी को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संगठन और सरकार निरंतर कार्य कर रहे हैं कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नेहा अवस्थी, उपजिलाधिकारी न्यायिक सीमा सिंह, सभासदगण तथा नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## 12 साल बेमिसालः भाजपा का संवाद कार्यक्रम संपन्न




सीतापुर। तंबौर कस्बे के रामलीला मैदान पर स्थित देवी मंदिर पर नगर पंचायत तम्बौर द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी केंद्र में 12 साल व राज्य में 9 वर्ष बेमिसाल संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा रहे। अध्यक्षता चेयरमैन तोयबुन निशा, शासन द्वारा नामित सभासद राम सिंह वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह ने किया कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं से आम जनता को हुए लाभों की जानकारी दी तथा उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में राम सिंह वर्मा, सैय्यद मोव रेहान, मनोज नाग, जईम खान, गनेशी, शिवम वर्मा, मेराज खान, हाजी शिबू, अलीम पहलवान , मुहिल खान, सगीर खान, लतीफ अंसारी, मोलाना गुफरान, शाहीद खान व पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सक्षम संस्था ने कराया 281वां नेत्रदान

सीतापुर। एक बार फिर सक्षम संस्था ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए दो नेत्रहीन लोगों के जीवन में उजाला पहुंचाने का कार्य किया। श्री गुरु सिंह सभा सीतापुर के पूर्व प्रधान सरदार चमन सिंह (78) के निधन के बाद उनके पुत्र इंद्रपाल सिंह ने पिता की अंतिम इच्छा और समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए सक्षम संस्था से संपर्क कर नेत्रदान कराने का अनुरोध किया। सूचना मिलते ही सक्षम संस्था सक्रिय हो गई। संस्था ने तत्काल आई हॉस्पिटल सीतापुर से समन्वय स्थापित कर चिकित्सकों की टीम गठित कराई। टीम ने समय रहते सरदार चमन सिंह की दोनों कॉर्निया सुरक्षित कर लीं। अब ये कॉर्निया दो नेत्रहीन व्यक्तियों की आंखों की रोशनी बनेंगी और उन्हें दुनिया देखने का नया अवसर देंगी। सक्षम संस्था के अध्यक्ष संदीप भरतीया ने कहा कि सरदार चमन सिंह समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहे और नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने कहा कि सिख समाज ने हमेशा नेत्रदान जैसे पुण्य कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। संस्था के मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने कहा कि सरदार चमन सिंह इस दुनिया से भले ही विदा हो गए हों, लेकिन उनकी आंखों की रोशनी अब दूसरों के जीवन को प्रकाशित करेगी। अक्षत अग्रवाल ने बताया कि सक्षम संस्था के माध्यम से यह 281वां सफल नेत्रदान है। संस्था के सुभाष अग्निहोत्री ने कहा कि नेत्रदान वह महादान है जो मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा का अवसर देता है। सक्षम संस्था लगातार नेत्रदान जागरूकता अभियान चलाकर समाज में नई चेतना जगा रही है और सैकड़ों परिवारों को इस पुण्य कार्य से जोड़ चुकी है।

## 14 को 15 केंद्रों पर होगी जीआईसी प्रवक्ता पद के लिए परीक्षा

लखीमपुर खीरी। जिले में 14 जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता (महिला/पुरुष) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा जिले के 15 केंद्रों पर एक पाली में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में 6257 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक आयोजित की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने किया। बैठक में अधिकारियों को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों और दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा संबंधी कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सघन जांच करने और मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट घड़ी, कैलकुलेटर समेत सभी प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षा केंद्र में ले जाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक ने परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## राहुल गांधी के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कांग्रेस पार्टी द्वारा छोटी काशी में जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की अपील का वितरण किया गया। साथ ही अंडमान निकोबार की प्राकृतिक संपदा को बचाने के लिए देशभर में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत लोगों से समर्थन जुटाया गया।

खुटार रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए बैनर के माध्यम से सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर अभियान में भागीदारी की। उपस्थित लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि देश के मुद्दों की लड़ाई प्रभावी ढंग से वही लड़ रहे हैं। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के निर्देश पर आयोजित किया गया जबकि इसका नेतृत्व नगर अध्यक्ष अजीत जैन ने किया। अभियान में कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और हस्ताक्षर कर अपना योगदान दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जनसमर्थन जुटाने का आह्वान किया।

## किशोर को बनाया बंधक, कमरे में बंद कर लोहे की रॉड से पीटा

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के ओदहरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक किशोर को कथित तौर पर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। मारपीट में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके कान से खून बहने लगा। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर ऋकार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी राजेंद्र प्रकाश के अनुसार, उनका बेटा स्वतंत्र बाजपेयी बुधवार दोपहर करीब चार बजे खेत में सिंचाई कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के सज्जन बाजपेयी, रज्जन बाजपेयी, छुन्नन और गोविंद उसे बहाने से अपने घर बुलाकर ले गए। पीड़ित के पिता का आरोप है कि वहां स्वतंत्र को एक कमरे में बंद कर दिया गया और लाठी-डंडों तथा लोहे की रॉड से जमकर पीटा गया। मारपीट में किशोर को गंभीर चोटें आईं और उसके कान से खून निकलने लगा। राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर जब वह बेटे को बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग है। उपनिरीक्षक बसंत कुमार ने बताया कि मा तो जांच की जा रही है तथा मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

## खाई में गिरी कार, ई-रिक्शा की बोरियों में फंसकर गिरे बाइक सवार

सीतापुर। जिले के संदना और सिधौली क्षेत्रों में शुक्रवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कई लोग घायल हुए, जबकि एक परिवार बड़ा हादसा टलने से बाल-बाल बच गया। संदना थाना क्षेत्र में सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर ग्राम गोपालपुर पूर्वी स्थित कंपोजिट विद्यालय के पास एक कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल टूट गया और कार सड़क किनारे खाई में जा गिरी। कार चालक जितेंद्र वर्मा निवासी फैजुल्लागंज, लखनऊ अपने परिवार के साथ नैमिषारण्य से दर्शन कर लौट रहे थे। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी चार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि कार क्षत्रिग्रस्त हो गई। वहीं सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर टंड़ई गांव के पास क्षमता से अधिक बोरियां लादकर चल रहे एक ई-रिक्शा के कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक चालक सतीश का हैंडल ई-रिक्शा की बाहर निकली बोरियों में फंस गया, जिससे बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में सतीश और उनके साथी राकेश घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों को सीएचसी सिधौली पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत स्थिर है।

## कटान रोकने के लिए ठोकर निर्माण शुरू



तिकुनियां खीरी। भारत नेपाल सीमा पर तेज धार से बहने वाली मोहाना नदी पर सिंचाई विभाग ने ठोकर निर्माण का काम शुरू किया है। महकमा रेलवे ट्रैक और बांध रोड को बचाने के लिए करीब साढ़े पांच सौ मीटर में पत्थर का काम कर चुका है। नदी पर कार्य होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। दो साल पहले जसनगर गांव के पास मोहाना नदी ने तेज धार के साथ तेजी से कटान शुरू किया था। ग्रामीणों ने गांव को बचाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर मांग की थी, जिस पर सिंचाई विभाग ने नदी किनारे जिओ टयूब बैग लगाकर कटान को रोकने का प्रयास किया था। इस बार दो माह पहले सिंचाई विभाग ने मोहाना नदी किनारे स्थित नानपारा मैलानी रेलवे लाइन तथा बांध रोड की सुरक्षा के लिए साढ़े पांच सौ मीटर में बांध के किनारे पत्थर लगाने का काम पूरा किया है अभी पत्थर लगाने का काम जारी है। विभाग का कहना है ढाई सौ मीटर पत्थर अभी और लगाया जाएगा। विभाग के जेई नितिन कुमार यादव ने बताया कि जिओ ट्यूब बैग के आगे साढ़े पांच सौ मीटर में बोरियों में बालू भरकर नदी कटान को रोकने के लिए इंतजाम किया जा रहा है। जिससे काफी मजबूती आएगी।

## वृद्ध की रुकी पेंशन चालू कराने को डीएम खुद बने सहारा

### जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के साथ डीएम ने परखी ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। विकास भवन के औचक निरीक्षण में डीएम अंजनी कुमार सिंह का संवेदनशील, सख्त प्रशासनिक चेहरा एक साथ देखने को मिला। समाज कल्याण विभाग में निरीक्षण के दौरान शहर के निर्मल नगर निवासी वृद्ध सूरज प्रसाद वर्मा ने कई माह से वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत डीएम से की। मामला गंभीरता से लेते हुए डीएम ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली। जांच में पता चला कि ई-केवाईसी न होने के कारण पेंशन रुकी हुई थी। इस पर डीएम ने मौके पर ही स्वयं खड़े होकर कनिष्ठ सहायक हेमंत कुमार से वृद्ध की ई-केवाईसी कराई और आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए समस्या का तत्काल समाधान कराया। डीएम की तत्परता से वृद्ध के चेहरे पर राहत और संतोष दिखाई दिया।

निरीक्षण के दौरान विकास भवन परिसर में हरियाली और स्वच्छ वातावरण देखकर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्य के लिए वरिष्ठ सहायक/ स्टेनो सीडीओ बृजेश अवस्थी की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता और हरित वातावरण सकारात्मक कार्य संस्कृति का परिचायक है।

मत्स्य विभाग के निरीक्षण में डीएम ने पाया कि एक कनिष्ठ सहायक लखनऊ से लौटकर कार्यालय पहुंचा है। कारण पूछने पर कर्मचारी ने बताया कि आहरण-वितरण संबंधी कार्यों के लिए मंडल स्तर पर जाना पड़ता है। इस पर डीएम ने व्यवस्था को सरल बनाने के लिए जिला स्तर पर ही आहरण-वितरण का चार्ज सक्षम अधिकारी को दिए जाने संबंधी पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीएम ने पंचायत राज, अर्थ एवं संख्याधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, सहकारिता, लघु सिंचाई, मनरेगा, ग्राम्य विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मत्स्य, पशुपालन, आरईएस तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली और ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था की समीक्षा की। कर्मचारियों ने अपने मोबाइल फोन पर ऑनलाइन अटेंडेंस का विवरण दिखाकर उपस्थिति की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऑनलाइन अटेंडेंस में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपस्थिति दर्ज न होने पर वेतन भुगतान प्रभावित होगा।

## लिलौटी नाथ मंदिर को सीडीओ के प्रयासों से मिल रही विकास की नयी रफ्तार



लखीमपुर खीरी। प्रसिद्ध शिव मंदिर लिलौटी नाथ में इन दिनों विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। सीडीओ अभिषेक कुमार की अभिनव पहल और सतत निगरानी के चलते मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्र तेजी से नए स्वरूप में ढल रहा है। वर्षों से लंबित बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण कार्य अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह है। शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और आगामी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे आवागमन पहले से अधिक सुगम होगा। वहीं परिसर में लगाए गए नए विद्युत पोल और लाइटों से रात्रिकालीन व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है।

### चबूतरा फिनिशिंग पर, घाट को मिला नया स्वरूप

मंदिर परिसर में चल रहा चबूतरा निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसके पूरा होने पर परिसर का सौंदर्य और अधिक निखरेगा तथा श्रद्धालुओं के लिए बैठने एवं पूजा-अर्चना की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं स्टील बेंच लगाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। नदी की व्यापक सफाई कर घाट को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र का धार्मिक एवं पर्यटन महत्व और बढ़ गया है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंदिर प्रबंधन से संवाद कर विकास कार्यों को समन्वय के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

## 18 से शुरू होगी छह दिवसीय श्रीराम कथा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। श्री नारायणेश्वर शिव एवं हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर नारायण कॉलोनी भुसौरिया रोड स्थित मंदिर परिसर में 18 जून से 23 जून तक छह दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगी। आयोजकों ने बताया कि कथा का शुभारंभ 18 जून को कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद 19 जून को शिव विवाह, 20 जून को राम जन्म, 21 जून को बाल लीला एवं धनुष यज्ञ, 22 जून को श्रीराम विवाह और 23 जून को केवट प्रेम एवं राज्याभिषेक की कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कथा व्यास के रूप में राष्ट्रीय संत प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र कुलदीप जी महाराज (अयोध्या धाम) श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा सुनाएंगे। आयोजन के मुख्य यजमान गोविंद शुक्ल और मुख्य व्यवस्थापक उमाकांत सक्सेना हैं। कार्यक्रम के संरक्षक ओम प्रकाश पेड़ा वाले हैं। आयोजन समिति ने नगर एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा सुनने और धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। समिति के अनुसार प्रतिदिन कथा के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी एवं शरद गुप्ता (सोनू) सहित श्री नारायणेश्वर शिव एवं हनुमान मंदिर सेवा परिवार तथा समस्त नारायण कॉलोनी वासी आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कथा में परिवार सहित सहभागिता करने का आह्वान किया है।

## शैलू इलेवन, पैंथर इलेवन और गट्टानी क्लब की जीत

### गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार रात खेले गए मुकाबलों में शैलू इलेवन, पैंथर इलेवन और गट्टानी क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने अपने मैच जीतकर अगले दौर की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम पीआईसी में दूधिया रोशनी के बीच खेले गए मुकाबलों का खेल प्रेमियों ने भरपूर आनंद लिया।

पहले मैच में ज्ञान वाटिका और शैलू इलेवन आमने-सामने थीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए शैलू इलेवन ने शाहिल के 35 और अमित के 26 रनों की मदद से 81 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ज्ञान वाटिका की टीम छोटे के 20 रन के अलावा कोई बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी और पूरी टीम 75 रन पर सिमट गई। इस तरह शैलू इलेवन ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे मैच में घुसियाना क्लब ने मोबिन के 23 रनों की बदौलत 64 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पैंथर इलेवन के नसीर ने 23 और सागर ने 16 रन की उपयोगी पारी खेली। पैंथर इलेवन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में बिलाल क्लब ने आयान 18 और गोलू 8 के सहयोग से 61 रन बनाए। जवाब में गट्टानी क्रिकेट क्लब के जयेश ने 29 और गट्टानी ने 17 रन बनाकर टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी।

मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमित 4 विकेट, रजनीकांत तथा जयेश 29 रन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता आशुतोष गिरी, रामू भारती, कुलदीप कुमार, अवधेश वर्मा, विपिन वर्मा और कादिर जौहर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान आयोजन समिति के विनोद स्वर्णकार, पंकज राजपूत, सुभाष राजपूत, बिजेंद्र चौधरी, राममूर्ति मिश्रा, शोभित सिंह, राम गुलाम पांडेय, राकेश तिवारी और रूपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## टंकियां पड़ी अधूरी, लोग शुद्ध पेयजल से वंचित



सीतापुर। हरगांव ब्लॉक में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है। ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जबकि जिन गांवों में टंकियां बन चुकी हैं वहां भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। नतीजतन हजारों ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। सेलूमऊ कोरैय्या, उदनापुर, रौना, भटपुरवा, सकलनपुर, बकसोहिया, पचेहरा और राही समेत अनेक ग्राम पंचायतों में टंकियों का निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा है। कई स्थानों पर निर्माण के बाद टंकियों की देखरेख भी नहीं हो रही है, जिससे परियोजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत केवल ढांचे खड़े कर दिए गए हैं, लेकिन घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था आज तक शुरू नहीं हुई। भीषण गर्मी के बीच खराब पड़े हैंडपंपों ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ग्रामीण उमेश, बलवीर, शिवकमल, राहुल और तरन्नुम ने बताया कि शुद्ध पेयजल की समस्या लगातार बनी हुई है और जिम्मेदार विभाग समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार हरगांव ब्लॉक के करीब 40 प्रतिशत परिवार अभी भी शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित हैं। जबकि जल जीवन मिशन का लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल से जल पहुंचाना है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द अधूरे कार्य पूरे कर जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। वहीं अवर अभियंता अजय कुमार का कहना है कि बजट की कमी के कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित हुई है और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार काम कराया जा रहा है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर।**

**पताः-तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

पत्रांक-402/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्राली/अनु.सहायक/2026-2027, दिनांकः-02-06-2026

महामहिम श्रीराज्यपाल, उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ.प्र. में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु स्वीकृति में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | योजना/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.में) | बिड सिकुरिटि (इ.एम.डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | **विधायक निधि योजना** | | | | |
| 1 | सीतापुर | सेउता में सार्वजनिक चक्रतीर्थ तालाब पर सौन्दर्यीकरण, वि.खं. रेउसा। | 25.00 | 0.50 | 500+300+144 =944.00 | 03 माह |
| 2 | सीतापुर | सेउता में सार्वजनिक चक्रतीर्थ तालाब पर रेटेनिंग वाल का निर्माण कार्य, वि.खं. रेउसा। | 25.00 | 0.50 | 500+300+144 =944.00 | 03 माह |

2. वैबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-24-06-2026 से 01-07-2026 (अपरान्ह 12:00बजे तक)
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः-01-07-2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-02-07-2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(रवि प्रताप सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,**
**प्रखण्ड सीतापुर।**
**श्रीराज्यपाल, उ.प्र. की ओर से।**

UPID-252535 Date: 12.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## भाजपा ने गिनायीं मोदी सरकार की उपलब्धियां

**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने जनपद के 26 मंडलों में विशेष संपर्क अभियान तेज कर दिया है। अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद कर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ व्यापारियों, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों से मुलाकात कर केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पुस्तिका वितरित की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विकास, सुरक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर, 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तथा 21 जून को योग शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## भाईचारे के साथ मनायें त्यौहार : एसडीएम

**परशदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर पुलिस चैकी में शुक्रवार को मोहर्रम त्यौहार को लेकर सलोन एसडीएम मथिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में क्षेत्र व कस्बे के गण्मान्य लोग मौजूद रहे। पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे सलोन एसडीएम ने कहा कि त्योहार व कोई पर्व हो उसे आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मिलजुल कर मनाएं जिससे क्षेत्र में एक अच्छा सन्देश पहुंचे। मोहर्रम गम का पर्व है,कोई हुड़दंग न मचाये और अलम की ऊँचाई कम रखें। सलोन सीओ यदुवेन्द्र बहादुर पाल ने कहा सभी लोग आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करत्योहार मनाएं, अगर कोई खलल डालने की कोशिस करे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मोहर्रम गम का पर्व है परंपरागत तरीके से मनाएं। इस मौके पर मो. इतरत, शम्सी रिजवी, आरिफ नकवी, कासिम, बबलू, मुन्ना रिजवी सहित सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

## ऊसराहार के युवक की राजस्थान के अलवर में मौत

**ऊसराहार, इटावा।** थाना क्षेत्र के कस्बा ऊसराहार मे बिधूना मार्ग पर रहने वाले श्यामू गुप्ता पुत्र वीरेंद्र गुप्ता 35 वर्ष का शव राजस्थान मे मिलने की सूचना पर ऊसराहार मे रहने वाले परिवार मे कोहराम मच गया, श्यामू ऊसराहार मे कुछ वर्ष पहले विद्युत विभाग मे लायन मैन था लेकिन ठेकादार द्वारा उसे हटाए जाने के बाद वह अयोध्या मे किसी कंपनी के साथ विजली का काम करने लगा था, कुछ दिन पहले वह वहा से राजस्थान पहुच गया तीन दिन पहले ही उसने किसी व्यक्ति के मोवाइल से अपने बडे भाई हैप्पी गुप्ता को फोन कर घर के हालचाल लिए थे, उस समय श्यामू ने अपने भाई को राजस्थान मे किसी कंपनी मे नौकरी करने की बात बताई थी। शुक्रवार की सुबह ऊसराहार पुलिस ने श्यामू के भाई को घर पर सूचना दी कि उसके भाई की मौत हो गई, जानाकरी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया अलवर जनपद के रामगण थाना क्षेत्र मे गुजरने वाली रेलवे लायन पर श्यामू का शव रैलवे ट्रैक पर पडा मिला है, उसके जेब मे रखे आधार कार्ड के आधार पर अलवर पुलिस से सूचना उन्हे मिली थी, मौत की खबर मिलते ही श्यामू के शव को लेने के लिए उनके परिजन अलवर जनपद के रामगण मे स्थित उप जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गये।

## डीएम ने लगाया नदियों से मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**फिरोजाबाद।** मानसून में मछलियों के प्रजनन को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपद में प्रवाहित होने वाली नदियों में मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण फिरोजाबाद गौरव सिन्हा ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार 01 जून से 31 अगस्त तक जनपद में बहने वाली यमुना आदि नदियों में मछली पकड़ना पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा। साथ ही 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक की अवधि में मत्स्य बीज फाई एवं फिंगरलिंग की निकासी पकड़ना, बेचना या नष्ट करना भी वर्जित रहेगा। किसी के द्वारा अवैध रूप से ऐसा करता पाये जाने पर उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# देश ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, बुनियादी ढांचा, विदेश नीति में की उल्लेखनीय प्रगति

- **भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक विश्वसनीय और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में पहचान बनायी : राकेश सचान**



**रायबरेली।** प्रभारी मंत्री एवं मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग राकेश सचान की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व के 12 वर्ष राष्ट्र विकास, सुशासन और जनकल्याण के एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखे जा रहे हैं। इस अवधि में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, बुनियादी ढाँचा, विदेश नीति तथा जनसेवा के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

बीते 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक विश्वसनीय और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में पहचान बनाई है। आधारभूत संरचना के विस्तार, डिजिटल सेवाओं के प्रसार, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा नवाचार को प्रोत्साहन देने के प्रयासों ने देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे, हाईवे एवं ग्रामीण सड़कों के निर्माण से कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार हुआ है, वहीं एयर कनेक्टिविटी में भी तेजी आई है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तथा भीमसेन में विकसित औद्योगिक केंद्र से औद्योगिक विकास को नई गति मिली है। इस अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, डीसी मनरेगा प्रमोद सिंह, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धि लाल पासी, जिलाध्यक्ष अपना दल सतेन्द्र पटेल, पूर्व विधायक रामलाल अकेला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम संपन्न

**रायबरेली।** प्रभारी मंत्री राकेश सचान की गरिमामयी उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, वकीलों, उद्योगपतियों, व्यापारियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध जनो के साथ सीधा संवाद किया, जिसमें लघु उद्योग भारती से सुशील अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन से गौरव, शिक्षा क्षेत्र से डॉ0 प्रीती तिवारी, अजय सिंह चंदेल, हरीशानन्द मिश्र, विधिक प्रबुद्ध वर्ग से अजय मौर्या, विनोद द्विवेदी, हरीश चन्द्र शर्मा व्यापार मण्डल से केके गुप्ता, स्नेहलता त्रिवेदी, जीसी सिंह चौहान, अभिषेक पटेल, प्रभाकर गुप्ता आदि से संवाद स्थापित कर जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास हेतु सार्थक सुझाव प्राप्त किया गया।

## देवी सती की कथा का किया बखान

**सलोन, रायबरेली।** क्षेत्र के मां कमासिन धाम दरसवां में चल रही देवी भागवत कथा के चतुर्थ दिन में आयोजित ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथा व्यास प्रद्युम्न जी महराज ने देवी सती की कथा सुनाई और देवी जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान पूर्व ब्लाक प्रमुख सलोन कुंवर आजाद सिंह व मन्दिर कमेंटी संस्थापक सुभाष चन्द्र शर्मा ने आरती पूजन किया। आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज ने बताया कि देवी सती का जन्म सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के पुत्र प्रजापति दक्ष और उनकी पत्नी प्रसूति (अथवा वीरणी) के घर हुआ था। उन्हें आदिशक्ति का अवतार माना जाता है, जिन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने और संसार के कल्याण के लिए यह जन्म लिया था। राजा दक्ष और देवी प्रसूति ने एक सर्वशक्तिमान पुत्री पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उन्हें वरदान दिया था कि वे स्वयं उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लेंगी। सती बचपन से ही बेहद तेजस्वी और सुंदर थीं। अन्य बच्चों की तरह खेलने-कूदने के बजाय, उनका मन हमेशा भगवान शिव की भक्ति और ध्यान में लगा रहता था। कथा में प0 अजय तिवारी, दिनेश शुक्ल, शम्भू सिंह ,प्रदीप उपाध्याय , नवरंग सिंह ,वीरेंद्र यादव, अशोक चैरसिया, शिवशंकर वर्मा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# आवास सूची को लेकर खुली बैठक में हुआ मंथन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार विकास खंड की डोमनपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को पंचायत भवन परिसर में आयोजित खुली बैठक ग्रामीण समस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा का बड़ा मंच बन गई। ग्राम प्रधान प्रतिमा की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार की गई आवास प्लस सूची प्रमुख मुद्दा रही। ग्राम पंचायत सचिव इन्द्रदेव शुक्ला ने सर्वेक्षण के बाद तैयार आवास प्लस सूची को पढ़कर सुनाया और उसके अनुमोदन को लेकर ग्रामीणों से सुझाव मांगे। सूची में शामिल नामों और पात्रता को लेकर ग्रामीणों ने अपनी राय रखी तथा पारदर्शिता बनाए रखने की मांग की। बैठक में सूची पर विस्तार से विचार-विमर्श के बाद इसे लेकर सहमति बनाने का प्रयास किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड से जुड़ी समस्याएं भी उठाईं। कई लोगों ने परिवार के नए सदस्यों के नाम राशन कार्ड में जोड़ने की मांग की। सचिव ने संबंधित आवेदनों को दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके अलावा ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों, स्वच्छता, सड़क, आवास तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि दिव्यांश सिंह, पवन कुमार मिश्र, करन सिंह, सूरज मिश्रा, भास्कर, अभय विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। खुली बैठक में ग्रामीणों ने बेझिझक अपनी समस्याएं रखीं, जिससे पंचायत स्तर पर जनभागीदारी की मजबूत तस्वीर देखने को मिली।

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**रायबरेली।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस संदर्भ में अवगत कराना है कि बी.ए.में 720, बी.एससी. (गणित वर्ग)में 180, बी.एससी. (जीव विज्ञान वर्ग)में 180 तथा बी.कॉम.में 180 सीटों की उपलब्धता के साथ, स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए महाविद्यालय की निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से छात्र छात्राएं , आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय अपने उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपलब्ध विविध सुविधाओं के लिए विख्यात है। विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं। महाविद्यालय में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत ,शर्तों के आधार पर प्रतिवर्ष लगभग 7,500 से 12,500 तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

## दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के खजूर गांव में एक विवाहित महिला की 8 जून को संदिग्धावस्था में मौत हुई थी। महिला प्रिया यादव का शव फांसी पर लटका हुआ मिलाथा। मामले में प्रिया के पिता पूरे तिलंगा मजरे जोहवा नटकी थाना डलमऊ निवासी रमेश यादव ने लालगंज कोतवाली में प्रिया के पति रामकृष्ण उर्फ मोनू यादव के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। रमेश यादव का कहना है कि उसकी पुत्री को दहेज के लालच में ससुराली जनों ने मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रमेश यादव की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ है। मामले के आरोपी प्रिया यादव के पति रामकृष्ण यादव को दहेज हत्या के आरोप में पकड़कर जेल भेजा गया है।

# छोटे कारोबारियों के सपनों को मिली नयी उड़ान



- **स्वनिधि महोत्सव में गूंजा आत्मनिर्भरता का संदेश**

**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को नगरपालिका परिषद सभागार में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने की। महोत्सव में बड़ी संख्या में पथ विक्रेताओं ने भाग लेकर योजना की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने रेहड़ी, पटरी और ठेला लगाकर जीवनयापन करने वाले हजारों छोटे कारोबारियों को आर्थिक संबल प्रदान किया है। इससे उन्हें बिना किसी गारंटी के आसान ऋण उपलब्ध हो रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। अधिशासी अभियंता लाल चंद सरोज ने पथ विक्रेताओं को योजना के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि समय पर ऋण चुकाने पर लाभार्थियों को अधिक ऋण प्राप्त करने का अवसर मिलता है। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने और ब्याज अनुदान जैसी सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान पथ विक्रेताओं को योजना का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पथ विक्रेता उपस्थित रहे। महोत्सव में आत्मनिर्भर भारत और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का संदेश प्रमुखता से दिया गया।

**क्या प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी, ठेला और खोखा लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले छोटे व्यापारियों को बिना गारंटी आसान ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना के अंतर्गत पहली किस्त में 15 हजार, दूसरी में 25 हजार और तीसरी किस्त में 50 हजार तक का लोन दिया जाता है। समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी का लाभ भी मिलता है। डिजिटल लेन-देन करने पर अतिरिक्त कैशबैक प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## पुलिस लाइन्स में लखनऊ जोन की वॉलीबॉल व सेपक टकरा प्रतियोगिता का आगाज



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस लाइन्स में 27वीं अन्तर-जनपदीय (लखनऊ जोन) वॉलीबॉल एवं सेपक टकरा प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए किया। तीन दिवसीय इस जोनल खेलकूद प्रतियोगिता की मेजबानी सुलतानपुर पुलिस कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के 9 जनपदों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में लगभग 110 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए पुलिस लाइन्स में विशेष कोर्ट की व्यवस्था की गई है। महिला और पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल एवं सेपक टकरा के मुकाबले आगामी तीन दिनों तक खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। उद्घाटन समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारी, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल बनी मखौल, कई विभागों की गैरहाजिरी से ग्रामीण नाराज




जिला संवाददाता (vol)

**नसीराबाद, रायबरेली।** ग्रामीणों की समस्या का समाधान गांव में ही हो, इसी उद्देश्य से ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है। जनता को घर बैठे सुविधा दिया जाना शायद अधिकारियों को रास नहीं आ रहा है और वे सरकारी मंशा को ठेंगा दिखा रहे हैं।

शुक्रवार को पंचायत भवन मखदूमपुर में आयोजित चैपाल में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामवासियों ने दिल खोलकर अपनी बात रखी। अध्यक्षता कर रहे पूर्व ग्राम प्रधान राम उंजेर ने उनके निराकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही कराने का भरोसा दिलाया।

चौपाल में ग्राम पंचायत अधिकारी सुबोध कुमार मौर्य और लेखपाल प्रदीप साहू के अलावा शिक्षा, बिजली, पुलिस, सिंचाई, लोक निर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण, बाल विकास आदि विभागों के न तो कोई अधिकारी आए और न ही कोई प्रतिनिधि। ग्राम पंचायत अधिकारी ने वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवा पेंशन की सूची पढ़कर सुनाई। संतोष सिंह, भानुमती, पुत्तन, हरीलाल, आशाराम, रामजी और रामेश्वर आदि ग्रामीणों ने कहा कि कई विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों की उपेक्षा के कारण चैपाल का उद्देश्य विफल होता जा रहा है। शासन-प्रशासन को इसकी समीक्षा करके दोषियों को दण्डित करना चाहिए। ग्राम पंचायत दोस्तपुर बुढ़बारा में हालत और भी खराब रही। अधिकांश विभागों की अनुपस्थिति के कारण चैपालों से लोगों का मोह भंग हो रहा है।

## बिजली की लाइन ठीक करने के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग

- **लोगो को नलकूप के लिए विद्युत सप्लाई नहीं मिल पा रही है और गांव की खेती प्रभावित हो रही है**

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज विद्युत वितरण खंड के उपखंड अधिकारी शिवम वर्मा ने उप जिलाधिकारी डलमऊ को पत्र भेजकर आंधी तूफान में ध्वस्त हो गई विद्युत लाइन को ठीक किये जाने हेतु पुलिस बल दिलाए जाने की मांग की है। एसडीओ ने बताया कि बीती 13 मई को आए तीव्र आंधी-तूफान के कारण विद्युत वितरण उपखण्ड, लालगंज के अंतर्गत ग्राम दीपेमऊ में स्थित एल.टी. विद्युत लाइन के पोल एवं केबल/तार क्षतिग्रस्त होकर गिर गए थे। उक्त क्षति के कारण क्षेत्र के नलकूपों की विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिससे आम जनमानस को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पोलों एवं तारों के प्रतिस्थापन तथा लाइन मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। किन्तु कुछ ग्रामीण व्यक्तियों भूपेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह, बीरेन्द्र सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह एवं अन्य के द्वारा विभागीय कर्मचारियों को कार्य करने से रोका जा रहा है तथा लाईन नहीं बनने दिया जा रहा है। इस कारण लोगो को नलकूप के लिए विद्युत सप्लाई नहीं मिल पा रही है और गांव की खेती प्रभावित हो रही है।

उपखंड अधिकारी लालगंज ने एसडीएम डलमऊ को पत्र भेज कर जनसुविधा एवं विद्युत आपूर्ति की शीघ्र बहाली को दृष्टिगत रखते हुए उक्त स्थल पर आवश्यक प्रशासनिक सुविधा एवं पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

## इंडिया एंटी करप्शन फोर्स के 14 सदस्यों ने किया रक्तदान, स्थापना दिवस पर दिया मानवता का संदेश



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय इंडिया एंटी करप्शन फोर्स ने अपने स्थापना दिवस को सेवा और मानवता के पर्व के रूप में मनाया। इस अवसर पर संगठन के 14 सदस्यों ने जिला अस्पताल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने का संकल्प दोहराया। रक्तदान शिविर में महिलाओं की सहभागिता भी विशेष आकर्षण रही। गीता मिश्रा द्वारा किया गया रक्तदान प्रेरणादायी रहा, जिससे अन्य महिलाओं में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ा। संगठन के अध्यक्ष रमाशंकर पांडेय ने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। महासचिव विपिन मिश्र ने बताया कि संगठन रक्तदान, वृक्षारोपण, गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है और आगे भी सेवा कार्य जारी रखेगा। उपाध्यक्ष राजीव तिवारी ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्त की प्रत्येक बूंद किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनती है। शिविर में सीताराम द्विवेदी, अर्चित मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, राम प्रकाश पांडेय, प्रसून शुक्ला, सत्यम शुक्ला, सौरभ रावत, हिमांशु केसरवानी समेत कई लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में संगठन पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा ब्लड बैंक की टीम की सक्रिय मौजूदगी रही।

# पूर्व विधायक के प्रयासों से शोभापुर स्केप की खुदाई शुरू

- **पूर्व विधायक राकेश सिंह मिलकर किसानों ने बताई थी आपबीती काम शुरू होने से अब खुशी की लहर**



**महराजगंज, रायबरेली।** लंबे अरसे से किसानों के लिए समस्या का सबब बनी शोभापुर स्केप इस बार किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी क्योंकि पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से इसकी खुदाई का रास्ता साफ हो चुका है, जिससे किसानों में खुशी की लहर है।

बता दें कि महराजगंज ब्लाक क्षेत्र के बरहुवां ग्राम पंचायत अंतर्गत पूरे अभिमान सिंह गांव के पास से शोभापुर स्केप निकली हुई है, जिसकी लंबाई तकरीबन साढ़े चार किलोमीटर है,जो बजट के अभाव में झाड़ियों से पटी होने के कारण, जल निकासी की समस्या बनी हुई थी और हजारों बीघे फसल डूब जाती थी जिससे किसानों के सामने संकट उत्पन्न हो जाता था। इसकी खुदाई को लेकर क्षेत्रीय किसान कई सालों से परेशान थे और पिछले दिनों पूर्व विधायक राकेश सिंह से मिलकर स्केप की सफाई की मांग की थी जिस पर उन्होंने अधिकारियों से बात कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए थे। अब पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से स्केप की खुदाई का काम शुरू हो गया है जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी है, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह बड़े भाई गणेश प्रताप सिंह ने अधिशाषी अभियंता सुशील कुमार सिंचाई विभाग की उपस्थिति में नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। स्केप की खुदाई से भीरा, मझिगवां, मलिकपुर बरना, पंचम सिंह गोंदरिहा बरहुआं पखनपुर पूरे श्रद्धा शोभापुर पूरे लाखन सिंह सहित दर्जनों गांवों के किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। शीतला बक्श सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह, पूर्व रंजीत सिंह, राम प्रताप सिंह, सुशील बाजपेई, राजू, चंद्र शेखर श्री राम सिया राम, जय राम लोधी, सहित अन्य मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन 15 जून तक आवेदन करें

**इटावा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी ने बताया कि दिव्यांगजन के पुनर्वास को अनुदान प्राप्त करने के लिए स्वै. संगठनों से आवेदन मांगे गये हैं। अलग-अलग योजनाओं का लाभ लेने के लिए 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से सम्बंधित सेवाओं के संचालन के लिए दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। योजना के तहत 7 प्रकार की परियोजनाओं व कार्यक्रमों को सहायता दी जायेगी। इन परियोजनाओं में डे-केयर सेन्टर, प्राथमिक स्तर के विशेष विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालय, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालय, कौशल विकास कार्यक्रम और पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालय संचालन शामिल है।

## दो मोबाइल चोर मुठभेड़ में गिरफ़्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा दो शातिर मोबाइल चोरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी जिसे इलाज हेतू जिला अस्पताल में भर्ती करा आवश्यक कारवाही की गई है। थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना उत्तर पर मोबाइल चोरी के पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण बच्चू बाबा स्कूल के पीछे जलेसर रोड स्थित शनिदेव मंदिर के पास किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा बच्चू बाबा स्कूल के पीछे जलेसर रोड के पास चेकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटर साइकिल पर सवार 2 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये। पुलिस टीम ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने लगे,लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में एक संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया, जिसकी पहचान थाना उत्तर पर पंजीकृत मोबाइल चोर के मुकदमे में वांछित अभियुक्त रघु उर्फ राघव पुत्र मलखान सिंह निवासी नगला विष्णु थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई। वहीं दूसरे अभियुक्त राजा पुत्र राकेश निवासी नगला विष्णु थाना लाइनपार, फिरोजाबाद को मौके से गिरफ्तार किया गया।

संक्षेप

## स्वरोजगार योजनाओं की मिलेगी जानकारी

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया है कि कल 13 जून यानी शनिवार को जनपद के गाँधी सभागार विकास भवन में एक कार्यशाला आयोजित है। इस कार्यशाला के आयोजन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति प्रदान करने उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा जनपद में पूंजी निवेश को आकर्षित किये जाने के उद्देश्य से जनपद के 10000 से अधिक युवाओं को विभिन्न प्रकार के उद्योगों में उनके आवेदन कराये जाने के इस उद्देश्य के साथ यह कायशाला का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक अपने-अपने दस्तावेजों / प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्रमुख उद्योगों के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते है। उपायुक्त उद्योग एस0 सिद्दीकी ने योजना के प्रमुख प्रोजेक्ट एवं उसकी पात्रता के फ्लोररिपेयरिंग, दोना-पत्तल निर्माण, बर्कनिर्माण, साइबर सेंटर, सत्तू, बेसन एवं पापड़ निर्माण सहित है।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत छह बच्चों को बांटे गये लैपटॉप



जिला संवाददाता

देवरिया। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत कक्षा 9 एवं उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत छह बच्चों को मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में लैपटॉप वितरित किए गए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को लैपटॉप की उपयोगिता बताते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का अधिकाधिक उपयोग करने, जीवन में आगे बढ़ने तथा समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी आदिश मिश्रा ने बच्चों को लैपटॉप के कौशल एवं डिजिटल शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया वहीं संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने योजना की उपयोगिता तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी, वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक मिनू जायसवाल, चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रभारी समन्वयक अमित कुमार उपाध्याय, बच्चों के अभिभावक एवं महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य प्रणाली का लिया जायजा



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यों, अनुभागों व पटलों का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों

- उपस्थिति पंजिका को भी देखा, समय से कार्यालय आने की दी हिदायत
- कार्य दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ करें निर्वहन: डीएम

एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने तथा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित संयुक्त कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, नजारत, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा पत्रावलियों को व्यवस्थित रूप से रखे जाने के भी निर्देश दिए। कर्मचारियों को अपने कार्य-पटल से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता के साथ तथा तत्परता से पूर्ण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता, लापरवाही एवं अनावश्यक विलंब बर्दाशत नहीं किया जाएगा। कार्यालय में समय से आएं तथा दायित्वों का निर्वहन समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें।

# जनता दर्शन में बुजुर्ग महिला को राशन कार्ड और पेंशन स्वीकृत करने के दिये निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के समक्ष आज जनता दर्शन में ग्राम मदरसन, विकासखंड गौरी बाजार निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला फूलवासी देवी अपनी पारिवारिक समस्या लेकर आईं। जिलाधिकारी इस बुजुर्ग की असमर्थता को देखकर काफी भावुक हुए और संवेदनशीलता अपनाते हुए उन्होंने इस बुजुर्ग महिला का अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जाने तथा वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर उन्होंने इस बुजुर्ग महिला की वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराए जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी के इस पहल से महिला काफी प्रसन्न दिखाई दी। साथ ही, उसके द्वारा प्रस्तुत प्रकरण का भी समाधान कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी की इस पहल की प्रशंसा उपस्थित सभी जनों द्वारा की गई जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान एक महिला फरियादी रास्ता अवरोध किए जाने के प्रकरण प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने इसके निस्तारण के साथ ही सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रायः रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायतें मिल रही है यह एक अत्यंत गंभीर विषय है, ऐसे प्रकरणों में लेखपालों को लगाकर उसकी रिपोर्ट ले और धारा 133 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसी का भी मार्ग व रास्ता अवरुद्ध न हो, इसको गंभीरता से अधिकारी लें।

# ओमान में पोत पर हमले में मारे गये शिवानन्द चौरसिया के परिजनों से मिले कांग्रेसी



*देवरिया* ।जनपद के सुरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरौली गांव निवासी शिवानन्द चौरसिया की ओमान तट के निकट एक व्यावसायिक पोत पर हुए हमले में हुई दुखद मृत्यु पर जिला कांग्रेस कमेटी, देवरिया के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।कांग्रेस नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। शिवानन्द चौरसिया के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनों से भेंट के दौरान एक बार फिर उनके करुण-क्रंदन से माहौल अत्यंत गमगीन हो गया।जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि शिवानन्द चौरसिया की असमय मृत्यु अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार इस कठिन समय में पूरी संवेदना और सहयोग के साथ शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से मृतक के पिता की दूरभाष पर वार्ता भी कराई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने सरकार से मृतक के परिवार को एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विदेश में कार्यरत भारतीय नागरिक की इस प्रकार की दुखद मृत्यु पर सरकार को परिवार के पुनर्वास हेतु विशेष सहायता उपलब्ध करानी चाहिए।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शही, सचिव विनोद दुबे, सोहन मिश्रा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धन्नजय यादव, सत्य प्रकाश मणि, विनोद त्रिपाठी, अशोक कुशवाहा, डॉ. सी.पी. चौहान, विजय कुशवाहा, रजत सिंह सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## 15 को सलेमपुर तहसील में लगेगा कल्याणकारी शिविर

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ कार्यक्रम के तहत 15 जून को तहसील सलेमपुर परिसर में सोशल सेक्टर से जुड़े विभागों की कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को आच्छादित करने के साथ ही योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

# 'रन फॉर स्वच्छता' अभियान का आयोजन कर किया जागरूक




कुशीनगर। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कुशीनगर के कांशीराम आवास कॉलोनी में ₹रन फॉर स्वच्छता₹ एवं जनजागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया और कुशीनगर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए जनसहभागिता की अपील की गई।शुक्रवार को अभियान काशुभारंभ नगर पालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि और भाजपा नेता राकेश जायसवाल ने वार्ड सभासद राजेश मद्धेशिया, सभासद पवन जायसवाल, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर वाहिद अली, स्वच्छता प्रभारी श्रवण तिवारी और सफाई मित्रो के साथ झाड़ू लगाकर किया और कूड़ा अन्यत्र निष्पादित किया। रैली को संबोधित करते हुए श्री राकेश ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि सभी लोग स्वच्छता के प्रति सजग होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तो कुशीनगर को एक आदर्श एवं स्वच्छ नगर के रूप में स्थापित किया जा सकता है। जनता से अपील किया कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं तथा अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। नागरिकों को कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने, गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# विकसित ग्राम, विकसित देवरिया कार्यक्रम का आगाज

जिला संवाददाता



देवरिया । विकसित ग्राम विकसित देवरिया कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद के ग्रामों एवं आंकाक्षी विकासखंडों के समग्र विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद के आकांक्षात्मक ब्लाक के रुप में चयनित बरहज, भागलपुर, लार, गौरी बाजार एवं बनकटा में इससे जुड़े सभी पैरामीटरों/इंडिकेटरों को प्रभावी रुप से लागू किये जाने तथा उसका अनुश्रवण किये जाने के लिये क्लस्टरवार तैनात किये पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की तैनाती की है, जिन्हें प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लाकवार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को आपसी समन्वय व टीमभाव से कार्य किये जाने के निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि टीमवर्क ग्राम पंचायत स्तर तक पहुॅचे व सकारात्मक परिणाम दिखे यह अधिकारी सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्र में पूरे मनोयोग से उतरे और अच्छा परिणाम दिखाये।

आकांक्षात्मक कार्यक्रम अन्तर्गत 05 क्षेत्र यथा चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना से संबंधित संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की प्रगति की अनुश्रवण हेतु निर्धारित इंडिकेटर्स का प्रभावी रुप से अनुश्रवण व अपने संबंधित ब्लाक में क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेगें जिससे कि चयनित विकास खण्ड तय मानकों को पूरा कर सके और विकास का एक आदर्श प्रतिबिम्ब बन सके। जिलाधिकारी ने चयनित विकासखंडवार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की टीम बनायी तथा उनके कार्यो का बोध कराते हुए बारीकियों से अवगत कराया। कहा कि ग्राम पंचायतों में जायें, ग्राम स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामप्रधानो, प्रबुद्धजनो से समन्वय रखें, उनसे गांव की विकास तथा इंडिकेटरों से संतृप्त किये जाने के लिए आपसी विचार-विमर्श करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नीति आयोग के डेवल्पमेंट पार्टनर माइक्रोसेव कंसल्टिंग टीम के सदस्य रवि प्रकाश कौशल, सुभी एवं शशांक द्वारा प्रशिक्षण में ह्यह्यविकसित ग्राम विकसित देवरियाह्लह्ल के तहत कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए बारीकियों पर विधिवत प्रकाश डाला गया।

आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एके गुप्ता, परियोजना निदेशक, डीएसओ, डीसीएनआरएलएम, बीएसए, दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी, डीएसटीओ, अनिल कुमार यादव, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया सहित पांचों ब्लाक के पर्यवेक्षणीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आर ओ प्लांट में लाखों का खेल, प्रधान-सचिव बेखौफ, प्रशासन खामोश

कुशीनगर। जनपद के विशुनपुरा विकास खण्ड के मनीकौरा गांव में 15वें वित्त आयोग से लगाए गये आरओ प्लांट में वित्तीय अनियमितता का मामला अब सिर्फ एक ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरे पंचायत राज तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। हैरत की

- मनीकौरा आरओ प्लांट: प्रशासन खामोश, आखिर किसके संरक्षण में चल रहा 'पानी' का खेल? लाखों रुपये के भुगतान पर उठे सवाल।
- प्रधान-सचिव के गैर जिम्मेदाराना बयान के बाद भी प्रशासनिक गलियारों में सन्नाटा

बात यह है कि अधूरे कार्य पर लाखों रुपये के भुगतान, निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर आरोप और जिम्मेदारों के गैरजिम्मेदाराना बयानों के सार्वजनिक होने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जो कई सवाल को जन्म दे रहा है।बतादे कि बीते दिनो मीडिया ने प्रमुखता के साथ यह उजागर किया था कि करीब 4.50 लाख रुपये की परियोजना में 3.66 लाख रुपये से अधिक का भुगतान हो चुका है, जबकि कार्य उस समय तक अधूरा बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए थे। उम्मीद थी कि मामला सामने आने के बाद जिम्मेदार विभाग व प्रशासनिक अमला तत्काल संज्ञान लेंगे, लेकिन एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी विभाग व प्रशासन की चुप्पी ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या सरकारी धन के बंदरबांट में सवाल पूछना गुनाह है? पूरे मामले में सबसे अधिक चर्चा उन बयानों की है, जो ग्राम प्रधान नंदलाल साहनी और ग्राम सचिव राजकिशोर राय ने सवाल पूछे जाने पर दिए थे। मीडिया ने जब प्रधान नंदलाल साहनी से पूछा था कि कार्य पूरा होने से पहले भुगतान कैसे हो गया, तो उनका जवाब था ह्लअधिकारी पूछेंगे तो हम उनसे बात कर लेंगे।ह्व यानी सवालों का जवाब नियम-कानून से नहीं, बल्कि ₹बात कर लेने₹ में तलाशा जा रहा है। दूसरी ओर ग्राम सचिव राजकिशोर राय ने तो पारदर्शिता की सारी सीमाएं लांघते हुए कथित तौर पर कहा ह्लबजट से क्या मतलब, आप अपनी मंशा बताइए।ह्व

सवाल यह है कि गांव के विकास के लिए आए सरकारी धन का हिसाब पूछना यदि गलत है तो फिर सही क्या है? क्या पंचायतों में व्यय होने वाला धनराशि ग्राम प्रधान व सेक्रटरी के जेब से खर्च हो रहा है? क्या ग्राम पंचायत अब जवाबदेही से ऊपर हो चुकी है?

### खबर के बाद भी कार्रवाई नहीं, क्या सब कुछ मैनेज है

ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप निराधार हैं तो प्रशासन जांच कराकर दूध का दूध और पानी का पानी स्पष्ट कर दे। लेकिन खबर सामने आने के बाद भी जांच न होना लोगों के मन में संदेह पैदा कर रहा है। गांव में अब खुलकर चर्चा होने लगी है कि क्या मामले को दबा दिया गया? क्या प्रधान व सचिव इतने प्रभावशाली है कि 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले भुगतान व धन का बंदरबांट कर मामले को रफा-दफा कर दिया। क्या प्रभाव और पहुंच के दम पर जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है? क्योंकि सामान्य मामलों में छोटी शिकायतों पर भी जांच बैठ जाती है, लेकिन यहां लाखों रुपये के भुगतान पर सवाल उठने के बावजूद जिम्मेदार विभाग की चुप्पी समझ से परे है।

### क्या कहते है नियम

जानकारों की माने तो 15वे वित्त आयोग की योजनाओं में आम तौर पर कार्य पूर्ण होने के बाद तकनीकी सत्यापन, माप पुस्तिका (एमबी), जियो टैगिंग, फोटोग्राफी और अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जाती हैं।

इसके बाद भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। लेकिन मनीकौरा में अधूरे कार्य के बीच लाखों रुपये के भुगतान ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि यह रनिंग पेमेंट है तो उसकी स्वीकृति किस आधार पर दी गई? कितना कार्य पूर्ण माना गया? किस अधिकारी ने सत्यापन किया? इन सवालों के जवाब अभी तक सामने नहीं आए हैं।

### आर ओ प्लांट सवालो के घेरे में

जिस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था, वह अब खुद सवालों के घेरे में खड़ी है। गांव के लोगों का कहना है कि आज तक उन्हें यह नहीं बताया गया कि कुल बजट कितना है, कितना भुगतान हुआ है और कार्य कब पूरा होगा।बडा सवाल यह है कि आखिर इतनी भुगतान की जल्दी क्या थी? किस अधिकारी ने कार्य का सत्यापन किया? कहना ना होगा कि किसी भी भ्रष्टाचार के आरोप में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जांच और पारदर्शिता की होती है। लेकिन मनीकौरा प्रकरण में अब तक न तो किसी अधिकारी का बयान सामने आया और न ही किसी जांच की सूचना। यही कारण है कि लोगों के बीच यह धारणा मजबूत हो रही है कि कहीं न कहीं किसी स्तर पर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।



# खजुरिया शाखा नहर टूटी, सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न, गांव में घुसा पानी



कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम शामपुर के सामने खजुरिया नहर टूट जाने से सैकड़ों एकड़ फसल, धान की बेहन डूब गई और घरों में पानी घुस गया। क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। नहर का कटान होते ही पानी का तेज बहाव शुरू हो गया, जिससे आसपास की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई। इतना ही नहीं, पानी शामपुर गांव तक पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।मालूम हो।कि खजुरिया शाखा की नहर महुआडीह, पिपरी, भैंसहा, सिरसिया , पकड़ीहवा, शामपुर, चकदेईया आदि गांवों के होते हुए देवरिया जनपद में प्रवेश करती है। लोग खेती के लिए पानी की आस लगाए बैठे थे। लेकिन नहर में पानी छोड़े जाने के कुछ ही समय बाद शुक्रवार को शामपुर निवासी शंकर सिंह के खेत के सामने नहर अचानक टूट गई। देखते ही देखते तेज बहाव के कारण बड़ी मात्रा में पानी खेतों में फैल गया और धान, गन्ना व अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने लगा।गौरतलब है कि हाल ही में सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान के तहत नहरों एवं ड्रेनेज की सफाई कराई गई थी, जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे ताकि पानी का प्रवाह सुचारु रूप से बना रहे।

# हत्या के दोषी पति को सश्रम कारावास

कुशीनगर। जिले की एक अदालत ने दो साल पुराने एक महिला की हत्या के मामले में आरोपी पति को दोषी करार देते हुए शुक्रवार को सश्रम कारावास की सजा सुनाई और उसपर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित अदालत) प्रथम सत्यपाल सिंह की अदालत ने आरोपी संजय प्रसाद को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। घटना दो अक्टूबर 2023 को कसया थाना के बनकटा गांव में हुई, जहां गोधनी देवी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनके बेटे संजय प्रसाद ने अपनी पत्नी प्रमिला देवी के सिर पर फावड़े से वार कर हत्या कर दी।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी संजय प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के बाद संजय प्रसाद को दोषी पाया।अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बिताई गई अवधि सजा मे समायोजित की जाये।

# ट्रेलर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर , एक की मौत, चार घायल

बरहज,देवरिया। बरहज थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर राम जानकी मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया।जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 2:15 बजे राम जा मार्ग पर पलिया मोड़ के पास हुई। हादसे में पैना गांव निवासी तेज नारायण चौहान पुत्र बसंत नाथ की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल चार लोगों को देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज, देवरिया रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा कपरवार तिराहे से पांच सवारियों को लेकर बरहज की ओर आ रहा था। हादसे में मईल थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी आकाश यादव (27), बिहार के सिवान निवासी दिलशाद (35), बरहज क्षेत्र के तोलिया शुक्ल निवासी पार्वती देवी (60) तथा कपरवार निवासी अंजनी मद्देशिया (24) घायल हुए हैं। सभी का उपचार चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और ट्रेलर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# बाल श्रम उन्मूलन को लेकर गोष्ठी आयोजित

जिला संवाददाता

देवरिया, ।* अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर प्रमुख सचिव, श्रम, उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुपालन में कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, देवरिया में बाल श्रम उन्मूलन विषयक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारी, प्रतिष्ठान एवं कारखाना स्वामी, ग्राम प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, एएचटीयू तथा उद्योग विभाग के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक श्रम आयुक्त ने वर्ष 2027 तक ₹बाल श्रम मुक्त उत्तर प्रदेश₹ के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जनपद की दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा ग्राम पंचायत भवनों पर ₹बाल श्रम अपराध है₹ संबंधी संदेश अंकित कराया जाए, ताकि आमजन में जागरूकता बढ़ सके।

उन्होंने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए अभिशाप है। बच्चों के हाथों में औजार नहीं, बल्कि कलम और किताब होनी चाहिए। बाल श्रमिकों को श्रम से मुक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना श्रम विभाग की प्राथमिकता है। साथ ही उनके परिवारों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिए कन्या विवाह सहायता, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता, अटल आवासीय विद्यालय, निर्माण कामगार दिव्यांगता सहायता तथा गंभीर बीमारी सहायता सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्मार्ट क्लास, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

गोष्ठी में व्यापारियों, प्रतिष्ठान स्वामियों, दुकानदारों एवं फैक्ट्री संचालकों से अपील की गई कि वे 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को कार्य पर न रखें तथा 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को किसी भी खतरनाक कार्य या प्रक्रिया में नियोजित न करें।

उन्होंने बताया कि बाल श्रम कराना गंभीर दंडनीय अपराध है। बाल श्रम कराते पाए जाने पर 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास अथवा 20 हजार से 50 हजार रुपये तक का जुमार्ना या दोनों दंड दिए जा सकते हैं। पुनः अपराध की स्थिति में और कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल श्रम होता दिखाई दे तो इसकी सूचना श्रम विभाग, विकास भवन परिसर, देवरिया अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें।

गोष्ठी में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने बाल श्रम उन्मूलन अभियान में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री व्यापार मंडल पुरुषोत्तम मद्धेशिया, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल नरेश कुमार अग्रवाल, सुबोध जायसवाल, अमरेंद्र सिंह, राजेश मौर्य सहित श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोदी ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया: पवन मिश्र

देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे विशेष सम्पर्क अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने प्रबुद्धजनों से किया, इसी क्रम में कार्यकताओं ने देवरिया विधानसभा के नगर मण्डल के नई कालोनी में पूर्व संयुक्त निदेशक एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शोभा शुक्ला से मुलाकात कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा कर उपलब्धियों की पुस्तिका और कैलेंडर भेंट किया।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के अंदर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र बिंदु बनाकर सरकार की नीतियों के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने का कार्य किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी नीतियों के कारण हर क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित किया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया है, जिससे देश करोड़ो परिवारों के जीवन मे सकारात्मक बदलाव आया है।पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शोभा शुक्ला ने कहा कि की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का उत्थान हो रहा है।

भाजपा नेता अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार ने 12 वर्षो में जन धन योजना के तहत देश भर में लगभग 58 करोड़ से अधिक गरीबों के बैंक खाते खोले।आयुष्मान भारत योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को ?5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा (कैशलेस इलाज) प्रदान किया।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए तो उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन बांटे वही मुफ्त राशन योजना के तहत कोरोना काल से लेकर अब तक लगभग 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों के घरों में पानी पहुचाया।इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेन्द्र विक्रम सिंह, अरुण मिश्र, रजनीश तिवारी, इरफान अहमद, वीरेंद्र पाठक, विजय कुशवाहा, राकेश दुबे, डॉ विनोद पाण्डेय उपस्थित रहे।

## राजस्व टीम पर हमला व सरकारी कार्य में बाधा, तीन नामजद पर केस दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम दुल्लहछपरा में भूमि पैमाइश व सीमांकन कार्य के दौरान राजस्व टीम के साथ विवाद और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।जानकारी के अनुसार ग्राम दुल्लहछपरा, तपा घाटी में राजस्व विभाग की टीम गाटा संख्या 16/0.028 की भूमि की पैमाइश व सीमांकन कार्य कर रही थी।

आरोप है कि इसी दौरान भगवान गुप्ता पुत्र रामनक्षत्र, अंकित गुप्ता पुत्र भगवान गुप्ता तथा रंजीत गुप्ता पुत्र भगवान गुप्ता, निवासी ग्राम दुल्लहछपरा, थाना भटनी, जनपद देवरिया मौके पर पहुंच गए और सीमांकन कार्य का विरोध करने लगे।

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। साथ ही राजस्व टीम के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा घटना देखे जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है।

# असाधारण उपलब्धियां

नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूरे कर लिये हैं। एक जीवंत और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यह उपलब्धि असाधारण है। मोदी 12 सालों से यानी 4400 दिनों से निरंतर तीसरी बार देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं। यह कोई सामान्य घटना या राजनीतिक लोकतांत्रिक स्वीकृति ही नहीं है, बल्कि देश के जनमत का निष्कर्ष है। भारत का प्रधानमंत्री बनना अपने आप में हिमालय लांघने जैसा कीर्तिमान है। यह लोकतंत्र के सशक्तीकरण का भी प्रमाण है। भारत जैसे बहुक्षेत्रीय, बहुभाषायी, बहुसांस्कृतिक, बहुनस्लीय, बहुधर्मी देश का इतने लंबे कार्यकाल तक प्रधानमंत्री बने रहना विविधता की मुहर भी है। लेकिन प्रधानमंत्रियों की आपसी तुलना नहीं की जानी चाहिए। न तो जवाहर लाल नेहरू 'महानतम' थे और न ही नरेंद्र मोदी 'कमतर महान' हैं। वे लोकतंत्र के जनादेश के वाहक हैं और देश का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्रियों की राजनीतिक परिस्थितियां, कालखंड भिन्न होते हैं, लिहाजा तुलना बुनियादी और शास्त्रीय आधार पर गलत है। देश में वीपी सिंह, चंद्रशेखर, देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल सरीखे प्रधानमंत्री भी हुए हैं, जिन्हें राजनीतिक कारणों से एक साल का कार्यकाल भी नसीब नहीं हुआ, लेकिन वे भी प्रधानमंत्रियों की जमात में शामिल हैं। उनके नाम भी राष्ट्रीय उपलब्धियां दर्ज होंगी। नेहरू इसलिए सर्वाधिक उल्लेखनीय रहे हैं, क्योंकि उन्हें 'स्वतंत्र भारत' का सबसे पहले नेतृत्व करने का अवसर मिला। उन्हें राष्ट्रीय निर्माण के 'बुनियादी पत्थर' रखने का दायित्व मिला। उन्होंने आईआईटी, आईआईएमए एम्स, भारी उद्योग, भाखड़ा जैसे बांध, रेलवे के शुरूआती विस्तार आदि को आकार दिया। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने उनका खूब विस्तार कराया। आज देश के प्रमुख राज्यों में आईआईटी और एम्स मौजूद हैं। सभी समान स्तरीय हैं। नेहरू को सुई से



शुरूआत करनी पड़ी। उन्होंने भी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गलतियां कीं, लेकिन यह तो इनसानी फितरत है। लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया, उन्हें पीछे कर दिया, ऐसी हुंकारों से नेताओं को बचना चाहिए। नेहरू को जब सत्ता मिली तो देश की जीडीपी महज 20 बिलियन डॉलर थी और मोदी को जब सत्ता सौंपी गई, तो जीडीपी 2 ट्रिलियन डॉलर को पार कर चुकी थी और आज 12 साल बाद हम 4 ट्रिलियन डॉलर की, विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आजादी के बाद से देश की आबादी करीब 5 गुना अधिक हो चुकी है, लिहाजा जीडीपी भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। दरअसल कई मायनों में प्रधानमंत्री मोदी 'अपारंपरिक प्रधानमंत्री' हैं। उन्होंने जनधन बैंक खाते, उज्ज्वला गैस, शौचालय, सरकारी मदद से पक्के घर, हर नल में जल, आयुष्मान भारत, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना, तीन तलाक संबंधी कानून, वैश्विक महामारी कोरोना के संदर्भ में 220 करोड़ से अधिक कोरोना टीके की खुराक मुफ्त देना, कोरोना टीके का भारत में ही आविष्कार आदि, अपारंपरिक, कार्यक्रम और योजनाएं हैं। इनकी व्यवस्था में खामियां हैं, विसंगतियां हैं, जनता को शिकायतें हैं, लेकिन ये नीतिगत अभियान निरंतर जारी हैं। ऐसा किसी भी पूर्व प्रधानमंत्री ने नहीं सोचा। प्रधानमंत्री मोदी को इसका राजनीतिक लाभ मिलता रहा है। कोरोना के दौर से 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को 5 किलो मुफ्त राशन हर महीने मुहैया कराया जा रहा है और 2029 तक जारी रहेगा। इस तरह जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए प्रधानमंत्री के कार्यकाल में गरीबी पर सीधे प्रहार किया गया और इस कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से निकलने में सफल रहे हैं। हम मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते रहे हैं और यह हमारा संवैधानिक, लोकतांत्रिक हक है। लेकिन इससे कौन इनकार कर सकता है कि देश में नक्सलवाद खत्म हुआ, पूरे देश में बिजली पहुंची और सड़कों का व्यापक विस्तार हुआ। इस तरह मोदी का कार्यकाल लंबा ही नहीं उपलब्धियों से भरा हुआ भी है।

# इंडियाः पथरीली राहों पर सुविधा की सियासत

राधा रमण

राजनीति की डगर काफी उबड़-खाबड़ होती है, पथरीली होती है। उसमें धूप में चलना होता है। सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करना होता है। नारेबाजी करनी होती है, जेल जाना होता है और जरूरत पड़ने पर पुलिस की लाठी भी खानी पड़ती है। वातानुकूलित कमरों में बैठकर तो सिर्फ मीठी-मीठी बातें होती हैं। क्या आपको लगता है कि देश की सियासी पार्टियां खासकर विपक्ष के दल सड़क पर उतरने की हालत में हैं? कम से कम मुझे तो ऐसा नहीं लगता। लगभग दो साल बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्ल्यूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई, जिसमें पांच मुद्दों पर सहमति की बात कही गई। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वोटर लिस्ट में हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखेंगे। इसके अलावा बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। देश में आर्थिक स्थिति की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि इंडिया गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलेंगे, बैठक करेंगे और जन सरोकार के मुद्दे उठाते रहेंगे। साथ ही संसद के मानसून सत्र के दौरान इंडिया गठबंधन के सांसद रोज बैठक करते रहेंगे।

> इंडिया गठबंधन की बैठक में यह तय किया गया कि गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते-बैठक करते रहेंगे और मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में रोज बैठक करंगे। करिए, किसने रोका है? लेकिन इससे क्या हो जाएगा? देश में इंडिया गठबंधन के नेताओं के पास सरकार के विरोध का कोई रोडमैप नहीं है।

अब इसका विश्लेषण करते हैं। एसआईआर को लेकर पहले भी विपक्ष के कई दल सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं और मुंह की खाकर लौटे हैं। अब सीजेआई को पत्र लिखने से क्या नया हो जाएगा? नीट पेपर लीक और सीबीएसई 12वीं बोर्ड की नई ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) को लेकर राहुल गांधी लंबे समय से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अभी तक इस्तीफा नहीं मिला। मिलने की उम्मीद भी कम है, क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2015 में ही सुस्पष्ट कर चुके हैं कि यह




इंडिया अलायंस की बैठक

सरकार इस्तीफा देने वाली नहीं है। तब से सरकार उसी लकीर पर चल रही है। बीच में कई मामले आए, चाहे वह तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का मामला रहा हो, मंत्री कौशल किशोर का, बंदी संजय का मामला रहा हो या ब्रजभूषण शरण सिंह और हरदीप पुरी का, पिछले 12 वर्षों में एमजे अकबर के अलावा किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है। अकबर का मामला भी अपवाद कहा जा सकता है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने उनसे इस्तीफा नहीं मांगा था। मीटू में नाम आ जाने और चरित्र हनन से आजिज आकर उन्होंने खुद ही पद छोड़ दिया था।

अब बात सर्वदलीय बैठक बुलाने की करते हैं। अगर विपक्ष के पास देश की बदहाल आर्थिक स्थिति से निकलने, महंगाई पर अंकुश लगाने, बेरोजगारी दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने का कोई रोडमैप है, तो उसे जनता को बताना चाहिए। हो सकता है सरकार भी उससे सीख ले लेती। फिर क्या सरकार इन मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं है? कृषि मंत्री संसद के पिछले सत्र में ही कह चुके हैं कि सरकार के प्रयास से किसानों की आय दोगुनी हो गई है। तब संसद में बैठे विपक्ष के लोग क्या कर रहे थे। यह अलग बात है कि किसान अपनी बदहाली और बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में यह भी तय किया गया कि गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते-बैठक करते रहेंगे और मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में रोज बैठक करंगे। करिए, किसने रोका है? लेकिन इससे क्या हो जाएगा? देश में इंडिया गठबंधन के नेताओं के पास सरकार के विरोध का कोई रोडमैप नहीं है। जिन क्षेत्रीय दलों के सहयोग से कांग्रेस राजनीतिक संघर्ष का व्यूह रचना चाहती है, उनका वजूद तो कांग्रेस के पुराने वोटरों से ही है। क्या वे अपना वोट बैंक कांग्रेस के लिए कुर्बान करेंगे? फिर क्या इंडिया गठबंधन के किसी नेता ने कभी सड़क पर उतरने और जेल भरो आंदोलन करने कोशिश की है? नहीं। आज के नेता चाहे राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव हों या कोई और, सभी सोशल मीडिया पर अपने विचार पोस्ट कर क्रान्ति करना चाहते हैं। नेताओं के इसी आरामतलब व्यवहार के चलते निष्ठावान कार्यकर्ता घर बैठ गए हैं। सभाओं में किराये की भीड़ जुटाई जाती है। यही कटु सत्य है। इन्हें जनता से भी कोई लेना-देना नहीं है। ये तो बस पिकनिक मनाने के लिए दौरा करते हैं। याद कीजिए, 1974 में विपक्ष के नेताओं ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लामबंद होकर आंदोलन किया था। सड़कों पर उतरे थे, पुलिस की लाठियां खायी थीं और जेल गए थे। तब कहीं इंदिरा गांधी की तानाशाह सरकार से मुक्ति मिली थी। इंडिया गठबंधन की एकता सिर्फ नेताओं में है, वह भी दिखावे के लिए है। कार्यकर्ता आज भी एक-दूसरे को निपटाने में ही मशगूल हैं। चुनाव में टिकट वितरण के दौरान इंडिया गठबंधन के राज्यस्तरीय नेताओं की कटुता देखते ही बनती है। हमने देखा कि विधानसभा चुनावों के दौरान सीट बंटवारे में इन्होंने एक-दूसरे पर क्या-क्या आरोप लगाए थे। कई जगहों पर फ्रेंडली फाइट करते दिखाई देते हैं और हार जाने के बाद बैठकर रुदाली करते हैं। देश ने देखा कि महाराष्ट्र में कैसे उद्धव ठाकरे और शरद पवार का उनके अपनों ने ही बिस्तर गोल कर दिया। अब पश्चिम बंगाल में भी यही हो रहा है। बिहार की हालत किसी से छिपी नहीं है। सब कुछ गंवाकर लालू परिवार अब सरकारी बंगले और व्यक्तिगत सुरक्षा पर कैसे हाय-तौबा कर रहा है। इनकी प्राथमिकता में जनता कहीं है ही नहीं। हालिया उदाहरण के तौर पर मध्यप्रदेश की राज्यसभा सीट को ले सकते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन सूचना छिपाने के कारण रद्द हो जाने पर सिर्फ कांग्रेसी ही हो-हल्ला कर रहे हैं। बाकी विपक्ष खामोश है। ऐसे में आगे इंडिया गठबंधन कौन सी क्रान्ति कर लेगा, समझा जा सकता है।

इसमें दो राय नहीं है कि जनता महंगाई से कराह रही है। महज 10 दिन के अंतराल में पेट्रोल-डीजल के दाम साढ़े सात रुपये और सीएनजी के दाम करीब 6 रुपये बढ़ गए हैं। पेपर लीक हो जाने के कारण बेरोजगारी चरम पर है। सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। शुरुआत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वालों को रसोई गैस के 12 सिलेंडर सब्सिडी पर दिए जाते थे, फिर नौ हुए और अब चार पर सिमट गए हैं। खाद्य पदार्थ महंगे हो गए हैं। निजी क्षेत्रों में काम के घंटे तो बढ़ गए हैं लेकिन कामगारों के वेतन में इजाफा नहीं हुआ है। खाद महंगे हो जाने के कारण किसान पहले से ज्यादा संकट में हैं और विपक्ष के नेता एसी कमरों की ठंडी हवा में एकता का राग अलाप रहे हैं। रस्सी जल गई है, लेकिन ऐंठन बाकी है।

## सोशल मीडिया

भारत की नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधार-शिला है। हमारी माताएं, बहनें और बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल से मां भारती का गौरव बढ़ा रही हैं। नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री.



# समाज का प्रभाव

हरेक मनुष्य पर उसके सामाजिक वातावरण का प्रभाव अवश्य पड़ता है। बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये।

दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वैष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

अंतर्दृष्टि

## विचार

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
– हिलार्ड.

# कमजोर मानसून, जोखिम में किसानी

लोकमित्र गौतम

भारत में मानसून केवल एक मौसमभर नहीं होता बल्कि कृषि अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों के जीवन का आधार होता है। देश की लगभग आधी से अधिक खेती आज भी मानसून पर ही आधारित है। ऐसे में जब विशेषज्ञों द्वारा कहा जा रहा हो कि इस साल मानसून के कमजोर रहने की आशंका है तो किसानों से लेकर नीति निमार्ताओं तक के लिए इसकी चिंता को समझा जा सकता है। 17 जून को मनाया जाने वाला विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस के संदर्भ में यह आशंका कुछ और भी खतरनाक हो जाती है। क्योंकि यह दिन हमें याद दिलाता है कि सूखा का मतलब सिर्फ पानी की कमी नहीं खाद्य सुरक्षा, आजीविका और पर्यावरण से जुड़ी गंभीर चुनौतियों का नाम भी कमजोर मानसून होता है। पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन ने भी वर्षा के पैटर्न को काफी हद तक प्रभावित किया है। कहीं अत्यधिक बारिश हो रही होती है, तो कहीं-कहीं मानसून के मौसम में लंबी-लंबी अवधि बिना बारिश के एक बूंद बरसे बिना गुजर जाती है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य में ऐसी आशंकाएं और बढ़ेंगी। इसलिए हमें न सिर्फ इस साल बल्कि आने वाले सालों में भी सूखा जोखिम का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

सवाल उठता है सूखा आखिर इस कदर बड़ी चुनौती क्यों है? दरअसल जब किसी क्षेत्र में लंबे समय तक सामान्य वर्षा नहीं होती, तो उसे सूखा कहते हैं। लेकिन आज के दौर में समस्या इतनीभर नहीं है बल्कि इससे कहीं ज्यादा जटिल है। कई बार कुल वर्षा सामान्य होती है, लेकिन कहीं वर्षा का वितरण बेहद असमान होता है। ऐसा सूखा और भी ज्यादा खतरनाक होता है और दुख की बात है कि भारत के ज्यादातर हिस्सों में सूखा का मतलब यही होता है। राजस्थान, बुंदेलखंड, विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे पारंपरिक सूखा प्रभावित क्षेत्रों के अलावा अब दक्षिण भारत और कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में भी सूखे का खतरा साल दर साल बढ़ रहा है। सूखे का सबसे बड़ा असर हमारे यहां कृषि क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। भारत में खरीफ की फसलों का बड़ा हिस्सा मानसून पर निर्भर है। धान, मक्का, सोयाबीन, कपास और दालों जैसी फसलों की बुआई बारिश होने पर ही संभव होती है। यदि मानसून कमजोर पड़ता है यानी सूखा पड़ जाता है तो इनकी बुआई भी संभव नहीं हो पाती।

जिस साल खरीफ की फसल सूखे से खराब हो जाती है, उस साल रबी के फसल पर अतिरिक्त बोझ आ जाता है और फिर सूखा केवल कृषि क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसका असर हर क्षेत्र में दिखायी पड़ता है। बारिश की कमी से उत्पादन घटता है, तो न केवल किसानों की आय पर सीधा असर पड़ता है बल्कि कई बार किसानों को सूखा के कारण दो-दो बार बुआई करनी पड़ती है जिससे फसल तो बर्बाद होती ही है, लागत और बढ़ जाती है। सूखे से सबसे ज्यादा प्रभावित होने




मौसम विभाग का कम वर्षा का अनुमान

वाले क्षेत्रों में पशुपालन का क्षेत्र भी है। क्योंकि चारे और पानी की कमी पैदा हो जाती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है लगातार बढ़ते जलवायु जोखिमों के कारण कृषि व्यवस्था को लचीला और टिकाऊ बनाना समय की बड़ी मांग है और सूखा अतिरिक्त रूप से भयानक असर न दिखाए, इसके लिए जानकार भू-जल को समृद्ध करने की



योजना पर भी जोर दे रहे हैं। दरअसल कमजोर मानसून की स्थिति में सिंचाई के लिए ज्यादा से ज्यादा भू-जल का इस्तेमाल होता है। लेकिन देश के ज्यादातर कृषि क्षेत्र के हिस्से में अत्यधिक भू-जल दोहन के कारण पहले से ही पानी धरती के बहुत नीचे चला गया, जिसकी वजह से पक्षी पर तो संकट आता ही है, गांवों की पारंपरिक पेयजल व्यवस्था भी छिन्न-भिन्न हो गई है।

यही कारण है कि जानकार बार-बार जोर दे रहे हैं कि वर्षा जल को ज्यादा से ज्यादा संचयन और भू-जल पुनर्भरण की कोशिश होनी चाहिए बल्कि इसे राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने की बात की जा रही है। वास्तव में हाल के सालों में अगर जलवायु संकट हमारे लिए इस कदर खतरनाक हो चला है तो इसकी वजह मौसम संबंधी चरम घटनाएं तो हैं ही, खिंचता भू-जल भी इस समस्या में बड़ा योगदान देता है। दरअसल भू-जल ज्यादा नीचे चले जाने के कारण मिट्टी की नमी में तेजी से कमी हो रही है, तो पौधों की जल आवश्यकता को पूरा नहीं कर पातीं। इसलिए विशेषज्ञ बार-बार जोर दे रहे हैं कि बरसात के मौसम में जितनी भी बारिश हो, कोशिश करना चाहिए ज्यादा से ज्यादा वह बारिश का पानी जमीन में सूखे। क्योंकि सूखे से निपटने का एक स्थायी समाधान यही है। अगर जल संरक्षण से जल आंदोलन बनाया जाए तो बढ़ते सूखाकरण को रोका जा सकता है और जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली परेशानियों को भी कम किया जा सकता है। लेकिन ज्यादा मुनाफे के होड़ और 'मैं ही क्यों चिंतित होऊं' जैसी सोच के कारण भी दिन पर दिन सूखा की स्थिति का संकट बढ़ता ही जा रहा है।

विशेषज्ञों का सुझाव है कि अपनी कृषि करने की तकनीक या तौर-तरीके को बदलना होगा, अगर हमें सूखा जैसी परिस्थितियों से बचना है या इसका मुकाबला करना है। पारंपरिक सिंचाई की तकनीक में बहुत ज्यादा पानी खर्च होता है। इसलिए विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अब सिंचाई के लिए माइक्रो इरिगेशन पद्धति का विस्तार करना होगा तथा ग्रिप और इंस्टीकलर जैसी तकनीकें काम में लानी होगी। भू-जल प्रबंधन किये बिना धरती के लगातार बढ़ते मरुस्थलीकरण को नहीं रोका जा सकता। हमारी पारंपरिक जल संरचनाओं को एक बार फिर से जीवित करना होगा। जैसे बावड़ियां, जोहड़, कुंड, तालाब और आहर-पाइन जैसी प्रणालियां आज भी जल संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभा सकती हैं। सूखा केवल एक मौसम नहीं है या किसी एक मौसम की समस्या नहीं है। सूखा दरअसल धरती की नमी की कमी का नतीजा है। इसलिए न सिर्फ पारंपरिक तरीके से मानसून के पानी को अधिक से अधिक संरक्षित करके सूखा से निपटना होगा बल्कि अपने पर्यावरण और पारिस्थितिकी में सुधार करके हमें धरती की घटती नमी का मुकाबला करना होगा। तभी जाकर बढ़ते सूखे के संकट से निपटा जा सकता है।

विश्व मरुस्थलीकरण दिवस इस भयावह स्थिति को आगाह करने के लिए बनाया गया है। अगर धरती से हम लगातार ज्यादा से ज्यादा दोहन कर रहे हैं, तो हमें पूरी जिम्मेदारी से इसकी भरपायी करने के लिए सहज रहना चाहिए और यह भरपायी तभी हो सकती है, जब हम धरती को ज्यादा से ज्यादा हरा-भरा रखने की कोशिश करें। इसके लिए वर्षा जल का संरक्षण करना होगा, भू-जल को बढ़ाना होगा, बारिश के समय सुनिश्चित करना होगा कि धरती के अंदर ज्यादा से ज्यादा जल जाए यानी धरती में पुनर्भरण की प्रक्रिया सही हो। इसी सबको आगाह करने के लिए विश्व मरुस्थलीय सूखा दिवस को हर साल मनाया जाता है।

**भारत में सूखा को संबंधित कुछ अहम तथ्य**

-भारत की 50 प्रतिशत से ज्यादा कृषि वर्षा आधारित है।

- देश के ज्यादातर हिस्सों में अत्यधिक दोहन के कारण भू-जल का स्तर गिर रहा है।

- जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की अनिश्चितता बढ़ गई है।

- सूखा केवल खेती को ही प्रभावित नहीं करता, यह हमारी सम्पूर्ण जीवन व्यवस्था को प्रभावित करता है। इससे पेयजल संकट पैदा होता है, पशु पालन और ग्रामीण रोजगार में कमी आती है।

- जल संरक्षण, सूखा विरोधी फसलें और माइक्रो इरिगेशन जैसी तकनीकें सूखा रोकने के लिए जरूरी तकनीकें हैं।

## आप की बात

### शहरी गरीबों को आवास

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### पीएचसी को मजबूत करें

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## प्रेमी संग भागने से आहत पिता ने की पुत्री की हत्या

**बांदा।** प्रेमी संग घर से भागने के बाद वापस लौटी पुत्री से नाराज पिता ने चाकू मारकर घायल कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार को मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। बदौसा थाना क्षेत्र के बरछा गांव में बीते दिनों सत्यकुमार की 19 वर्षीय बेटी शिवानी प्रेम प्रसंग के चलते घर से चली गई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवती को बरामद कर महिला के परिजनों को सूचना दी। उसके माता-पिता द्वारा बातचीत एवं काउंसलिंग के दौरान युवती के पिता ने चाकू से महिला के पेट पर वार कर दिया। उपचार को सीएचसी अतर्रा लाया गया। यहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रकरण में मृतका के मां की तहरीर के आधार पर मृतका के पिता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी पिता को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## आज हरिद्वार रवाना होंगे भाकियू सदस्य

**बांदा।** भारतीय किसान यूनियन का 14 जून से हरिद्वार में किसान महाकुंभ आयोजित हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन का हरिद्वार उत्तराखंड में चिंतन शिविर 14 से 18 जून तक आयोजित होगा। जनपद के किसान बडी संख्या में इंटरसिटी से कानपुर होते हुए हरिद्वार के लिए रवाना होंगे। जिसकी अगुवाई अतर्रा स्टेशन से जिला उपाध्यक्ष जयराम तिवारी व जिला सचिव संतोष दीक्षित, बांदा स्टेशन से जिला उपाध्यक्ष रामदास साहू करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता हरिद्वार के लिए रवाना होंगे। जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल ने बताया कि सभी को यह निर्देशित किया गया है कि कार्यकर्ता अपने साथ एक प्लेट, गिलास, टोपी, बिल्ला व सदस्यता रसीद के साथ जाएं।

## पानी भरने के विवाद में मां पुत्री की पिटाई

**बांदा।** मर्का थाना क्षेत्र के ग्राम बनवरौली में श्यामकली वर्मा सरकारी हैंडपंप में पानी भरने गई थी। तभी पडोस की महिला फूलकुमारी वर्मा से पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। इससे रामसजीवन वर्मा पुत्र जीतू वर्मा के साथ मौके पर आकर श्यामकली की पिटाई कर दी। मां श्यामकली को पिटते देखकर बेटी पूनम भी बीच-बचाव करने आ गई। तब पिता-पुत्र, फूलकुमारी तीनों ने मिलकर मां-बेटी की पिटाई कर दी। इससे दोनों लहू लुहान हो गई। गुरुवार को श्यामकली ने पुलिस को तहरीर देकर रामसजीवन वर्मा, पत्नी फूलकुमारी, पुत्र जीतू वर्मा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। घटना की विवेचना उपनिरीक्षक कुंज बिहारी कर रहे हैं।

## डॉक्टर ने युवक को किया मृत घोषित

अयोध्या। जिला अस्पताल में गुरुवार की देर रात एक युवक को गंभीर हाल में ले जाने के बाद इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमू नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि गुरुवार की देर रात रौनाही थाना क्षेत्र के नौवा का पुरवा सोहावल निवासी 23 वर्षीय रवि पुत्र राम तीरथ को अस्पताल लाया गया। उसको उसका भाई राजेश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल से रेफर किए जाने के बाद गंभीर हाल में लेकर आया था।

# 14 को चार केंद्रों पर आयोजित होगी जीआईसी प्रवक्ता परीक्षा, तैयारियां पूर्ण

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा 14 जून (रविवार) को आयोजित होने वाली राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता (पुरुष/महिला) परीक्षा को नकलविहीन व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवक्ता परीक्षा 14 जून को जनपद के 4 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी, परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की अहम भूमिका है, परीक्षा के दौरान केवल सेक्टर मजिस्ट्रेट और केन्द्र व्यवस्थापक को ही आपात स्थिति के लिए मोबाइल की अनुमति होगी, इनके अलावा कोई भी केन्द्र में मोबाइल नहीं ले जा सकेगा। इसलिए, केन्द्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पूरी गंभीरता के साथ केवल आपात स्थिति में ही मोबाइल का उपयोग करें। सभी केन्द्रों पर परीक्षार्थी के प्रवेश से पहले सघन तलाशी ली जाए, महिलाओं के लिए अलग से तलाशी कक्ष बनाया जाए, कलावा, मंगलसूत्र आदि को भी चेक किया जाए, लेकिन उतारने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मोबाइल फोन आदि के लिए अलग से कक्ष बनाया जाए। इसके अलावा गर्मी के दृष्टिगत पैरामेडिकल स्टाफ मय एम्बुलेंस और केन्द्रों पर पीने के लिए ठण्डा पानी और ओआरएस पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था व शौचालय आदि की सफाई सुनिश्चित करायी जाए, इसके साथ ही चारों परीक्षा केन्द्रों पर जल संस्थान द्वारा पानी के टैंकर लगाये जायें।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि जीआईसी प्रवक्ता पद के लिए जिले में 14 जून को चार केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

परीक्षा में 1667 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सकुशल और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन तैयारियां कराने में जुटा हुआ है। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कराई जाएगी। इसके लिए राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, वर्णी जैन इंटर कॉलेज और रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

परीक्षा एक पाली में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्र सहित सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सातवीं पुण्यतिथि पर याद किये गये वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश सोनी

**ललितपुर।** शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं कीर्तिशेष स्व.ब्रजेश सोनी की 7वीं पुण्यतिथि प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वावधान में मनाई गई। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया। स्व.ब्रजेश सोनी ने अपनी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितैषी पत्रकारिता के माध्यम से हमेशा गरीब, शोषित और वंचित वर्ग की आवाज को बुलंद किया।

उन्होंने समाज के कमजोर तबकों को न्याय दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में गरीब, पीड़ित एवं असहाय लोगों के लिए भोजन वितरण की व्यवस्था की गई।

इस दौरान जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराकर स्व. ब्रजेश सोनी की स्मृति को नमन किया गया। अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने की। संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एसपी ने पीआरवी कर्मियों को किया सम्मानित



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा जनपद में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले यूपी 112 पीआरवी कर्मियों को पुलिस कार्यालय में नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीआरवी टीम कमांडर मुख्य आरक्षी आशीष कुमार मिश्र, पायलट मुख्य आरक्षी कर्ण कुमार, सब कमांडर आरक्षी अजय प्रताप सिंह द्वारा दिनांक 10 जून 2026 को खजुराहो महोबा रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या का प्रयास कर रही एक महिला एवं उसके दो मासूम बच्चों को समय रहते सुरक्षित बचाने की सराहनीय एवं संवेदनशील कार्यवाही के फलस्वरूप प्रदान किया गया। उक्त घटना में पीआरवी 7334 टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय दिया तथा महिला व बच्चों को रेलवे पटरी से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी कर्मियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि इस प्रकार की तत्परता एवं संवेदनशीलता पुलिस की छवि को सुदृढ़ बनाती है तथा आमजन में विश्वास स्थापित करती है। साथ ही उन्होंने अन्य पुलिसकर्मियों को भी इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा, मानवता एवं सेवाभाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

## कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी योजना में सरकार देगी 6 लाख रुपये की सहायता

**ललितपुर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बच्चों के लिए कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी योजना संचालित की जा रही है, जो सुनने और बोलने में असमर्थ हैं। योजना के तहत पात्र बच्चों का चिन्हांकन कर चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत निशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर ने बताया कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग लखनऊ के निदेर्शानुसार इस योजना में प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए 6 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सर्जरी का कार्य एस.एन. मेहरोत्रा ईएनटी फाउंडेशन, कानपुर के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने बताया कि कॉकलियर इम्प्लांट एक आधुनिक चिकित्सा तकनीक है, जिसके माध्यम से जन्मजात अथवा अन्य कारणों से सुनने की क्षमता से वंचित बच्चों को सुनने और बोलने में सहायता मिलती है। समय रहते सर्जरी होने से बच्चों के सामान्य विकास और शिक्षा में भी मदद मिलती है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि उनके परिवार में 0 से 5 वर्ष आयु का कोई बच्चा सुनने एवं बोलने में असमर्थ है तो वह योजना का लाभ लेने के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कक्ष संख्या-18 में संपर्क कर सकते हैं। यहां योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम



**बांदा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सदर तहसील भवन सभागार में अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बार एसोसिएशन पदाधिकारियों और न्यायिक कर्मियों ने भाग लिया।

संवाद के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की विधिक और जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर चर्चा की। अधिवक्ताओं ने नई आपराधिक कानून प्रणाली, ई-कोर्ट, डिजिटल न्याय व्यवस्था और त्वरित न्याय के लिए किए गए सुधारों की सराहना की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि वन नेशन वन लीगल सिस्टम की दिशा में उठाए गए कदमों से आम जनता को सस्ता और सुलभ न्याय मिल रहा है। मुख्य अतिथि ने अधिवक्ताओं को समाज का दर्पण बताया और कहा कि वकील न केवल कानून के जानकार होते हैं बल्कि समाज में जागरूकता लाने का भी काम करते हैं। तहसील के कई वरिष्ठ अधिवक्ता, युवा वकील और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एसडीएम नमन मेहता, बार संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजेश दुबे तहसीलदार विकास पांडेय, नायब तहसीलदार धनंजय कुमार, हेमंत कुमार पटेल, अशरफ अली प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में 12 वर्षों की उपलब्धियों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को नवनिर्मित 300 बेड चिकित्सालय परिसर में संचालित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में पिछले 12 वर्षों के दौरान हुए ढांचागत एवं नीतिगत सुधारों की जानकारी दी गई तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन को मिल रहे लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने कहा कि बीते 12 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं ने चिकित्सा सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और प्रभावी बनाया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनता को उन योजनाओं एवं उपलब्धियों से अवगत कराना है, जिन्होंने देश के स्वास्थ्य परिदृश्य में गुणात्मक सुधार किया है। डा.सौरभ ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पल्स पोलियो अभियान, विटामिन-ए सप्लीमेंटेशन कार्यक्रम, मीजल्स-रूबेला अभियान तथा टिटेनस-डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान के माध्यम से बच्चों का टीकाकरण कवरेज लगातार बढ़ा है। साथ ही संस्थागत प्रसव की दर में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, टेली-मानस, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, ई-संजीवनी, ई-कवच, लक्ष्य कार्यक्रम तथा पीएम-अभीम योजना जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि इन पहलों के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं पहुंच रही हैं तथा अस्पतालों की गुणवत्ता और स्वास्थ्य अवसंरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, महिला आयोग सदस्य अर्चना, दिनेश गोस्वामी, डीन डा.मयंक शुक्ला, सीडीओ शेषनाथ चोहान, सीएमएस डा.गजेंद्र सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सहित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सदस्य, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- आयुष्मान भारत से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तक, स्वास्थ्य व्यवस्था में हुए बदलावों की दी जानकारी

## बिना लाइसेंस चल रही मसाला पैकिंग यूनिट पर छापा

**ललितपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को मसालों की गुणवत्ता जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जाखलौन क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मसाला पैकिंग इकाई पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रही यूनिट से मसालों के नमूने संग्रहित किए गए तथा बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री और पैकिंग सामग्री को सीज कर दिया गया।

- हल्दी, धनिया और मिर्च पाउडर के नमूने लिए, 43 हजार रुपये से अधिक का माल किया सीज

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खुशीपुरा, जाखलौन स्थित रिया गोल्ड मसाले प्रतिष्ठान पर छापा मारा। यह प्रतिष्ठान रामकुमार साहू द्वारा संचालित किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान में रखे हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और मिर्च पाउडर के एक-एक नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु भेजे गए। इसके साथ ही 13 किलोग्राम हल्दी, 200 किलोग्राम धनिया पाउडर तथा 45 किलोग्राम मिर्च पाउडर को सीज कर दिया गया। जांच के दौरान जब खाद्य कारोबारकर्ता से खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया तो उसके पास वैध लाइसेंस अथवा आवश्यक पंजीकरण उपलब्ध नहीं पाया गया। निरीक्षण में 25 बोरियों में रखी लगभग 625 किलोग्राम पैकिंग सामग्री भी बरामद हुई, जिसे विभागीय टीम ने सीज कर दिया। खाद्य कारोबारकर्ता ने पूछताछ में बताया कि वह ललितपुर से मसाले पिसवाकर अपने घर पर उनकी पैकिंग करता है। हालांकि उसके पास केवल खुदरा व्यापार का पंजीकरण था, जबकि इस प्रकार की पैकिंग एवं निर्माण संबंधी गतिविधियों के लिए आवश्यक लाइसेंस उपलब्ध नहीं था।

## जन शिक्षण संस्थान में बाल श्रम के खिलाफ गोष्ठी का आयोजन



**बांदा।** जन शिक्षण संस्थान ने बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय के सभागार में किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक मोहम्मद सलीम अख्तर ने किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के नेतृत्व में मनाया जाने वाला एक अन्तर्राष्ट्रीय अभियान है। यह हर साल 12 जून को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत संगठन ने सन 2002 में की थी। इस साल के कार्यक्रम की थीम है बाल श्रम के खिलाफ लाल कार्ड, बच्चो के लिए उचित अवसर, वयस्को के लिये सम्मानजनक काम। इस दिवस को मनाने का मुख्य उददेश्य बालको के अधिकारो की रक्षा करना। उन्हे शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के अवसर प्रदान करना। संस्थान के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी सौम्य खरे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का उद्देश्य दुनिया भर में बच्चों के प्रति हो रहे शोषण को रोकना, जागरूकता फैलाना और सभी सरकारों, संगठनों और समाज को मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करना है। संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार पांडेय, क्षेत्र सहायिका कु0 शिवांगी द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## पोषण अभियान को लेकर डीएम के कड़े निर्देश

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित विविध पोषण एवं बाल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निदेर्शों स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में जो निर्माण कार्य अधूरे हैं उन्हेंगुणवत्तापूर्ण ढंग से एक माह के भीतर पूर्ण कराया जाए।

विशेष रूप से खंड विकास अधिकारी विजयीपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र की प्रगति धीमी पाई गई, जिस पर स्पष्टीकरण माँगा गया है और शीघ्र उन्नत कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्धारित संकेतांक इंडिकेटर असंतृप्त हैं, उनके लिए तत्काल लक्षित कार्रवाई करने को कहा गया है। हर माह कम से कम 10 केन्द्रों के लक्षित रहते हुए उन केन्द्रों को संकेतांकों पर संतृप्त कराने की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। संबंधित खंड विकास अधिकारियों को इन केन्द्रों के लिए प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर सौंपने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों की चिन्हांकन प्रक्रिया को तेज करने तथा पहचान किए गए बच्चों को समय पर पोषाहार तथा आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर भी बल दिया गया। सभी सीडीपीओ से कहा गया कि वे अपनी कार्ययोजना बनाकर कम-से-कम 05 ऐसे केन्द्र चिन्हित करें जहाँ सैम मैम सेवेर असीमेट्रिक मॉड्यूलमॉडल यदि स्थानीय संक्षेप का उपयोग हो रहा है तो विस्तार दें की संख्या अधिक है, ताकि उन केन्द्रों पर संवेदनशीलता के साथ निगरानी करके पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावी रूप से पहुँचाई जा सकें। चिन्हित परिवारों व बच्चों की प्रगति से सम्बन्धित रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाएं और सघन निगरानी जारी रखी जाए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं और बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पोषण समर्थन का वितरण शत-प्रतिशत एफआरएस फैमिली रास्ट्रा एफआरएस के माध्यम से के जरिए सुनिश्चित किया जाए ताकि लाभार्थियों को लक्षित और पारदर्शी तरीके से मदद मिल सके। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की समयबद्ध फीडिंग पीएमएफएस पोर्टल पर कराई जाए, ताकि भुगतान प्रक्रिया सुचारू रहे और रिकॉर्ड स्पष्ट रहे।

## नकली गुटखा निर्माण करने वाले माल सहित गिरफ्तार



**बांदा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध गुटखा निर्माण करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि रब्बानिया नगर निवासी बाबूलाल अपने मकान में अवैध गुटखा का निर्माण करता है। इस पर टीम ने मौके पर छापेमारी करते हुए अवैध गुटखा का निर्माण करते हुए बाबूलाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछतांछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह कई दिनों से अपने मकान में अवैध गुटखा तैयार कर रहा था। माल तैयार होने के बाद उसे आस-पास के क्षेत्र में सप्लाई कराकर अवैध लाभ अर्जित करता था। उसने यह भी बताया कि उसकी गुटखा निर्माण में प्रयुक्त मशीन कुछ समय पूर्व शॉर्ट सर्किट के कारण जल गई थी, जिसे उसने कबाड में बेच दिया था। पुनः नई मशीन लगाने की तैयारी कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई है।

## दूषित जलापूर्ति से क्षेत्रवासी परेशान



**ललितपुर।** पूरे नगर में इन दिनों पेयजलापूर्ति की समस्या बनी हुई है। वहीं गंदे पेयजल की सप्लाई होने से लोग जलजनित रोगों के शिकार हो रहे हैं। वसुंधरा कालोनी चांदमारी में विगत एक सप्ताह से गंदे एवं दूषित पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे लोग बीमार पड रहे हैं। बताया गया है कि लगातार दूषित पानी आने से लोग पेयजल के लिए हैण्डपम्पों का सहारा ले रहे हैं। पानी इतना खराब आ रहा है कि क्षेत्रवासी उसे केवल अन्य उपयोग में ही ले रहे हैं। लगातार दूषित पानी की सप्लाई आने से पानी पीना तो छोडिये लोग उसे भरने में भी संकोच कर रहे हैं। जनहित में स्वच्छ पेयजलापूर्ति की मांग जिलाधिकारी से की गई है।

# ग्रामसभा की 200 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील महरौनी के ग्राम डोंगराखुर्द में ग्रामसभा की करीब 200 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच कर अवैध कब्जा हटाने तथा पात्र भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटित किए जाने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव के एक व्यक्ति ने दबंगई और प्रभाव के बल पर ग्रामसभा की सरकारी भूमि पर लंबे समय से कब्जा कर रखा है।

- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत, भूमिहीन परिवारों को पट्टा दिलाने की उठाई मांग
- भूमि ग्राम समाज और गौशाला की संपत्ति है

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि ग्राम समाज और गौशाला की संपत्ति है, लेकिन कब्जे के कारण उसका उपयोग सार्वजनिक हित और ग्राम पंचायत की योजनाओं के लिए नहीं हो पा रहा है। शिकायतकताओं के अनुसार, यदि भूमि को कब्जामुक्त कराया जाता है तो ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित कर पट्टा पात्रता श्रेणी में आने वाले गरीब, भूमिहीन, अनुसूचित जाति एवं अन्य जरूरतमंद परिवारों को भूमि का आवंटन किया जा सकता है। इससे अनेक परिवारों को आजीविका का स्थायी साधन उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि गांव में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जिनके पास खेती योग्य भूमि नहीं है और वे लंबे समय से सरकारी भूमि पर पट्टा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बने रहने से पात्र लोगों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करवाने तथा यदि अवैध कब्जा पाया जाए तो तत्काल कब्जा हटाकर भूमि को ग्राम पंचायत के नियंत्रण में दिलाने की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भी अनुरोध किया है। शिकायत सौंपने के दौरान ग्राम प्रधान सेनापति सहित कड़ेरी, भगवानदास, रामदयाल, दौलत, नीतेश, किरण, नीरज, सुनील, मुन्ना, घसीटे, छोटेलाल, राशिद, शनि, दरयाब, सुक्कन, कृपाल, शेरसिंह, रामकुमार, अशोक, रामकिशन, संतोष, रामपाल, भरत, रामचरन, दयाराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लेखपाल के भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से

जिला संवाददाता

**बांदा।** सदर तहसील के तिंदवारा गांव में तैनात लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष राकेश बुंदेला की कार्यशैली व भ्रष्टाचार से किसान बेहद परेशान हैं। हाल ही में शिकायतकर्ता ज्योति चैरसिया पत्नी दीपक चैरसिया निवासी कोतवाली रोड मोचियाना व संगीता गुप्ता पत्नी अनिल निवासी मोहल्ला बलखंडीनाका शहर बांदा ने मुख्यमंत्री सहित डीएम, एसडीएम को लेखपाल की कारगुजारी की शिकायत कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वह खाता संख्या 1-1385 गाटा संख्या 3428-4183 रकबा 1.8740 के सह संक्रमणीय मालिक हैं। इनके गाटा संख्या 3428-4183 तिंदवारा निवासी लवकुश सिंह पुत्र मनभावन सिंह ने 30 दिसंबर 2021 को व 15 फरवरी 2024 को कुल रकबा 0.487 हे0 का बैनामा कराया था। नामांतरण होने के बाद उनका नाम खतौनी में दर्ज है। उन्होंने बंटवारा का वाद न्यायालय न्यायिक उपजिलाधिकारी के न्यायालय में ज्योति चौरसिया आदि बनाम लवकुश सिंह आदि के नाम से विचाराधीन है। इस मामले पर लेखपाल राकेश बुंदेला से कोरार्फाट मांगा गया है। लेकिन इसके एवज में लेखपाल 20 हजार रुपये की मांग कर रहा है। नहीं देने पर धमकी दी है कि कोरार्फाट रंगाभेदी नक्शा गलत कर दूंगा। धन न मिलने से नाराज लेखपाल ने कई तारीखें बीतने के बावजूद कोरार्फाट दाखिल नहीं किया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सरकारी फीस के नाम पर लेखपाल को 13 हजार रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं। उन्होंने दूसरे लेखपाल से कोरार्फाट दाखिल करवाने के साथ ही लेखपाल राकेश बुंदेला की अकूत संपत्ति की जांच कराकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पीड़िताओं का आरोप है कि लेखपाल ने धमकी दी है कि वह लेखपाल संघ का पदाधिकारी है। ऐसी स्थिति में उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी अमित आसेरी से इस गंभीर मामले की जांच कराकर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

- संघ अध्यक्ष के रौब पर कर रहे वसूली, अकूत संपत्ति की जांच की मांग
- लेखपाल ने कई तारीखें बीतने के बावजूद कोरार्फाट दाखिल नहीं किया

## सोशल मीडिया पोस्ट पर सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश सिंह चौहान एडवोकेट के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अखिलेश यादव की सुपुत्री आदित्य यादव के विरुद्ध सोशल मीडिया में अपमानजनक अभद्र सामाजिक पोस्ट की गई है जो कि अखिलेश यादव के करो समर्थक वी चाहने वालों को असहाय व क्षुब्ध करने वाली है और समर्थकों में भारी आक्रोश है इस कृति को करने वाले की विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए जोकि अत्यंत आवश्यक है उक्त कर कृत्य करने वालों के खिलाफ प्रभावी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए इस मौके पर सुनील उमराव के जगनायक संचार एडवोकेट अध्यक्ष अधिवक्ता सभा राम बहादुर यादव एडवोकेट महेंद्र सिंह यादव एडवोकेट संदीप कुमार श्रीमाली एडवोकेट जिला अध्यक्ष मजदूर सभा श्री नारायण यादव एडवोकेट जितेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट सुमित साहू एडवोकेट राकेश कुमार एडवोकेट शाहिद अन्य लोग मौजूदरहे।

## संक्षेप

### हैकथॉन आईडीबीआई इनोवेट 2026 लॉन्च

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक का हैकथॉन, आईडीबीआई इनोवेशन 2026 शुरू हो रहा है। इसका उद्देश्य बैंकिंग के परिवेश में इनोवेशन और डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाना है। यह अगली जनरेशन की टेक्नोलॉजी अपनाने के बैंक के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।हैकथॉन की थीम, बिल्ड। इंटीग्रेट। ट्रांसफॉर्म। है। यह भारत के स्टार्टअप, फिनटेक, डेवलपर और इनोवेटर्स से आवेदन आमंत्रित करता है। यह अभियान क्रिएटिव और टेक्नोलॉजिकल टेलेंट की मदद से बैंकिंग उद्योग की चुनौतियों को हल करने की कोशिश करता है। आईडीबीआई इनोवेट 2026 का उद्देश्य प्रतिभाशाली लोगों और इनोवेटिव आईडियाज को साथ लाकर ऐसे डायनामिक सॉल्यूशन देना है, जो बैंकिंग सेक्टर की चुनौतियों को हल कर सकें। यह हैकथॉन डिजिटल एक्सीलेंस और ग्राहक केंद्रित इनोवेशन की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

### स्कोडा ऑटो लॉन्च करेगी नयी कोडियाक आरएस एसयूवी

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी हाई-परफॉर्मेंस आरएस रेंज को नई कोडियाक आरएस के साथ और मजबूत करने जा रही है। 50 वर्षों से अधिक पुरानी आरएस विरासत और 125 वर्षों से ज्यादा के मोटरस्पोर्ट इतिहास पर आधारित यह नया मॉडल ब्रांड की परफॉर्मेंस-उन्मुख पहचान को और मजबूती देता है। 22 जून 2026 से बुकिंग के लिए उपलब्ध होने वाली कोडियाक आरएस दमदार परफॉर्मेंस, शानदार मोटरस्पोर्ट कैरेक्टर, सात-सीटर लग्जरी की बहुउपयोगिता और 4x4 तकनीक से लैस बेहतर ऑल-टेरेन क्षमता का बेहतरीन मेल पेश करती है। आरएस बैज 50 वर्षों से अधिक की वैश्विक परफॉर्मेंस विरासत का प्रतीक रहा है और भारत में भी ऑक्टेविया आरएस के दो दशक पहले आगमन के बाद से इसका बेहद मजबूत प्रशंसक वर्ग रहा है।

### आईडीबीआई बैंक ने अमेरिकी डॉलर में एफसीएनआर (बी) स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉजिट पेश किया

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक ने अमेरिकी डॉलर में एफसीएनआर (बी) स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉजिट पेश किया है। यह डिपॉजिट नॉन-रेजिडेंट भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों को बेहतर रिटर्न प्रदान करेगा। इस डिपॉजिट से उन्हें सुरक्षित और आकर्षक विदेशी करेंसी निवेश के अवसर मिलेंगे।ये विशेष दरें 11 जून, 2026 से 30 सितंबर, 2026 तक सीमित समय के लिए लागू होंगी।मूल राशि और ब्याज को पूरी तरह से स्वदेश भेजा जा सकेगा। एक्सचेंज दर के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलेगी क्योंकि डिपॉजिट केवल अमेरिकी डॉलर में संभाले जाएंगे इस पर कमाए गए ब्याज पर भारत में इंकम टैक्स छूट मिलेगी, जो मौजूदा नियमों के अधीन होगी। लॉक-इन की कम से कम अवधि 1 साल है।

### चौहान ने छोटे किसानों की बेहतरी एवं खाद्य सुरक्षा के लिए साझा प्रयास का किया आह्वान

इंदौर (मध्यप्रदेश)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को ब्रिक्स देशों से छोटे व सीमांत किसानों को सशक्त बनाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और सतत कृषि विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव जैसी कृषि क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों का समाधान सामूहिक प्रयासों से संभव है। चौहान ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने छोटे किसान, महिलाएं और युवा : भोजन का भविष्य सुरक्षित करना विषय पर मंत्रिस्तरीय संवाद की अगुवाई भी की। चौहान ने भारत की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स बैठक में कहा, यदि छोटे किसान मजबूत होते हैं, तो दुनिया की खाद्य सुरक्षा स्वतः सुदृढ़ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले भारत का दृष्टिकोण युद्ध नहीं शांति, संघर्ष नहीं समन्वय की परिकल्पना पर आधारित है। चौहान ने कहा कि वैश्विक कृषि साझेदारी को भी इस भावना के साथ आगे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स बैठक छोटे एवं सीमांत किसानों के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श और अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच है।

# सेंसेक्स 1695 अंक चढ़ा



मुंबई। अमेरिका एवं ईरान में शांति कायम होने के संकेतों से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतें गिरने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। सेंसेक्स 1,695 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,695.40 अंक यानी 2.30 प्रतिशत उछलकर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,775.47 अंक यानी 2.40 प्रतिशत चढ़कर 75,608.02 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 461.30 अंक यानी 1.99 प्रतिशत बढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 483.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,645.35 तक पहुंच गया था। विश्लेषकों के मुताबिक, ईरान युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयान से शेयर बाजार में तेजी आई। ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध खत्म होने और दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर सहमति बनने की बात कही है। इससे वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी और निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लेब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, इटर्नल और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सेंसेक्स में शामिल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही नुकसान में रहने वाली कंपनियों में शामिल रहीं। वैश्विक धारणा में सुधार और आक्रामक लिवाली से भारतीय बाजारों में तगड़ा उछाल देखा गया। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता होने की उम्मीद पैदा होने और कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे आ जाने के साथ रुपये में मजबूती से भी निवेशक धारणा को बल मिला। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 2.75 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 2.66 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड ने सर्वाधिक 3.55 प्रतिशत की उछाल दर्ज की जबकि औद्योगिक खंड में 3.45 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 3.14 प्रतिशत और निजी बैंक सूचकांक में 3.07 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,222 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,046 शेयरों में गिरावट रही और 154 अन्य अपरिवर्तित रहे। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर आए इस उछाल से बीएसई सेंसेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 256.2 अंक यानी एक प्रतिशत की बढ़त में रहा।

# रुपया 77 पैसे की बढ़त के साथ 95.08 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया शुक्रवार को 77 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.08 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जल्द समझौते के संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.40 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.95 से 95.53 के दायरे में कारोबार करता हुआ अंत में 95.08 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 77 पैसे की बढ़त है। रुपया बृहस्पतिवार को 60 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.85 पर बंद हुआ था। तेल की कीमतें तीन महीने बाद घटकर 88.58 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गईं, जिससे रुपये को बल मिला। रुपया पिछले कुछ दिन में 95 से 95.80 के बीच रहा है और इसमें कच्चे तेल की कीमतों के साथ ही उतार-चढ़ाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि सोमवार को रुपया 94.75 से 95.75 के दायरे में रह सकता है...। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.65 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 1,695.40 अंक चढ़कर 75,527.95 अंक जबकि निफ्टी 461.30 अंक की बढ़त के साथ 23,622.90 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.54 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 1,987.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख रुपये बढ़ी



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार तेजी रहने से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,695.40 अंक यानी 2.30 प्रतिशत उछलकर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,775.47 अंक तक चढ़ गया था। इस तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 9,66,538.35 करोड़ रुपये बढ़कर 4,62,00,318.80 करोड़ रुपये (4.84 लाख करोड़ डॉलर) पर पहुंच गया।

## खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 3.93 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इससे पिछले महीने अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 4.78 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 4.20 प्रतिशत थी। पिछले महीने जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई उनमें कीमती धातुओं से बने आभूषण, टमाटर, अदरक, किशमिश और मुनक्का शामिल हैं। वहीं, आलू, मटर, मोटर कार एवं जीप, जीरा तथा




मोटरसाइकिल एवं स्कूटर समेत अन्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति सबसे कम रही। मौद्रिक नीति तय करते समय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है। आरबीआई ने पिछले सप्ताह चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने इसके लिए वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर पड़ने वाले असर तथा बढ़ती लागत को जिम्मेदार बताया था। पेट्रोल की खुदरा कीमतों में मई से अब तक कुल 7.4 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटा

एजेंसी

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पांच जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.97 अरब डॉलर बढ़कर 114.57 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.76 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित कोष की स्थिति 4.826 अरब डॉलर रही।

# देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़कर 13.39 लाख टन



नयी दिल्ली। देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 13.39 लाख टन रहा। कच्चे सोयाबीन तेल की अधिक मांग इसकी मुख्य वजह रही।

वनस्पति तेल का आयात मई में बढ़कर 13,38,936 टन हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 12,54,883 टन था। वनस्पति तेल में खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों तेल शामिल हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे सोयाबीन तेल के आयात में बढ़ोतरी के कारण हुई, जो इस अवधि में 3,98,585 टन से बढ़कर 4,93,854 टन हो गया। गैर-खाद्य तेलों का आयात भी दोगुने से अधिक होकर पिछले महीने 26,202 टन हो गया, जो मई 2025 में 12,040 टन था। इससे मई 2026 में भारत का कुल वनस्पति तेल आयात (खाद्य और गैर-खाद्य) 8 प्रतिशत बढ़कर 13.65 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 12.67 लाख टन था। तेल वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों में कुल वनस्पति तेल आयात 12 प्रतिशत बढ़कर 93.65 लाख टन हो गया, जो 2024-25 की इसी अवधि में 83.39 लाख टन था। एसईए ने बताया कि नवंबर 2025 से मई 2026 (तेल वर्ष के पहले सात महीनों) में खाद्य तेल आयात 13 प्रतिशत बढ़कर 92.17 लाख टन रहा, जबकि गैर-खाद्य तेल आयात घटकर 1,47,710 टन रहा। संस्था के अनुसार मई में आयात बढ़ने का प्रमुख कारण सोयाबीन तेल का दाम पाम ऑयल के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी होना है। सरकार ने एक जून से कच्चे पाम तेल पर शुल्क मूल्य बढ़ाकर 1,218 डॉलर प्रति टन और रिफाइंड पाम ऑयल (आरबीडी) पर 1,222 डॉलर प्रति टन कर दिया। वहीं कच्चे सोयाबीन तेल पर शुल्क मूल्य थोड़ा कम किया गया है।

## त्रिपुरा को 30,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव 8000 करोड़ की परियोजनाएं शुरू : साहा

एजेंसी

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि राज्य को पिछले वर्ष 30,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

साहा ने कहा कि उनकी सरकार ने इस पूर्वोत्तर राज्य का समावेशी, समृद्ध और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य विकसित भारत के अनुरूप लक्ष्य 2047 दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया है। नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा ने पिछले छह वर्षों में अपना सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) दोगुना कर लिया है और भारत का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, राज्य को पिछले वर्ष 30,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं पहले ही धरातल पर उतर चुकी हैं। साहा ने बताया कि भारती एयरटेल सहित कई बड़ी कंपनियां पूर्वी भारत को सेवा देने के लिए अगरतला में डेटा सेंटर जैसी रणनीतिक सुविधाएं स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य ने प्रशासनिक कार्यों में मंत्रिमंडल स्तर से लेकर ग्राम पंचायत तक पूर्ण डिजिटलीकरण और कागजरहित व्यवस्था हासिल कर ली है। उन्होंने कहा, राज्य ने विकसित भारत ए 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य 2047 को अपनाया है जिससे सभी नागरिकों के लिए समावेशी, सुरक्षित, समृद्ध और बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा। साहा ने कहा कि चिकित्सकीय शिक्षा में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जहां एमबीबीएस सीट 225 से बढ़कर 550 और स्नातकोत्तर सीट 85 से बढ़कर 196 हो गई हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है जिसमें माता त्रिपुरा सुंदरी पर्यटन सर्किट और बौद्ध सर्किट का विकास शामिल है।

## पेज एक का शेष

### एलन मस्क बने

75 अरब डॉलर के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के बाद मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए हैं। मस्क की दौलत का एक बड़ा हिस्सा अब उनकी स्पेस कंपनी स्पेसएक्स से आ रहा है। गुरुवार को आए स्पेसएक्स के ऐतिहासिक आईपीओ ने शेयर बाजार से 75 अरब डॉलर जुटाए हैं, जिसने उनके बिजनेस पर निवेशकों के उत्साह को साबित किया है। रॉयटर्स की गणना के अनुसार, शुक्रवार को जब शेयरों की ट्रेडिंग शुरू हुई, तो टेस्ला और उनकी अन्य कंपनियों की हिस्सेदारी को मिलाकर मस्क की कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर (1.1 लाख करोड़ डॉलर) को पार कर गई। इसमें केवल स्पेसएक्स की ही लगभग 866 अरब डॉलर की हिस्सेदारी शामिल है।

### नीट परीक्षा

रही इस परीक्षा को सुचारु, पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराया जाए। एक बयान में कैबिनेट सचिव के हवाले से कहा गया, केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और जिला प्रशासन दोबारा आयोजित होने वाली नीट को सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए घनिष्ठ समन्वय में काम कर रहे हैं। पुनर्परीक्षा के सुचारु संचालन में किसी तरह की गड़बड़ी या बाधा उत्पन्न करने या इसकी निष्पक्षता से छेड़छाड़ करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्वाई की जाएगी। सोमनाथन ने इससे पहले एक जून को केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों के सचिवों के साथ व्यवस्था संबंधी समीक्षा की थी। उन्होंने चार जून को राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों के साथ तैयारियों और व्यवस्थाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक की।

### मोदी के

उनकी सफल नेतृत्व यात्रा का उत्सव देखा। दुनिया के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों ने प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और भारत की विकास यात्रा की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। पिछले 12 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है और आज देश का प्रत्येक नागरिक नए भारत का हिस्सा होने पर गर्व महसूस कर रहा है। सीएम ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक योजनाएं बनती रहीं, लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहली बार योजनाओं को जन आंदोलन का स्वरूप मिला। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों बैंक खाते खोले गए, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बने, 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और मुद्रा योजना जैसी पहलों ने देश को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकास की धुरी के रूप में गरीब, महिला, युवा व किसान को केंद्र में रखा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली, जो विश्व इतिहास की एक बड़ी उपलब्धि है। उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री की योजनाओं का सर्वाधिक लाभ मिला है। गरीब अब केवल वोट बैंक नहीं रहा, बल्कि विकास प्रक्रिया का केंद्र बन चुका है। महिला सशक्तीकरण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदन योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं को नई पहचान दी है। युवाओं के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा दिया। पहली बार युवाओं को यह विश्वास मिला कि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन सकते हैं। उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों की राजनीति वर्षों तक भ्रष्टाचार, कुशासन, परिवारवाद, तुष्टिकरण, अव्यवस्था और असुरक्षा पर आधारित रही, उन्हें आज देश में हो रहा विकास और परिवर्तन स्वीकार नहीं हो रहा है। पहले देश की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों से दूरी बनाई जाती थी तथा समाज को जाति, क्षेत्र, भाषा और मत-मजहब के आधार पर बांटने का प्रयास किया जाता था। पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान किसान उपेक्षित रहे, उद्यमियों को हतोत्साहित किया गया, युवाओं को अवसर नहीं मिले और गरीब केवल वोटबैंक बनकर रह गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब विकास, सुशासन, सुरक्षा, विरासत के सम्मान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य हुआ तो वही लोग इस परिवर्तन से असहज दिखाई दे रहे हैं। आज पूरा विश्व भारत की उपलब्धियों और विकास यात्रा की सराहना कर रहा है, लेकिन कुछ विपक्षी दल राजनीतिक कारणों से इन उपलब्धियों को स्वीकार करने से बच रहे हैं।

### ग्रीन मोबिलिटी

भी बड़े दिखने चाहिए। सीएम योगी ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट तक संचालित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 45 इलेक्ट्रिक बसों व 3 हाइड्रोजन बसों को लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने इस अवसर पर नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी शुभारंभ किया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पश्चिम एशिया में चल रहे गतिरोध बड़ी चुनौतियां हैं। इनके कारण दुनिया वायु प्रदूषण, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, ओलावृष्टि का सामना कर रही है। दुनिया पर थोपे गए युद्धों की कीमत पूरी मानवता चुका रही है। पीएम के विजन को धरातल पर उतारने के लिए 15 जून से भारत के सबसे बड़े हवाई अड्डे (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है।

### उच्चतम न्यायालय

देने से इनकार किया है। पीठ ने कहा यदि अदालत यह तय करने लगे कि किन मामलों में नामांकन रद्द किया जाना इतना गलत है कि वह सीधे अनुच्छेद 32 या 226 के तहत हस्तक्षेप कर सकती है, और किन मामलों में उम्मीदवार को चुनाव याचिका का रास्ता अपनाना चाहिए, तो अदालत संविधान के अनुच्छेद 329 में ऐसी व्यवस्था जोड़ रही होगी जो वहां लिखी ही नहीं गई है।

### डीजल की

ने खुदरा उपभोक्ताओं को पश्चिम एशिया संकट के बाद अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल से बचाने के लिए खुदरा कीमतों को नियंत्रित रखा है। वहीं दूरसंचार टावर और बिजली उत्पादन जैसे कार्यों के लिए डीजल इस्तेमाल करने वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं से बाजार दर वसूली जाती है जबकि खुदरा पंप दरें लागत से काफी कम हैं। परिवहन एवं लॉजिस्टिक व्यवसाय से जुड़ी कंपनियों और राज्य सड़क परिवहन बसों जैसे वाणिज्यिक उपभोक्ता भी अपनी जरूरतों के लिए पेट्रोल पंप से ईंधन ले रहे थे जिससे कुछ क्षेत्रों में मांग में असामान्य वृद्धि हुई। कीमतों के इस अंतर के कारण बिक्री तरीके में भी बदलाव हुआ और बिक्री का एक हिस्सा निजी क्षेत्र के बिक्री केंद्रों से हटकर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के पेट्रोल पंपों की ओर चला गया। मई में सरकारी तेल कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल की पेट्रोल बिक्री में 4.8 प्रतिशत और डीजल बिक्री में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 11 जून को मोटर स्पिरिट एंड हाई स्पीड डीजल (खुदरा बिक्री केंद्र के माध्यम से आपूर्ति का अस्थायी विनियमन) आदेश, 2026 जारी किया। इसके तहत थोक खरीद पर 90 दिन तक रोक लगाने का प्रावधान किया गया है। सरकार ने कहा कि यह कदम वर्तमान वैश्विक स्थिति के कारण उठाया गया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला, शिपिंग लॉजिस्टिक और पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को प्रभावित किया है। अधिसूचना के अनुसार, वर्तमान स्थिति में यह देखा गया है कि देश के कुछ हिस्सों में मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) और हाई स्पीड डीजल (डीजल) की खुदरा बिक्री में असामान्य वृद्धि हो रही है, जिसका मुख्य कारण यह है कि औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं संस्थागत उपभोक्ता कीमत के अंतर के चलते थोक बिक्री की जगह खुदरा बिक्री केंद्रों से ईंधन ले रहे हैं। नए नियमों के अनुसार, संस्थागत एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को अब पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने की अनुमति नहीं होगी और उन्हें अपने उपभोक्ता पंपों से आपूर्ति लेनी होगी। आदेश में यह भी कहा गया कि पेट्रोल पंपों से डीजल की बिक्री वाहन टैंक या पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन स्वीकृत कंटेनर तक सीमित होगी और प्रति वाहन या ग्राहक प्रति दिन 200 लीटर की सीमा तय होगी। इस डीजल का पुनर्विक्रय नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने कहा कि खुदरा पंपों से थोक खरीद से आपूर्ति का दुरुपयोग हो सकता है और इससे स्थानीय स्तर पर कमी तथा आवश्यक सेवाओं में बाधा उत्पन्न होने की आशंका है। आदेश को लागू कराने की जिम्मेदारी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों और अन्य अधिकृत विक्रेताओं को दी गई है, जबकि राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जमाखोरी, कालाबाजारी तथा अवैध आपूर्ति पर कार्वाई करने को कहा गया है। ये प्रतिबंध प्रारंभ में 90 दिन तक प्रभावी रहेंगे और आगे नए आदेश के जरिये बढ़ाए जा सकते हैं। सरकार ने कहा कि यह कदम पेट्रोल-डीजल की समान उपलब्धता सुनिश्चित करने, जमाखोरी रोकने एवं देशभर में निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए उठाया गया है। अधिसूचना में कहा गया सरकार किसी विशेष आदेश द्वारा किसी भी उपभोक्ता, उपभोक्ताओं के वर्ग, क्षेत्र, लेन-देन या लेन-देन की श्रेणी को इस आदेश के सभी या किसी भी प्रावधान से छूट दे सकती है।

### आगरा : हिरासत

चिकित्सकीय जांच में चोट के निशान पाए गए। अदालत ने छह जून को उपनिरीक्षक नीलेश शर्मा, उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह, महिला उपनिरीक्षक नेहा और महिला आरक्षी सीमा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। पुलिस ने आदेश को चुनौती देते हुए सत्र न्यायालय में याचिका दायर की लेकिन 11 जून को अदालत ने उसे खारिज कर दिया।

### सैन्य गौरव

एजेंसियां पूरे समय स्थिति पर नजर बनाए हुए थीं। राष्ट्रपति के ठहराव के लिए राष्ट्रपति निकेतन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की गई थीं। शनिवार को राष्ट्रपति भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वह परेड की सलामी लेंगी और प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके जेंटलमैन कैडेट्स का उत्साहवर्धन करेंगी। 158वें रेगुलर कोर्स तथा 141वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स के कैडेट्स इस अवसर पर सेना में अधिकारी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेंगे। आईएमए की पासिंग आउट परेड केवल एक सैन्य आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा के संकल्प का प्रतीक मानी जाती है। राष्ट्रपति की उपस्थिति इस समारोह को और अधिक प्रतिष्ठित बनाती है तथा युवा अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी होती है। राष्ट्रपति मुर्मू का यह दौरा उत्तराखंड के लिए विशेष महत्व रखता है। बीते एक वर्ष में यह उनका तीसरा देहरादून दौरा है। इससे पूर्व भी वे राष्ट्रपति संपदा से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों और सार्वजनिक सुविधाओं के उद्घाटन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए राज्य आ चुकी हैं। लगातार हो रहे इन दौरों से राष्ट्रपति संपदा और देहरादून की राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान भी परिलक्षित होती है।

### उत्तर प्रदेश

संचालन भी जेवर एयरपोर्ट के पास करेंगे। वायु प्रदूषण को कम करने, जहरीले वातावरण से बच्चों, बुजुर्गों, बीमारों को बचाने में इनकी बड़ी भूमिका होगी।




# विश्व कप की तैयारी शुरू करेगा भारत

धर्मशाला। भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी।

इस श्रृंखला में जहां रोहित शर्मा की मैच फिटनेस की परीक्षा होगी, वहीं चोटिल हार्दिक पंड्या के बैकअप के रूप में नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी कड़ी नजर रहेगी। आईपीएल के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण कुछ मैच नहीं खेल पाने वाले रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए समय रहते पूरी तरह से फिट हो गए हैं, लेकिन भारतीय टीम और दर्शकों को विराट कोहली की कमी खलेगी जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारत अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इस बात पर संदेह बना हुआ है कि क्या 39 वर्षीय रोहित वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहेंगे या नहीं। भले ही उम्र उनके पक्ष में नहीं हो लेकिन वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में सक्षम रहे हैं। विश्व कप से पहले भारत को लगभग 25 वनडे मैच खेलने हैं, जिससे टीम को खिलाड़ियों और अलग-अलग संयोजन आजमाने का पर्याप्त मौका मिलेगा।



शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने तीन वनडे श्रृंखला खेली हैं जिनमें से दो में उसे हार का सामना करना पड़ा था। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ मिलकर वह इस रिकॉर्ड में सुधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। गिल और रोहित के पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है, जबकि कोहली की अनुपस्थिति में तीसरे नंबर पर ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल में से किसी एक को उतारा जा सकता है। टी20 कि भारतीय टीम के नवनियुक्त कप्तान श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। टीम के नंबर एक विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल मध्य क्रम का हिस्सा हैं और नीतीश कुमार रेड्डी संभवतः उनके बाद छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। रेड्डी की बल्लेबाजी क्षमता पर कभी संदेह नहीं रहा है, लेकिन हार्दिक के बैक-अप के रूप में क्या वह गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखना बाकी है। हार्दिक की तरह रेड्डी को भी चोटों का सामना करना पड़ा है और चयनकर्ता यह देखने के लिए उत्सुक होंगे कि क्या वह अपनी मध्यम गति की गेंदबाजी से 10 ओवर करने में पर्याप्त सक्षम हैं। रेड्डी ने आईपीएल में बल्ले और गेंद दोनों से अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई और उनका लक्ष्य एकदिवसीय क्रिकेट में भी उसी फॉर्म को दोहराना होगा। धर्मशाला की उंचाई पर स्थित पिच पर गेंद आमतौर पर अच्छी गति और उछाल के साथ बल्लेबाज तक पहुंचती है। टीम में दूसरे ऑलराउंडर ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर हैं। स्पिन गेंदबाजी में कुलदीप यादव दूसरे विकल्प हो सकते हैं लेकिन वह अभी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं। कुलदीप ने हालांकि 120 वनडे में 194 विकेट लिए हैं और उनका अनुभव काफी मायने रखता है। अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे टीम में स्पिन गेंदबाजी का एक और विकल्प हैं। दुबे अच्छे बल्लेबाज भी हैं। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे, जबकि प्रिंस यादव या गुरनूर बराड़ तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज दोनों को ही कार्यभार प्रबंधन के तहत इस श्रृंखला से आराम दिया गया है। अफगानिस्तान को भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा था लेकिन उसकी टीम सीमित ओवरों की क्रिकेट में काफी अच्छी है। राशिद खान की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी, जो पीठ की सर्जरी के बाद फिलहाल लाल गेंद की क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। अनुभवी मोहम्मद नबी भी हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली टीम को संतुलन प्रदान करेंगे। अफगानिस्तान 2023 में भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा जब वह सेमीफाइनल में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गया था। चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में छह विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम को वनडे टीम में शामिल कर लिया गया है।

टीम इस प्रकार हैः

भारतः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, कुलदीप यादव, नितीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर, हर्ष दुबे, इशान किशन, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

अफगानिस्तानः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), सेदिकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, बिलाल सामी, नांगेयालिया खरोती, फरीद अहमद मलिक, एएम ग़ज़नफ़र, मोहम्मद नबी, राशिद खान, दरविश रसूली, इब्राहिम जादरान, जिया उर रहमान शरीफी।

मैच दोपहर 1.30 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगा।

## दक्षिण कोरिया की चेक गणराज्य पर जीत में चमके ह्वांग इन-बीओम

गुआडालाजारा (मैक्सिको)। ह्वांग इन-बीओम ने एक गोल किया और एक अन्य गोल में मदद की, जिससे दक्षिण कोरिया ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बृहस्पतिवार की रात को विश्व कप फुटबॉल के दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हरा दिया।



पहले हाफ में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और मैदान से बाहर जाते समय दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। इसके बाद चेक गणराज्य ने 59वें मिनट में कप्तान लादिस्लाव क्रेजी के हेडर से किए गए शानदार गोल से बढ़त हासिल कर ली। यह गोल पेनल्टी एरिया में एक लंबी थ्रो-इन के बाद हुआ। दक्षिण कोरिया ने 67वें मिनट में बराबरी कर ली, जब ह्वांग ने दो खिलाड़ियों को चकमा देने के लिए शॉट मारने का नाटक किया और गोल दाग दिया। इसके बाद उन्होंने दाहिनी ओर से क्रॉस पास दिया, जिस पर ओह ह्योन-ग्यू ने 80वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह मैच ग्वाडालाजारा स्टेडियम में खेला गया जहां सैकड़ों सीट खाली पड़ी थी।

मैच खत्म होने के बाद दक्षिण कोरियाई टीम ने गोलपोस्ट के पीछे खड़े होकर अपने प्रशंसकों के साथ जश्न मनाया। दक्षिण कोरिया के कोच हांग म्युंग-बो ने कहा, यह हमारा पहला मैच था और बहुत मुश्किल था। जीत हासिल करने से हम खुश हैं लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैच में किसी भी समय हौसला नहीं खोया। दक्षिण कोरिया ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार किसी यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी को हराया। इससे पहले उसने 2022 में पुर्तगाल और 2018 में जर्मनी को हराया था। स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन की अगुवाई में दक्षिण कोरिया ने गेंद पर पूरा नियंत्रण रखा और चेक गणराज्य के गोल पर अधिक शॉट लगाए, जो 2006 के बाद पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। फीफा रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज कोरियाई टीम को 38वें स्थान की टीम चेक गणराज्य के खिलाफ गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन वे शुरुआती क्षणों में इनका फायदा उठाने में नाकाम रहे। दक्षिण कोरिया लगातार 11वीं बार और कुल मिलाकर 12वीं बार विश्व कप में हिस्सा ले रहा है, जो किसी भी एशियाई देश के लिए सबसे अधिक है। विश्व कप में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2002 में रहा था जब वह चौथे स्थान पर रहा था। उसने तब जापान के साथ मिलकर टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी की थी।

संक्षेप

## तेंदुलकर, कोहली से भी बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं सूर्यवंशी

बेंगलुरु। दक्षिण अफ्रीक के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपने करियर के अंत तक सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली से भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। इसके बाद उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में भी शामिल किया गया है। स्टेन ने एसए20 की ओर से पांचवें सत्र से पहले आयोजित बातचीत में कहा, सूर्यवंशी अलग ही स्तर के खिलाड़ी हैं। वह अभी कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से बेहतर हैं। वह एक बॉय वंडर हैं और भारतीय क्रिकेट के लिए किसी खजाने की तरह है। उन्होंने आगे कहा, सचिन और कोहली जैसे दिग्गजों की बात करें तो यह बच्चा आगे चलकर उनसे भी बड़ा बन सकता है। लेकिन जरूरी है कि उसे सही तरीके से संभाला जाए, क्योंकि बड़ी जिम्मेदारी के साथ बड़ी सावधानी भी जरूरी होती है। अगर उसे ठीक से मैनेज नहीं किया गया तो हम उसे खो भी सकते हैं। स्टेन ने कहा कि सूर्यवंशी की सबसे बड़ी ताकत बेहतरीन गेंदबाजी को भी सहजता से हिट करने की क्षमता है। वह बेहतरीन बॉल स्ट्राइकर हैं। भारत में अच्छे विकेट और छोटे मैदानों का उसने बहुत अच्छे से फायदा उठाया है। वह एक बहुत ही प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट 699 विकेट लेने वाले स्टेन का मानना है कि सही रणनीति से उन्हें रोका भी जा सकता है। अगर बल्लेबाज के अंदर थोड़ा डर पैदा किया जाए तो उसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, (कगिसो) रबाडा ने उसके खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की। उसे बाउंसर गेंदों से परखना होगा और वह अभी बहुत युवा है, केवल 14-15 साल का है। अगर आप खेल में थोड़ा डर का तत्व डाल सकें तो क्रिकेट वास्तव में एक ऐसा खेल है जिसमें यह अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, अगर आप खेल में डर के साथ उतरते हैं, यानी किसी खिलाड़ी से खौफ महसूस करते हैं तो गेंदबाजी करने या बल्लेबाजी करने का डर भी आपको गलत फैसले लेने पर मजबूर कर सकता है। इसलिए उनके खिलाफ शॉर्ट बॉल एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इस 42 साल के पूर्व खिलाड़ी ने इसके साथ ही 37 साल के दिग्गज विराट कोहली की भी तारीफ की। कोहली का मानसिक स्तर और लगातार प्रदर्शन करने की भूख उन्हें खास बनाती है। उनमें वही आत्म-प्रेरणा है जो मेरे समय के खिलाड़ियों में भी थी। बदलते टी20 क्रिकेट पर स्टेन ने कहा कि गेंदबाजों को विविधता के साथ-साथ सही समय पर सही गेंद का इस्तेमाल करना सीखना होगा।

## सिंधू ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में, तन्वी बाहर



सिडनी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू यू को मात्र 27 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में सीधे गेमों में 21-6, 21-9 से पराजित किया। सिंधू ने शुरुआत से ही मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और आसानी से अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में सिंधू का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से होगा। यामागुची ने भारतीय किशोरी तन्वी शर्मा के शानदार अभियान का अंत करते हुए उन्हें 21-14, 21-14 से हराया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला। सिंधू और यामागुची के बीच अब तक हुए मुकाबलों के आंकड़ों में भारतीय स्टार का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए 28 मुकाबलों में सिंधू ने 15 जबकि यामागुची ने 13 जीत दर्ज की हैं। सिंधू के लिए यह सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि मौजूदा सत्र में उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को समाप्त करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। सिंधू को दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीतने के बाद से अपने अगले खिताब का इंतजार है। इससे पहले सिंधू ने प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

## आयु धोखाधड़ी पर डब्ल्यूएफआई की कार्रवाई 500 से अधिक पहलवान प्रतियोगिता से बाहर

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उम्र में धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ी कार्वाई करते हुए अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से 500 से अधिक पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया है।



आधार आधारित सख्त सत्यापन प्रणाली लागू होने के बाद खिलाड़ियों के दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर विसंगतियां सामने आईं। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में छह से आठ जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्गों में करीब 1,200 पहलवानों ने पंजीकरण कराया था। आयु सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र के साथ-साथ खिलाड़ियों से मोबाइल नंबर से जुड़े आधार कार्ड प्रस्तुत करने और आधार ऐप के जरिए ओटीपी प्रमाणीकरण कराने को कहा गया। आधार ऐप में दस्तावेजों में किए गए सभी बदलावों का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है, जिससे जांच और अधिक प्रभावी हो सकी। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि तथा जन्म स्थान में बड़े अंतर पाए गए। इसके बाद करीब 500 पहलवानों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। इनमें लगभग 300 पुरुष फ्रीस्टाइल, 125 ग्रीको रोमन और करीब 50 महिला पहलवान शामिल हैं। जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए जिनमें आधार और जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी मेल नहीं खा रही थी। कई जन्म प्रमाण पत्र खिलाड़ियों के जन्म के वर्षों बाद जारी किए गए थे, जिससे संदेह और गहरा गया। एक मामले में एक पहलवान ने जन्म प्रमाण पत्र में अपनी जन्म तिथि वर्ष 2007 और जन्म स्थान दिल्ली के नरेला क्षेत्र का बताया था, जबकि उसके आधार रिकॉर्ड में जन्म वर्ष 2004 और जन्म स्थान हरियाणा दर्ज था। इस विसंगति के बाद डब्ल्यूएफआई ने संबंधित अस्पताल से भी स्पष्टीकरण मांगा। सख्त जांच के बाद केवल 350 पुरुष फ्रीस्टाइल, 185 महिला और 160 ग्रीको रोमन पहलवानों को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति दी गई। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि हम कुश्ती से आयु धोखाधड़ी को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वास्तविक खिलाड़ियों को तब नुकसान होता है जब अधिक आयु वाले खिलाड़ी आयु वर्ग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं। आधार सत्यापन प्रक्रिया ने हमें दस्तावेजों में मौजूद विसंगतियों की पहचान करने में मदद की है और हम भविष्य में होने वाली सभी अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-20 प्रतियोगिताओं में इसे सख्ती से लागू करते रहेंगे। महासंघ ने हाल ही में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र पाए जाने पर पांच पहलवानों को निलंबित भी किया था, जिससे स्पष्ट है कि आयु रिकॉर्ड में हेरफेर करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई जारी रहेगी। डब्ल्यूएफआई अधिकारियों के अनुसार यही सत्यापन प्रक्रिया आगामी आयु वर्ग प्रतियोगिताओं में भी लागू की जाएगी। इसमें 14 जून को सोनीपत में होने वाले अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप महिला ट्रायल और 15 जून को लखनऊ में आयोजित पुरुष ट्रायल भी शामिल हैं।

## जसपाल राणाः भारतीय निशानेबाजी ने अपना पहला सितारा खो दिया

नयी दिल्ली। निशानेबाजी में विलक्षण प्रतिभा, मैदान के बाहर बेबाक अंदाज और युवा खिलाड़ियों को पहचानने में माहिर कोच, जसपाल राणा शायद पहले ऐसे निशानेबाज थे जिन्होंने इस खेल में भारत के मजबूत होने से पहले ही भारतीयों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

राणा ने 49 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्हें दिल से जुड़ी समस्याएं हो गई थीं, जो म्यूनिख से दिल्ली लौटते समय उनकी उड़ान के दौरान सामने आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जन्मे राणा सिर्फ एक चैंपियन निशानेबाज ही नहीं थे। वह एक खेल क्रांति का चेहरा थे। भारत के विश्व में निशानेबाजी में एक ताकत के रूप में उभरने से काफी पहले किशोर राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार प्रदर्शन से एक पीढ़ी को प्रेरित किया और उस खेल के पहले स्टार खिलाड़ियों में से एक बन गए जो उस समय भारत में क्रिकेट के दीवाने लोगों के लिए काफी हद तक अनजान था। उनका उदय भारतीय निशानेबाजी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। वह तस्वीर भारतीय खेल जगत की स्मृतियों में हमेशा के लिए बनी रहेगी जब विक्टोरिया में 1994 के राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद किशोर राणा को उनके पिता ने कंधों पर उठा दिया था। जिस निशानेबाजी खेल से भारत लगभग अपरिचित था, उस खेल में उन्हें एक नायक मिल गया था। उनका यह प्रदर्शन एक ऐसे खिलाड़ी का उदय था जो एक चैंपियन और एक कोच दोनों के रूप में भारतीय निशानेबाजी के भाग्य को नई दिशा देने वाला था। उस सफलता ने राणा परिवार की किस्मत बदल दी, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने भारत के लिए पदक दिलाने वाले खेल के रूप में निशानेबाजी की क्षमता को उजागर किया। राणा के पिता नारायण सिंह राणा पूर्व सैनिक हैं। इन दोनों पिता पुत्र की जोड़ी ने राजनीति में हाथ आजमाया और अलग-अलग समय पर भाजपा और कांग्रेस दोनों से जुड़े रहे। हालांकि उन्हें चुनाव में सफलता नहीं मिली। महज 12 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा का करियर लगभग दो दशकों तक चला, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में कई पदक जीते। वह ओलंपियन भी थे। उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक खेलों में भाग लिया था लेकिन पदक नहीं जीत पाए थे। राजवर्धन सिंह राठौड़ (2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक) और अभिनव बिंद्रा (2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक) ने बाद में ओलंपिक में पदक जीते लेकिन इसकी नींव एक तरह से राणा ने रखी थी। दोहा में 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने तेज बुखार और मतली आने के बावजूद तीन स्वर्ण पदक जीते।

# मशहूर निशानेबाज और कोच जसपाल राणा का 49 वर्ष की उम्र में असमय निधन

नयी दिल्ली। भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक और मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले जसपाल राणा का दिल से संबंधित बीमारी के कारण शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। राणा के परिवार में उनकी पत्नी रीना राणा, बेटी देवांशी, बेटा युवराज, पिता नारायण सिंह राणा और उनकी बहन सुषमा सिंह और छोटा भाई सुभाष राणा शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव के अनुसार राणा ने देर रात को दिल्ली के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। सूत्रों ने बताया कि दिल की बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के कारण उनका निधन हुआ। उनके असमय निधन से खेल जगत सदमे में है। अस्पताल सूत्रों ने पीटीआई को बताया, सीने में दर्द होने के बाद जसपाल राणा को एक जून को साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी धमनियों में रुकावट पाई गई। शुक्रवार तड़के उनका निधन हो गया। राणा हाल में जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल की वापसी की उड़ान के दौरान बीमार पड़ गए थे और उन्हें एक चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। नयी दिल्ली में उतरते ही उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और उन्हें स्टेंट डाले गए थे। सूत्रों के अनुसार शुरुआती रिपोर्टों में उनकी हालत स्थिर बताई गई थी, लेकिन बाद में बिगड़ गई। राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के लिए हाई परफार्मेंस कोच के रूप में कार्यरत थे। अपने मुखर स्वभाव, बेबाक टिप्पणी करने और खेल के प्रति जुनून के कारण भारतीय निशानेबाजी जगत में विद्रोही माने जाने वाले इस पूर्व निशानेबाज में असाधारण प्रतिभा थी और उन्होंने महज 12 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्तर का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था। 1994 के राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतना उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बड़ी सफलता थी। दरअसल एशियाई खेलों का उनका स्वर्ण पदक राजा रणधीर सिंह के 1978 में सोने का तमगा जीतने के 16 साल बाद भारत का पहला स्वर्ण पदक था। रणधीर सिंह का हाल ही में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया था। एक निशानेबाज के रूप में राणा के करियर का सबसे बड़ा क्षण 2006 के दोहा एशियाई खेलों में आया जब उन्होंने तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता।



## आरडब्ल्यूए क्रिकेट टूनार्मेंट लीग 2026 का शुभारंभ, 10 आवासीय सोसायटियों की टीमें मैदान में

लखनऊ। राजधानी में शुक्रवार से आरडब्ल्यूए क्रिकेट टूनार्मेंट लीग 2026 का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शहर की 10 प्रमुख आवासीय सोसायटियों की टीमें भाग ले रही हैं। पहले दो दिनों में लीग मैच खेले जाएंगे, जबकि अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सिक्स2ओ क्रिकेट सेंटर में आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं एसएनआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के विनीत मिश्रा भी उपस्थित रहे। डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं तथा युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। आयोजन सचिव आशीष शर्मा (मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ) ने बताया कि टूनार्मेंट में रिशिता मैनहट्टन, रिशिता मलबेरी हाइट्स, सनब्रीज, ओकास रेजीडेंसी, रिट्रीट रैप्टर्स, ओमैक्स आर-2, सेलेब्रिटी ग्रीन्स, संतुष्टि, राजवंश क्रिकेट क्लब और इंद्रप्रस्थ ग्रैंड की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि टूनार्मेंट का उद्देश्य विभिन्न आवासीय सोसायटियों के बीच आपसी सौहार्द और खेल भावना को प्रोत्साहित करना, लोगों को खेल गतिविधियों से जोड़ना तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



# मोदी सरकार ने विकास की मजबूत नींव रखी

शिमला। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 12 वर्ष विकास और जनकल्याण के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक रहे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने कहा कि इन परिवर्तनकारी वर्षों ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई द्वारा विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष अभियान के तहत आयोजित बौद्धिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि देश ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास देखा है और सरकार के 4,399 दिनों को भारत के इतिहास के स्वर्णिम युग के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारतीय राजनीति जातिवाद, वंशवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के इर्द-गिर्द घूमती थी तथा आम लोगों की धारणा थी कि सरकार तो बदल सकती है, लेकिन शासन व्यवस्था नहीं बदलती। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने राजनीति को सेवा, जवाबदेही और सुशासन का माध्यम बनाकर इस सोच को बदल दिया। नड्डा ने कहा, जब भारत ने आजादी के 75 साल पूरे किए, तब प्रधानमंत्री मोदी ने अमृतकाल की परिकल्पना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प प्रस्तुत किया। इससे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ कि आम नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा सकते हैं और सरकार उनकी बात सुनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के



विकास और समृद्धि को सुनिश्चित करते हुए जनता का विश्वास जीता है। नड्डा ने दावा किया कि इस अवधि में हुए 75 प्रमुख चुनावों में भाजपा और राजग ने 43 चुनावों में जीत दर्ज की तथा वर्तमान में देश की 78 प्रतिशत आबादी भाजपा और राजग शासित राज्यों में निवास करती है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित संविधान के अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को निरस्त करना, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक की प्रथा समाप्त करना और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करना ऐसे ऐतिहासिक निर्णय हैं, जिन्हें पूर्ववर्ती सरकारों ने राजनीतिक कारणों से टाल रखा था। सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि रेलवे विद्युतीकरण में 200 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों, सुरंगों, चार-लेन परियोजनाओं और आधुनिक परिवहन नेटवर्क के विस्तार से देश में संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिली है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देशभर में 4.30 लाख किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया, जिनमें हिमाचल प्रदेश में बनी 14,400 किलोमीटर सड़कें भी शामिल हैं। उज्ज्वला योजना ने लाखों महिलाओं को धुएं से भरे रसोईघरों से मुक्ति दिलाई तथा हिमाचल प्रदेश में लगभग 1.5 लाख परिवारों को एलपीजी कनेक्शन का लाभ मिला। जल जीवन मिशन के तहत लाखों घरों तक नल से जल पहुंचाया गया और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया।

# अमरनाथ यात्रा के दौरान अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें एजेंसियां : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा मार्ग और पर्यटन स्थलों पर शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और सभी सुरक्षा एजेंसियों को मिलकर एक बहु-स्तरीय और अभेद्य सुरक्षा घेरा बनाना चाहिए।



शाह ने तीन जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे, निगरानी प्रणाली और अन्य आधुनिक प्रौद्योगिकियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, गृह सचिव गोविंद मोहन, आसूचना ब्यूरो (आईबी) प्रमुख तपन कुमार डेका और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक जीपी सिंह के अलावा अन्य वरिष्ठ सुरक्षा और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। हिमालय पर्वतमाला में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 57 दिन की तीर्थयात्रा के लिए भारी सुरक्षा इंतजाम की जरूरत होती है, जिसमें केंद्र और जम्मू-कश्मीर की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करेंगे। शाह ने निर्देश दिया कि यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और जानवरों का पंजीकरण किया जाए।

## संक्षेप

### तस्करी में शामिल दो गिरोहों का भंडाफोड़

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने हथियार तस्करी में शामिल दो अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करके छह कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से 26 अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, आठ कारतूस और हथियारों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने में इस्तेमाल किए गए तीन वाहन बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी एक गिरोह का हिस्सा थे जो मध्य प्रदेश स्थित आपूर्तिकर्ताओं से अवैध हथियार खरीदते थे और उन्हें दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय अपराधियों और गिरोह के सदस्यों को बेचते थे। विशेष प्रकोष्ठ में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नारा चैतन्य ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरोह के माध्यम से प्राप्त हथियार मंजीत महल, गोगी और रणदीप भाटी गिरोह के सदस्यों और सहयोगियों को दिए जाने थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान रवि कुमार (38), सुनील तंवर (33), योगेश (32), रजत उर्फ रज्जू (27), सौरभ (27) और निखिल (21) के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम कई महीनों से मध्य प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर के बीच सक्रिय हथियार तस्करों पर नज़र रख रही थी।

# भारत 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना : सम्राट चौधरी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए दावा किया कि मोदी के कार्यकाल में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकरै चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। चौधरी ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोगों ने हर महत्वपूर्ण अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गहरा विश्वास जताया है।

उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में नोटबंदी की घोषणा की थी, तब पूरा देश उनके साथ खड़ा था। कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों ने महीनों तक लॉकडाउन का पालन किया और उनकी सलाह मानी। अब पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न वैश्विक संकट के बीच भी लोगों को विश्वास है कि मोदी देश को इस स्थिति से बाहर निकालने में सक्षम हैं। करीब दो महीने पहले बिहार के मुख्यमंत्री बने चौधरी ने प्रधानमंत्री को देश की सबसे लंबी अवधि तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में जनता की सेवा करने



की उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, नया भारत वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था सेै चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक ऐसी पार्टी है, जो अपने संकल्पों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे वादे पूरे किए गए हैं तथा जनता ने हर महत्वपूर्ण अवसर पर मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का एक महत्वाकांक्षी खाका है। उन्होंने कहा, इसी प्रकार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार विकसित बिहार के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता के पथ पर और आगे बढ़ेगा तथा विकसित बिहार 2047 के संकल्प को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने सभी औद्योगिक एवं निवेश संबंधी स्वीकृतियां 30 दिनों के भीतर देने को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को भरोसा है कि इस वर्ष 20 नवंबर तक राज्य में पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

# कंप्रोमाइज्ड पीएम भारत माता के बेटों की रक्षा नहीं कर सकते : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक वाणिज्यिक जहाज पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नागरिकों की मौत की घटना को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि कंप्रोमाइज्ड पीएम भारत माता के बेटों की रक्षा नहीं कर सकते क्योंकि इन बेटों की जान लेने वालों को नाराज करने की इनमें न हिम्मत है, न ताकत।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में, इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, अन्तरराष्ट्रीय जल (क्षेत्र) में तीन दिन में तीन जहाजों पर अमेरिकी हमलों में तीन भारतीयों की मृत्यु हो गई। और हमारे कंप्रोमाइज्ड (दबाव में आ चुके) पीएम... एक शब्द तक नहीं कहा। जब कोई विदेशी ताकत किसी भारतीय की हत्या करे, तो प्रधानमंत्री को बोलना पड़ता है। लेकिन मजाल है जो ये एक शब्द बोल जाएं। राहुल ने कहा, अगले हफ्ते जी 7 में, हमारे नाविकों की हत्या के बस चंद दिनों बाद, मोदी जी मुस्कुराएंगे, गले मिलेंगे और समझौते करेंगे मगर, उन तीन भारतीयों के लिए उनके पास एक शब्द भी नहीं होगा। कांग्रेस नेता ने कहा, कंप्रोमाइज्ड पीएम (प्रधानमंत्री) भारत माता के बेटों की रक्षा नहीं कर सकते, क्योंकि जिन्होंने उन बेटों की जान ली उन्हें नाराज करने की इनमें न हिम्मत है, न ताकत। कांग्रेस ने अमेरिका की लापरवाही भरी सैन्य कार्वाइयों की बृहस्पतिवार को निंदा की थी, और सरकार से इस मामले में जवाबदेही तय करने के लिए राजनयिक कदम उठाने की मांग की। विपक्ष दल ने कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी व्यक्तिगत घनिष्ठता को बार-बार एक कूटनीतिक उपलब्धि के रूप में प्रदर्शित करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते, जब यह संबंध भारतीय नागरिकों के जीवन और हितों की रक्षा करने में विफल हो जाए।

# जहाजों पर हमला : भारत ने अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब किया

नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी जेसन मीक्स को तलब किया और उन्हें बताया कि ओमान के तट के निकट भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी सेना के घातक और जानलेवा हमले अस्वीकार्य हैं।

सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अमेरिकी कार्रवाई में एक टैंकर के भारतीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में तलब किया गया और उन्हें अमेरिका की सैन्य कार्वाई को लेकर भारत की कड़ी आपत्ति से अवगत कराया गया। मीक्स को बुधवार की रात भी तलब किया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले तीन वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी नौसेना के हमलों को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। मंत्रालय ने कहा कि उसने एक बार फिर जहाजों पर घातक बल प्रयोग को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। ऐसे कदम अस्वीकार्य हैं और एक संवेदनशील क्षेत्र में इस मुश्किल



समय पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी से अनुरोध किया गया कि वह भारत की चिंताओं को अपने अधिकारियों तक पहुंचाएं और यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैन्य बल नागरिकों के जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि इस सप्ताह ओमान तट के निकट तीन वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी सैन्य बलों के हमले में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। यह पहली बार था जब भारत ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि अमेरिकी नौसेना ने भारतीय चालक दल वाले जहाजों को निशाना बनाया था। भारत ने कहा था कि ये हमले तुरंत रुकने चाहिए। पलाउ के ध्वज वाले तेल टैंकर मैरीवेक्स को आठ जून को अमेरिकी सुरक्षा बलों द्वारा निशाना बनाया गया। इसमें 24 भारतीय नाविक सवार थे। चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। अमेरिका ने 10 जून को पलाउ ध्वज वाले एक अन्य टैंकर सेटेबेलो पर हमला किया था, जिसमें जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी। बृहस्पतिवार को 20 भारतीय को ले जा रहे गिनी-बिसाऊके ध्वज वाले जहाज जलवीर पर अमेरिकी नौसेना द्वारा हमला किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सेटेबेलो, मैरीवेक्स और जलवीर पर हमले अमेरिकी नौसेना की ओर से किए गए थे।

## इंटरटेनमेंट...

# मूवी रिव्यू : 'मैं वापस आऊंगा' कुछ सवाल भी छोड़ जाती है

**मुंबई।** इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इम्तियाज अली जब भी फिल्म बनाते हैं तो कहानी सिर्फ कहानी नहीं रहती, एक एहसास बन जाती है। 'मैं वापस आऊंगा' भी उसी तरह की फिल्म है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार उनकी प्रेम कहानी किसी पहाड़, शहर या सफर के

**❍ प्यार, बंटवारा और 78 साल का इंतजार इम्तियाज अली की फिल्म इमोशनल करती है**

बीच नहीं, बल्कि भारत पाकिस्तान बंटवारे की त्रासदी के बीच जन्म लेती है। यह फिल्म प्रेम की बात करती है, लेकिन सिर्फ प्रेम की नहीं। यह उन यादों की भी बात करती है जो उम्र के आखिरी पड़ाव तक इंसान का पीछा नहीं छोड़तीं। यह उन लोगों की कहानी है जिन्होंने अपना घर खोया, अपना शहर खोया और कई मामलों में अपना प्यार भी खो दिया। फिल्म की कहानी फिल्म की शुरूआत 95 साल के ईशर सिंह ग्रेवाल (नसीरुद्दीन शाह) से होती है। उम्र और बीमारी ने उनके शरीर को कमजोर कर दिया है, लेकिन एक जिद अब भी बाकी है। वह पाकिस्तान के




सरगोधा वापस जाना चाहते हैं। उनके पोते निर्वैर (दिलजीत दोसांझ) को समझ नहीं आता कि आखिर दादा बार बार उसी जगह लौटने की बात क्यों करते हैं। धीरे धीरे कहानी अतीत की तरफ जाती है और सामने आती है ईशर और जिया की प्रेम कहानी। युवा ईशर के किरदार में वेदांग रैना हैं और जिया के रोल में शरवरी।

दोनों की दुनिया में प्रेम है, सपने हैं और साथ जीने की उम्मीद है। फिर बंटवारा होता है और सब कुछ बदल जाता है। फिल्म की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह बंटवारे को राजनीतिक घटना की तरह नहीं, बल्कि आम लोगों के दर्द की तरह दिखाती है। हालांकि पहला हिस्सा कहानी को स्थापित करने में थोड़ा ज्यादा समय लेता है।

कई बार लगता है कि फिल्म अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए जरूरत से ज्यादा घूम रही है। लेकिन दूसरे हिस्से में कहानी भावनात्मक तौर पर मजबूत होती जाती है और अंत तक आते आते असर छोड़ती है। फिल्म में एक्टिंग अगर इस फिल्म का सबसे मजबूत स्तंभ चुनना हो तो वह नसीरुद्दीन शाह हैं। उन्होंने ईशर सिंह के किरदार को निभाया नहीं, जिया है। भूलती हुई यादें, अधूरी बातें, खोया हुआ प्यार और आखिरी बार अतीत को छू लेने की बेचैनी, सब कुछ उनके चेहरे पर दिखाई देता है। कई दृश्य ऐसे हैं जहां बिना संवाद बोले भी वह दर्शकों को भावुक कर देते हैं। वेदांग रैना ने भी शानदार काम किया है। उनके भीतर एक सच्चाई दिखाई देती है जो किरदार को विश्वसनीय बनाती है। यह उनके करियर की अब तक की सबसे मजबूत परफॉर्मेंस में गिनी जा सकती है। शरवरी स्क्रीन पर आते ही ध्यान खींचती हैं। उनके किरदार में मासूमियत भी है।

# स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणित मोरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के पूर्व कंटेस्टेंट और स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणित मोरे के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रणित के खिलाफ महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने यह एक्शन लिया है। दरअसल यह पूरा मामला गुरुग्राम में हुए उनके एक लाइव शो से जुड़ा है, जहां एक 22 साल के लड़के ने बातचीत के दौरान महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। पूरा विवाद प्रणित मोरे के गुरुग्राम में लाइव क्राउड-वर्क कॉमेडी शो के दौरान शुरू हुआ। शो में बातचीत के दौरान जांगड़ा ने एक डेटिंग अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने एक महिला पर करीब ?360झ ?370 की चिकन बिरयानी का खर्च किया था। उन्होंने यह भी कहा कि जब महिला ने उन्हें घर छोड़ने के लिए कहा, तो उन्हें अपने खर्च की भरपाई के रूप में फिजिकल इंटिमेसी की उम्मीद थी।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com